Discover your divinity with us
A/C Showroom
ज्ञान गंगा ॐ मूर्ति माला केन्द्र
उजाला भवन स्टेशन रोड, दुर्ग
0788-4030383, 3293199
भगवान के वस्त्र, श्रृंगार
मूर्तियां एवं समस्त
पूजन सामग्री
संगमरमर व पीतल की
मूर्तियां राशि रत्न
एवं उपरत्न उपलब्ध

राष्ट्र एवं राज्य के प्रगति पथ पर...

रायपुर, दुर्ग एवं जगदलपुर से प्रकाशित

# समय दर्शन

ESTD : Since 2011

संस्थापक : स्व. श्रीमती निलिमा खड़तकर

निष्पक्ष निर्भीक खबरों के साथ

श्री
दुर्ग शहर में
सुप्रसिद्ध
ज्योतिषाचार्य
पं. एम.पी. शर्मा/
मो. 8109922001
फीस 251/- मात्र
पता:- श्री दुर्गा ज्योतिष कार्यालय
सिकोला भाठा, सब्जी मार्केट के
सामने, धमधा नाका, दुर्ग

वर्ष 15, अंक 134 पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रूपये

दुर्ग, सोमवार 06 अप्रैल 2026

www.samaydarshan.in

## संक्षिप्त समाचार

### सीएम ममता बनर्जी के हेलीकॉप्टर के पास संदिग्ध ड्रोन उड़ाने मामले में तीन गिरफ्तार

**मालदा।** जिले के सामसी इलाके में तृणमूल सुप्रीमो ममता बनर्जी की चुनावी सभा के दौरान एक गंभीर सुरक्षा चूक का मामला सामने आया है। मुख्यमंत्री के हेलीकॉप्टर के सामने अचानक ड्रोन उड़ने से सभा स्थल पर हड़कंप मच गया। इस घटना में शामिल तीन युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, गिरफ्तार आरोपियों के नाम अंकित कुमार पासवान, श्रीकांत मंडल और नूर अख्तर है, जो बिहार के कटिहार जिले के निवासी बताए जा रहे है। बताया जा रहा है कि शनिवार को सभा खत्म होने के बाद जब मुख्यमंत्री हेलीकॉप्टर में सवार हो रही थी, तभी उनके बेहद करीब एक ड्रोन उड़ता हुआ देखा गया। इसे देखते ही मुख्यमंत्री नाराज़ हो गईं और तुरंत सुरक्षा कर्मियों को सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। इसके बाद पुलिस ने भीड़ में मौजूद तीन लोगों को ड्रोन के साथ हिरासत में लिया और बाद में उन्हें गिरफ्तार कर लिया। प्राथमिक जांच में सामने आया है कि आरोपित हरिश्चंद्रपुर में तृणमूल उम्मीदवार मोतिउर रहमान की चुनावी सभा में शामिल होने आए थे। हालांकि, इतने कड़े सुरक्षा घेरे के बावजूद उन्होंने किसकी अनुमति से और किस उद्देश्य से ड्रोन उड़ाया, इसकी जांच जारी है।

### सरकारी दवाओं की अवैध बिक्री का संगठित रैकेट ध्वस्त, 70 लाख रुपये की दवाएं बरामद

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने सरकारी अस्पतालों में मुफ्त वितरण के लिए भेजी जाने वाली दवाओं की अवैध सप्लाई और बिक्री करने वाले एक बड़े संगठित रैकेट का भंडाफोड़ किया है. कार्रवाई में करीब 70 लाख रुपये मूल्य की दवाएं बरामद की गई हैं और अब तक पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है. यह रैकेट पिछले डेढ़ साल से सक्रिय था और ब्रोकरों के नेटवर्क के जरिए कई शहरों में दवाओं की सप्लाई की जा रही थी. डीसीपी क्राइम-4 पंकज कुमार ने बताया की क्राइम ब्रांच की एनआर-2 टीम को एसआई प्रीतम चंद की ओर से विकसित की गई गुप्त सूचना के आधार पर इस पूरे नेटवर्क का पता चला. इसके बाद इंस्पेक्टर नीरज शर्मा के नेतृत्व में और एसीपी गिरीश कौशिक की निगरानी में एक विशेष टीम गठित की गई. 2 अप्रैल, 2026 को टीम ने तिस हजारी स्थित जय भारत ट्रांसपोर्ट, राजेंद्र मार्केट में छापा मारा. यहां तीन आरोपी नीरज कुमार, सुशील कुमार और लक्ष्मण मुखिया को एक टेंपो और कार में बड़ी मात्रा में दवाएं ले जाते हुए दबोच लिया गया. बरामद दवाओं पर सरकारी आपूर्ति – बिक्री के लिए नहीं अंकित था, जिससे स्पष्ट हुआ कि ये दवाएं सरकारी अस्पतालों से अवैध रूप से बाहर निकालकर बाजार में बेची जा रही थीं. पूछताछ में सामने आया कि मुख्य आरोपी नीरज कुमार सहारनपुर में आदित्य फार्मेसी के नाम से दवा का थोक कारोबार करता है और दिल्ली से अवैध रूप से दवाएं खरीदकर ब्रोकरों के जरिए अन्य शहरों में सप्लाई करता था. सुशील कुमार टैक्सी चालक के रूप में इन दवाओं के परिवहन में मदद करता था, जबकि लक्ष्मण मुखिया टेंपो के जरिए बड़ी खेप को ट्रांसपोर्ट हब तक पहुंचाता था.

बंगाल में बदलाव होगा, तृणमूल के पापों का घड़ा भर चुका है: मोदी

# इस राज्य में चुनाव के बाद चुन-चुनकर हिसाब करेंगे- पीएम मोदी

**कूचबिहार (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज बंगाल के कूचबिहार के ब्रिगेड ग्राउंड रैली में दावा किया कि बंगाल में बदलाव का माहौल बन चुका है। उन्होंने तृणमूल पर भ्रष्टाचार और भय की राजनीति का आरोप लगाया और भाजपा को भरोसे और विकास का विकल्प बताया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज पश्चिम कूचबिहार में चुनावी सभा में कहा कि राज्य में भ्रष्टाचार, घुसपैठ और महिलाओं के खिलाफ अत्याचार ने जनता को भय और असुरक्षा के माहौल में धकेल दिया है। पीएम ने कहा- टीएमसी के पापों का घड़ा भर चुका है और अब जनता बदलाव चाहती है। चुनाव के बाद भ्रष्टाचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी, चुन-चुनकर हिसाब लिया जाएगा और जनता का लूटा हुआ पैसा वापस कराया जाएगा। प्रधानमंत्री ने आरोप लगाया कि टीएमसी शासन में लोकतंत्र कमजोर हुआ है। संवैधानिक संस्थाओं की अनदेखी की जा रही है। उन्होंने संदेशखाली जैसी घटनाओं का जिक्र करते हुए महिलाओं की सुरक्षा को बड़ा मुद्दा बताया।



पीएम मोदी ने आगे कहा कि, एक ओर बंगाल में तृणमूल के करप्शन का भय है तो दूसरी तरफ विकास को रफ्तार देने वाली भाजपा का भरोसा है। एक और तृणमूल के घुसपैठ कराने का भय है तो दूसरी ओर घुसपैठियों को भगाने वाली भाजपा पर भरोसा है। एक ओर संदेशखाली जैसी बहनों की चीखें है तो दूसरी ओर नारी शक्ति को सुरक्षा और सशक्तिकरण की मोदी की गारंटी है। बंगाल एक समय भारत के सबसे बड़े विकसित राज्यों में से एक होता था। हर क्षेत्र में बंगाल आगे रखा था, लेकिन फिर बंगाल पर ग्रहण लग गया। पहले कांग्रेस का, फिर लेफ्ट का और अब टीएमसी का ग्रहण। तृणमूल के शासन काल में बंगाल की डेमोक्रेसी में भयंकर बदलाव आया है। इन घुसपैठियों को सीधा टीएमसी का समर्थन मिलता है। इसलिए भारत सरकार घुसपैठियों को पहचान कर उन्हें बाहर निकालने का काम कर रही है।

तृणमूल एसआईआर का विरोध करती है। सीएए को रद्द करने की धमकी दे रही हैं। इससे ये सरकार जिन हिंदुओं को नागरिकता मिली है, उनसे नागरिकता छीनेंगे और अवैध घुसपैठियों को नागरिकता देंगे। ऐसा इसलिए क्योंकि तृणमूल इनको अपना वोट बैंक मानती है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि तुष्टिकरण के इस खेल में बंगाल की महान पहचान को बदला जा रहा है। अभी तृणमूल ने अपना घोषणा पत्र जारी किया है, लेकिन उसका नाम उन्होंने बांग्ला भाषा में नहीं रखा, बल्कि उसे इश्तेहार कहा जा रहा है। सोचिए कि कैसे पश्चिम बंगाल की पहचान को बदल रहे हैं। आप जानते हैं कि इश्तेहार का इस्तेमाल बंगाल में किसलिए हुआ था। 1905 में मजहबी ताकतों ने बंगाल में लाल इश्तेहार जारी किया था। उसके बाद हिंदुओं का नरसंहार किया गया था। टीएमसी हमें उसी की याद दिलाना चाहती है। आपको भूलना नहीं है कि यहां निर्मम सरकार में खुलेआम धमकी दी जा रही है। ये खास मजहब के लोग बंगाल में हिंदुओं का रहना मुश्किल कर देंगे। पीएम मोदी ने कहा कि इस बार का चुनाव आपके बच्चों का भविष्य तय करने वाला है। इसलिए आप बच्चों के भविष्य के लिए वोट दीजिए। आप अपना वोट अपने परिवार के लिए दीजिए। बीजेपी को वोट देकर परिवर्तन पर मुहर लगाइए। मुझे चुनाव आयोग पर विश्वास है कि इस बार निष्पक्ष चुनाव होगा। आज कूच बिहार का किसानों के साथ भी अन्याय हो रहा है।

## अनिल अंबानी-जेफ्री एपस्टीन के बीच सैकड़ों ईमेल भेजे गए, दावा- एपस्टीन ने नीति-नियुक्तियों की जानकारी दी

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** कुख्यात यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन और भारतीय कारोबारी अनिल अंबानी के बीच 2017 से 2019 के दौरान सैकड़ों ईमेल और मैसेज में बातचीत हुई थी। सूत्रों ने हालिया जारी हुए दस्तावेजों के हवाले से ये जानकारी दी है। रिपोर्ट के मुताबिक, एपस्टीन ने अनिल के सामने खुद को व्हाइट हाउस का अंदरूनी सूत्र बताया और जब अनिल को आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ा तो बतौर दोस्त सलाह भी दी। रिपोर्ट के मुताबिक, डोनाल्ड ट्रंप जब पहली बार अमेरिकी राष्ट्रपति बने, तब अनिल यह समझना चाहते थे कि उनकी राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति में भारत की क्या जगह हो सकती है। इसी वजह से वे एपस्टीन के संपर्क में आए। अनिल ने एपस्टीन को लिखा, भारत के साथ संबंधों और रक्षा सहयोग के मामले में व्हाइट हाउस से बातचीत के लिए मुझे आपके मार्गदर्शन की जरूरत होगी। इस पर एपस्टीन ने कहा कि वे अनिल को अंदरूनी जानकारी उपलब्ध कराएगा। रिपोर्ट में कहा गया है कि एपस्टीन ने अनिल के साथ विदेश नीति और ट्रंप द्वारा की जाने वाली नियुक्तियों से जुड़ी ऐसी जानकारियां साझा कीं, जो सार्वजनिक होने से पहले ही उन्हें पता चल चुकी थीं। रिपोर्ट में कहा गया है, चाहे यह महज इत्तेफाक रहा हो या कुछ और, उनके संदेशों से यह संकेत मिलता है कि अनिल के सवालों के जवाब में व्हाइट हाउस को लेकर उन्होंने कुछ अज्ञात लोगों से सटीक जानकारी मांगी और प्रदान की।



## निर्वाचन आयोग यदि प्रत्याशियों पर निर्भर हो, तो निष्पक्ष चुनाव नहीं हो सकते: न्यायमूर्ति नागरत्ना

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट की न्यायाधीश न्यायमूर्ति बी. वी. नागरत्ना ने निर्वाचन आयोग को चुनावों को निष्पक्ष बनाए रखने वाली प्रमुख संस्था बताते हुए कहा कि यदि चुनाव संचालित करने वाले लोग उम्मीदवारों पर निर्भर हों, तो चुनावी प्रक्रिया की निष्पक्षता सुनिश्चित नहीं की जा सकती.

शीर्ष कोर्ट की न्यायाधीश ने पटना के चाणक्य राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय में राजेंद्र प्रसाद स्मृति व्याख्यान देते हुए मतदान प्रक्रिया की निगरानी करने वाली संस्थाओं की संरचनात्मक स्वतंत्रता को लेकर गंभीर चिंता जताई.

उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के 1995 के एक फैसले का हवाला देते हुए कहा, ''एक बार फिर यह संरचनात्मक चिंता है कि यदि चुनाव संचालित करने वाले, चुनाव लड़ने वालों पर निर्भर हों, तो प्रक्रिया की निष्पक्षता सुनिश्चित नहीं की जा सकती.''



कोर्ट ने 1995 के इस फैसले में निर्वाचन आयोग को एक अत्यंत महत्वपूर्ण संवैधानिक संस्था करार दिया था. न्यायमूर्ति नागरत्ना ने कहा कि चुनाव केवल समय-समय पर होने वाली घटनाएं नहीं हैं, बल्कि वे प्रक्रियाएं हैं जिनके माध्यम से सरकार का गठन होता है.

उन्होंने कहा, ''हमारी संवैधानिक लोकतांत्रिक व्यवस्था ने यह प्रदर्शित किया है कि समय पर चुनाव होने से सरकारों का सुचारू रूप से परिवर्तन संभव हुआ है. इस प्रक्रिया पर नियंत्रण, राजनीतिक प्रतिस्पर्धा की शर्तों पर नियंत्रण के समान है.''

उन्होंने कहा कि सत्ता केवल औपचारिक संस्थाओं के माध्यम से ही नहीं, बल्कि उन प्रक्रियाओं के जरिए भी संचालित होती है जो उन्हें बनाए रखती हैं, जैसे चुनाव, सार्वजनिक वित्त और विनियमन. न्यायमूर्ति नागरत्ना ने कहा कि सत्ता को नियंत्रित करने वाली संवैधानिक संरचना को इन 'चौथे स्तंभ' जैसी संस्थाओं पर भी ध्यान देना होगा. उन्होंने कहा कि ये संस्थाएं भले ही पारंपरिक तीन स्तंभों (विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका) में न आती हों, लेकिन संवैधानिक व्यवस्था बनाए रखने में अत्यंत महत्वपूर्ण हैं.

## पाकिस्तान से ड्रोन के जरिए आई 60 करोड़ रुपये की हेरोइन जब्त, 4 गिरफ्तार

**श्रीगंगानगर (एजेंसी)।** भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा पर सुरक्षा एजेंसियों ने बड़ी कार्रवाई करते हुए ड्रोन के जरिए भेजी गई 12 किलो हेरोइन की खेप बरामद की है. संयुक्त ऑपरेशन में सीआईडी, पुलिस और बीएसएफ की टीमों ने चार युवकों को मौके से गिरफ्तार किया, जो इस नशीले माल को उठाने पहुंचे थे.

जिला पुलिस अधीक्षक हरिशंकर ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर संयुक्त टीम ने समय रहते कार्रवाई कर इस बड़ी तस्करी को विफल किया है. चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर गहन पूछताछ की जा रही है. प्रारंभिक जांच में इनके तार अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क से जुड़े होने की संभावना सामने आई है. हम यह पता लगाने में जुटे हैं कि इस गिरोह के अन्य सदस्य कौन हैं. इनका नेटवर्क कहां तक फैला हुआ है. जल्द ही इस मामले में और बड़े खुलासे होने की उम्मीद है.

जानकारी के अनुसार, सुरक्षा एजेंसियों को पहले से गुप्त सूचना मिली थी कि पाकिस्तानी तस्कर ड्रोन के माध्यम से हेरोइन की खेप भारतीय क्षेत्र में गिराने वाले हैं. इसके बाद तुरंत बॉर्डर क्षेत्र में ब्लॉकेड लगाकर सर्च ऑपरेशन शुरू किया गया. देर रात ड्रोन की आवाज सुनाई दी और कुछ ही देर बाद पैकेट्स गिरते देखे गए.

## असम के हिमंत बिस्वा सबसे भ्रष्ट मुख्यमंत्री, सत्ता में आते ही जेल भेजेंगे-राहुल गांधी

**बिश्वनाथ चारियाली।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने आज चुनावी राज्य असम के बिश्वनाथ चारियाली में एक सभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा पर खूब निशाना साधा। उन्होंने कहा, असम के हिमंत भारत के सबसे भ्रष्ट मुख्यमंत्री हैं, वे सिर्फ नफरत फैलाते हैं। कांग्रेस के सत्ता में आने पर उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। हिमंत को माफी मांगने पर भी नहीं बख्शा जाएगा। सत्ता में आते ही उन्हें जेल भेजेंगे। राहुल ने कहा, मुख्यमंत्री की बयानबाजी हताशा की प्रतीक है, क्योंकि उन्हें अपनी हार और भविष्य का डर है।

तृणमूल कांग्रेस के उम्मीदवार के रूप में चुनाव मैदान में

# समय के साथ करोड़पति मंत्री मलय घटक और उनकी पत्नी की आय में होती रही बढ़ोतरी

**आसनसोल (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल की राजनीति में एक चर्चित नाम हैं, जो राज्य के श्रम एवं कानून मंत्री के रूप में जिम्मेदारी निभा रहे हैं। आसनसोल नॉर्थ विधानसभा सीट से वे लगातार तीन बार विधायक चुने जा चुके हैं और इस बार भी तृणमूल कांग्रेस के उम्मीदवार के रूप में चुनाव मैदान में हैं। उनके साथ उनकी पत्नी की आर्थिक स्थिति भी चर्चा का विषय बनी हुई है, क्योंकि दोनों ही करोड़पति श्रेणी में आते हैं। नामांकन के दौरान दाखिल हलफनामे में उनकी आय और संपत्ति का विस्तृत ब्यौरा सामने आया है, जिससे उनके आर्थिक प्रोफाइल की स्पष्ट तस्वीर मिलती है। वर्ष 2024-25 के दौरान मलय घटक की वार्षिक आय 11 लाख 29 हजार 800 रुपये दर्ज की गई, जबकि उनकी पत्नी सुदेशना घटक की आय इससे काफी अधिक 51 लाख 88 हजार 130 रुपये रही। यह अंतर विशेष रूप से ध्यान खींचता है, क्योंकि पिछले वर्षों के आंकड़ों की तुलना में उनकी पत्नी की आय में उल्लेखनीय वृद्धि देखने को मिलती है। अगर पिछले वर्षों पर नजर डालें तो वर्ष 2015-16 से 2019-20 के बीच मलय घटक की कुल आय साढ़े 33 हजार रुपये रही, जबकि इसी अवधि में उनकी पत्नी की कुल आय 35 लाख रुपये से अधिक दर्ज की गई। इसके बाद वर्ष 2020-21 से 2024-25 तक की अवधि में मलय घटक की कुल आय बढ़कर 63 लाख 24 हजार 960 रुपये हो गई, वहीं सुदेशना घटक की कुल आय 73 लाख 49 हजार 810 रुपये तक पहुंच गई। इन आंकड़ों से साफ है कि दोनों की आय में समय के साथ वृद्धि हुई है, लेकिन सुदेशना घटक की आय में तेजी अधिक रही। हलफनामे में यह भी उल्लेख किया गया है कि वर्ष 2020-21 से 2023-24 तक सुदेशना घटक की सालाना आय क्रमशः लगभग 6.01 लाख, 4.01 लाख, 4.5 लाख और 7.03 लाख रुपये के आसपास रही, लेकिन वर्ष 2024-25 में यह अचानक बढ़कर 51.8 लाख रुपये हो गई। यह उछाल उनके आय स्त्रोतों को लेकर चर्चा का विषय बन गया है। संपत्ति के मामले में भी दोनों की स्थिति मजबूत है। मलय घटक के पास एक करोड़ 39 लाख 30 हजार 555 रुपये की चल संपत्ति और लगभग 82 लाख रुपये की अचल संपत्ति है। हालांकि उन पर करीब 28 लाख 81 हजार रुपये का कर्ज भी दर्ज है। दूसरी ओर, उनकी पत्नी सुदेशना घटक के पास एक करोड़ 30 लाख 75 हजार 823 रुपये की चल संपत्ति और एक करोड़ 30 लाख 50 हजार रुपये की अचल संपत्ति है, जबकि उन पर 84 लाख 22 हजार 887 रुपये का कर्ज है। शैक्षणिक योग्यता की बात करें तो मलय घटक ने वर्ष 1982 में एलएलबी की डिग्री हासिल की थी। वहीं हलफनामे के अनुसार, उनके खिलाफ किसी भी प्रकार का आपराधिक मामला दर्ज नहीं है, जो उनके राजनीतिक प्रोफाइल का एक सकारात्मक पहलू माना जा सकता है।



संजय जोशी जी
को जन्मदिन
की हार्दिक
शुभकामनाएं








विनीत
लोकमान्य तिलक मिशन
(राष्ट्र के निर्माण मे समर्पित संस्था)
प्रदीप जोशी, दीपक खडतकर, आशीष निमजे,
प्रशांत कानसकर, अनिल शर्मा

# मनीष साहू को पुन: मिली बड़ी जिम्मेदारी, साहू समाज आई. टी. सेल प्रकोष्ठ में बने प्रदेश प्रभारी महामंत्री

### प्रदेश संयोजक द्वारिका साहू ने किया कार्यकारिणी विस्तार, पहली सूची में 17 पदाधिकारियों को जिम्मेदारी

**बलौदा बाजार ( समय दर्शन )।** छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ (आई.टी. सेल प्रकोष्ठ) द्वारा श्री मनीष कुमार साहू को पुन: महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपते हुए प्रदेश प्रभारी महामंत्री के पद पर व अन्य 16 पदाधिकारियों की नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के अध्यक्ष डॉ. नीरेन्द्र साहू, आई.टी. सेल प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक श्री द्वारिका साहू तथा प्रदेश पदाधिकारियों की सहमति एवं अनुमोदन से की गई है। श्री मनीष साहू वर्तमान में अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा में राष्ट्रीय युवा संगठन सचिव के रूप में छत्तीसगढ़ एवं उड़ीसा राज्य की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। इससे पूर्व भी वे आई.टी. सेल प्रकोष्ठ में प्रदेश प्रभारी महामंत्री, युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष, मीडिया प्रभारी सहित कई महत्वपूर्ण दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन कर चुके हैं। साथ ही, वे कसडोल विधायक एवं तेलघानी विकास बोर्ड के प्रथम अध्यक्ष (राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त) श्री संदीप साहू के निज सचिव के रूप में भी




अपनी सेवाएँ दे चुके हैं। वर्तमान में वे आकाशवाणी रायपुर से जुड़े हुए हैं। अपने विभिन्न दायित्वों के दौरान श्री साहू ने संगठन को मजबूत बनाने, जनसंपर्क को विस्तार देने तथा तकनीकी नवाचार को बढ़ावा देने में उल्लेखनीय योगदान दिया है।

मीडिया से बातचीत में श्री मनीष कुमार साहू ने भावुकता व्यक्त करते हुए कहा कि धमतरी जिले के छोटे से ग्राम कपालफोड़ी से निकलकर एक सामान्य कार्यकर्ता के रूप में उन्हें पुन: यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलना उनके लिए गर्व और सम्मान का विषय है। उन्होंने समाज के शीर्ष नेतृत्व, वरिष्ठजनों एवं सभी शुभचिंतकों के प्रति आभार प्रकट किया साथ ही सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई व शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि माता कर्मा, माता राजिम, अपने माता-पिता, गुरुजनों एवं समाज के आशीर्वाद से मिली यह जिम्मेदारी उन्हें और अधिक समर्पण एवं ऊर्जा के साथ समाज सेवा करने की प्रेरणा देती है।

## खबर-खास

### जनपद पंचायत बिलाईगढ़ के लिए विधायक श्रीमती कविता प्राण लहरें के प्रतिनिधि बने संजय साहू



**बिलाईगढ़( समय दर्शन )।** बिलाईगढ़ विधानसभा के ग्राम पंचायत मोहतरा (न) के रहने वाले श्री संजय साहू को बिलाईगढ़ विधानसभा के विधायक श्रीमती कविता प्राण लहरें जी द्वारा जनपद पंचायत बिलाईगढ़ ज़िला सारंगढ़ बिलाईगढ़ के लिए अपना प्रतिनिधि नियुक्त किया गया है। इस संबंध में नियुक्ति पत्र जारी करते हुए उन्हें जनपद पंचायत की सामान्य सभाओं, सम्मेलनों एवं पंचायतों में हो रहे कार्यों की समीक्षा हेतु विधायक के प्रतिनिधित्व करने हेतु नामांकित किया गया है। इस नियुक्ति पर कांग्रेस नेताओं, ग्राम पंचायतों के सरपंचों एवं साहू समाज के पदाधिकारियों ने खुशी जताया और संजय साहू को बधाई और शुभकामनाएं दी। बता दें कि संजय साहू लंबे समय से कांग्रेस पार्टी के कर्मठ कार्यकर्ता, युवा कांग्रेस में जिला महासचिव एवं युवा कांग्रेस बिलाईगढ़ विधानसभा के प्रभारी के रूप में कार्य कर कर चुके हैं संजय साहू अपने समाज में भी विभिन्न पदों में रहकर समाज सेवा कार्य कर चुके हैं, वे वर्तमान में ब्लॉक कांग्रेस सरसीवा के उपाध्यक्ष एवं साहू समाज में परिक्षेत्र अध्यक्ष के पद पर कार्य कर रहे हैं। सक्रिय संगठनात्मक भूमिका, सामाजिक सेवा और क्षेत्रीय जनहित कार्यों के प्रति हमेशा अग्रणी रहे हैं

उनके यही कार्यों को देखते हुए उन्हें विधायक प्रतिनिधि नियुक्त किया गया है।

### नुमान जयंती पर नारी शक्ति विकास संस्था ने किया प्रसाद वितरण, की सुख-समृद्धि की कामना



**सारंगढ़( समय दर्शन )।** हनुमान जयंती के पावन अवसर पर नारी शक्ति विकास संस्था प्रतापगंज द्वारा विभिन्न स्थानों पर धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन कर पूजा-अर्चना एवं प्रसाद वितरण किया गया।गढ़ चौक स्थित हनुमान मंदिर में संस्था की अध्यक्ष रेवती जांगड़े के नेतृत्व में 10 किलो बूंदी, 5 दर्जन केले और 10 नारियल का प्रसाद अर्पित किया गया। इस दौरान उन्होंने भगवान श्रीराम के परम भक्त हनुमान जी से संस्था एवं क्षेत्र की जनता के सुख-समृद्धि और कुशल मंगल की कामना की।इसी क्रम में संस्था की सदस्य चन्देश्वरी वारे ने अपने गांव कोतमरा में स्थित हनुमान चबूतरा पर पूजा-अर्चना कर खीर-पूड़ी एवं नारियल का प्रसाद वितरण किया।वहीं संस्था की सदस्य रत्ना, पुष्पा, राजकुमारी, रोशनी एवं सरस्वती द्वारा ग्राम रेड़ा मेन रोड किनारे स्थित हनुमान चबूतरा में विधिवत पूजा कर गांव के बच्चों, ग्रामीणों एवं श्रमिकों के बीच खीर-पूड़ी और नारियल का वितरण किया गया। साथ ही सियान सदन मे भी जाकर सभी वृद्धिजनों को फल वितरण किया गया संस्था की अध्यक्ष रेवती जांगड़े ने सभी स्थानों पर आयोजित कार्यक्रमों में शामिल होकर सदस्यों का उत्साहवर्धन किया और इस धार्मिक आयोजन को सफल बनाने के लिए सभी का आभार व्यक्त किया।

### प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कनकबिरा अन्तर्गत आयुष्मान आरोग्य मंदिर सालर का राष्ट्रीय मूल्यांकन किया जाना है

**सारँगढ बिलाईगढ़ ( समय दर्शन )।** राष्ट्रीय गुणवत्ता एश्योरेंस मानक), स्वास्थ्य केन्द्रों में दी जाने वाली सेवाओं और सुविधाओं का राष्ट्रीय स्तर के मानक का मूल्यांकन किया जाना है । कलेक्टर डॉ संजय कुमार कन्नौजे ने जिले के स्वास्थ्य केन्द्रों को राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप उन्नयन करने के निर्देश दिए हैं । मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एफ आर निराला ने लगातार पिछले कुछ सालो से जिले के स्वास्थ्य केन्द्रों में कार्यरत अधिकारियों और कर्मचारियों को हृन्नर्स अनुरूप प्रशिक्षण आयोजित कर तैयारी कराएं हैं । डॉ आर एल सिदार जी खण्ड चिकित्सा अधिकारी के नेतृत्व में एवं जिला सलाहकार श्री कृष्ण पुरी गोस्वामी व श्री अरुन कुमार नायक प्रभारी चिकित्सा अधिकारी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कनकबीरा के निगरानी में स्वास्थ्य संस्थानों का हृन्नर्स अनुरूप उन्नयन का कार्य चल रहा है ।प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कनकबीरा के अंतर्गत आयुष्मान आरोग्य मंदिर सालर का कार्य पूर्ण होने पर हृन्नर्स मूल्यांकन हेतु ऑनलाइन आवेदन किया गया । स्वास्थ्य मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा नामित राष्ट्रीय मूल्यांकन कर्ता डॉ केएच गोपेश्वर सिंह एवं डॉ आशीष ठाकुर के द्वारा 7 अप्रैल 2026 को आयुष्मान आरोग्य मंदिर सालर का वर्चुअल जांच किया जाना है ।

## सक्ती जिले में आम आदमी पार्टी को बड़ा झटका जिला उपाध्यक्ष प्रकाश कमल ने दिया इस्तीफा

**सक्ति ( समय दर्शन )।** छत्तीसगढ़ के सक्ती जिले में आम आदमी पार्टी (क्क) को उस समय बड़ा राजनीतिक झटका लगा, जब पार्टी के जिला उपाध्यक्ष प्रकाश कमल ने अपने पद सहित प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। उनके इस फैसले से स्थानीय राजनीतिक माहौल में हलचल तेज हो गई है और इसे लेकर विभिन्न तरह की चर्चाएं शुरू हो गई हैं।



प्रकाश कमल ने अपना इस्तीफा आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष को सौंपते हुए स्पष्ट किया कि वे निजी कारणों के चलते पार्टी के सभी दायित्वों से स्वयं को मुक्त कर रहे हैं। अपने इस्तीफे में उन्होंने पार्टी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए लिखा कि आम आदमी पार्टी ने हमेशा उन्हें आगे बढ़ने का अवसर प्रदान किया और क्षेत्र में उन्हें जो भी सम्मान मिला, वह पार्टी की ही देन है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि पार्टी के साथ काम करते हुए उन्हें संगठनात्मक अनुभव प्राप्त हुआ और जनसेवा का अवसर मिला, जिसके लिए वे सदैव आभारी रहेंगे। हालांकि उन्होंने अपने इस्तीफे के पीछे के निजी कारणों का विस्तार से खुलासा नहीं किया, जिससे उनके इस कदम को लेकर अटकलों का दौर जारी है।

प्रकाश कमल सक्ती जिले में आम आदमी पार्टी के सक्रिय और समर्पित कार्यकर्ताओं में गिने जाते थे। संगठन को मजबूत करने, स्थानीय मुद्दों को उठाने और जनसंपर्क बढ़ाने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उनके नेतृत्व में पार्टी ने कई सामाजिक और राजनीतिक गतिविधियों में भागीदारी दर्ज कराई थी। उनके अचानक इस्तीफे से पार्टी कार्यकर्ताओं में आश्चर्य और निराशा का माहौल है। वहीं, राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि यह इस्तीफा आने वाले समय में जिले की राजनीतिक समीकरणों को प्रभावित कर सकता है। फिलहाल पार्टी की ओर से इस मामले में कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है, लेकिन सूत्रों के अनुसार संगठन स्तर पर स्थिति की समीक्षा की जा रही है।

## हनुमान मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा, 55 गांवों के किसानों ने दिखाई ताकत



**खैरागढ़ ( समय दर्शन )।** छुईखदान के विचारपुर, पंडरिया भाठा में गुरुवार का दिन इतिहास में दर्ज हो गया। छुईखदान के विचारपुर-पंडरिया भाठा में हनुमान संकट मोचन दक्षिणमुखी मंदिर की भव्य प्राण प्रतिष्ठा ने न केवल धार्मिक वातावरण को दिव्यता से भर दिया, बल्कि 55 गांवों के किसानों की सामूहिक शक्ति और संकल्प को भी नई पहचान दी।

सुबह की पहली किरण के साथ श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। भगवान हनुमान की करीब 5 फीट ऊंची और 7 म्टिल वजनी प्रतिमा को ओटेबंद से बाजे-गाजे और जयकारों के बीच पंडरिया लाया गया। करीब डेढ़ किलोमीटर लंबी कलश यात्रा में 1500 से अधिक महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में सिर पर कलश लेकर शामिल हुईं। मुख्य यजमान गिरवर जंघेल, लुकेश्वरी जंघेल और वीरेंद्र जंघेल ने क्रेन की मदद से प्रतिमा को गर्भगृह में स्थापित किया और वैदिक रीति से प्राण प्रतिष्ठा संपन्न कराई। यह क्षण भाव-विभोर कर देने वाला था।

प्राण प्रतिष्ठा के बाद किसान महापंचायत हुई, जिसमें करीब 10 हजार लोग मौजूद रहे। इनमें करीब आधी संख्या महिलाएं थीं। महापंचायत में तीन अहम फैसले लिए गए किसान किसी भी धमकी या दबाव के आगे नहीं झुकेंगे, प्रस्तावित श्री सीमेंट फैक्ट्री रद्द नहीं होने तक आंदोलन जारी रहेगा, और पोला तिहार पर अगली महापंचायत तथा पारंपरिक बैल दौड़ और गेड़ी दौड़ आयोजित की जाएगी।

किसान अधिकार संघर्ष समिति के संरक्षक गिरवर जंघेल ने बताया कि साहू, लोधी, यादव, निषाद, सतनामी, आदिवासी समेत विभिन्न समाजों ने इसमें भाग लिया। समाज और जनप्रतिनिधियों की सक्रिय उपस्थिति ने संदेश दिया कि यह आंदोलन पूरे क्षेत्र की सामूहिक आवाज है।

अध्यक्ष लुकेश्वरी जंघेल ने कहा, यह मंदिर अब केवल पूजा का स्थल नहीं, बल्कि किसानों के संघर्ष और जल, जंगल, जमीन की रक्षा का प्रतीक बन चुका है।

सरकारी जमीन पर मंदिर निर्माण को लेकर विवाद के बावजूद किसानों ने दृढ़ संकल्प दिखाया। पटवारी ने मौके का निरीक्षण किया, लेकिन हजारों की उपस्थिति में यह आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम में किसान अधिकार संघर्ष समिति के संरक्षक गिरवर जंघेल, मोतीलाल जंघेल, अध्यक्ष लुकेश्वरी जंघेल, संयोजक सुधीर गोलछा, सचिव प्रियंका जंघेल सहित 25 से अधिक सरपंच और उनके प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

आज यह स्थल केवल मंदिर नहीं, बल्कि आस्था, संघर्ष और एकता का जीवंत प्रतीक बन चुका है। संयोजक सुधीर गोलछा ने कहा कि महापंचायत में गूंजे संकल्प की आवाज अब दूर तक सुनाई दे रही है।

## अवैध प्लाटिंग मे लगाम नहीं, भू माफियाओ पर राजस्व विभाग महेरबान

### कार्यवाही के नाम पर खाना पूर्ति, नगर पालिका को हो रहा करोड़ो का नुकसान

**गरियाबंद( समय दर्शन )।** नगर पालिका क्षेत्र सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में अवैध प्लॉटिंग और अवैध कॉलोनियों के निर्माण का मामला लगातार सुर्खियों में है। जिला प्रशासन की ओर से कार्यवाही के नाम पर केवल वसूली और नोटिस जारी कर इति श्री कर लिया गया । वंही पटवारियों को एक एक हजार का जुर्माना कर बरी कर दिया गया, लाखों के खेल मे एक हजार का जुर्माना हास्यास्पद है। बावजूद इसके जमीनी स्तर पर अवैध प्लॉटिंग व निर्माण का खेल थमता नजर नहीं आ रहा है। पालिका और उससे लगे पंचायत क्षेत्रों में जिला बनने के बाद से बीते 10 से 15 वर्षों मे बगैर एनओसी के डायवर्जन के कॉलोनियां विकसित होने का सिलसिला बदस्तूर जारी है । जिसके चलते सरकार को हो रहा लाखो का नुकसान। टाउन एंड कंट्री प्लानिंग के नियमों को दरकिनार कर कई स्थानों पर तेजी से अवैध निर्माण और प्लाटिंग का कार्य चल रहा है। शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में कॉलोनाइजर एक्ट का पालन नहीं किया जा रहा है,और न ही रेरा से परमिशन ली जा रही है, जबकि खेतों की जमीन तक को काटकर अवैध रूप से प्लॉट बनाए जा रहे हैं साथ ही धड़ले से मकान बनते जा रहे हैं। हैरानी की बात यह है कि इन भूमाफियाओं पर कार्रवाई के बजाय संबंधित अधिकारी चुप्पी साधे हुए।



जानकारी के अनुसार वार्ड नंबर 8 वार्ड नंबर 7, सिटी रेसीडेंसी सहित वार्ड 11, छीन तालाब के सामने, रावणभाठा, पारागांव रोड,शासकीय कॉलेज के पीछे, वंही ग्रामीण क्षेत्र कि बात करे तो आमदी, पारागांव, डोगरीगांव, भिलाई, केशोडार, कोकडी, मजर्कट्टा मे अवैध प्लॉटिंग का कारोबार तेजी से फैल रहा है। कृषि भूमि की खरीदी बिक्री धड़ल्ले से हो रही है और भूमाफिया किसानों से जमीन खरीदकर उसे छोटे-छोटे प्लॉट में काटकर बेच रहे हैं। वंही कई भूमि मे भूस्वामी हक कि भूमि को कुटरचाना कर बेचीं जा रही है

इन कॉलोनियों के लिए न तो नगर पालिका और न ही ग्राम पंचायत से विधिवत अनुमति ली जा रही है। इसके कारण विना किसी नियोजन के कॉलोनियां बस रही हैं, जो आने वाले समय में बड़ी समस्या का कारण बन सकती हैं।

इस पूरे मामले को लेकर समय-समय पर खबरें प्रकाशित होती रही हैं, लेकिन इसके बावजूद जिम्मेदार अधिकारियों की ओर से ठोस कार्रवाई नहीं हो सकी है। कई मामलों में केवल नोटिस जारी कर औपचारिकता पूरी कर दी जाती है, उसके बाद मामला ठंडे बस्ते में चला जाता है। इस पुरे खेल मे पटवारियों कि साठ गांठ से भी इंकार नहीं किया जा सकता।

स्थानीय लोगों का कहना है कि अगर प्रशासन चाहे तो अवैध प्लाटिंग पर तुरंत रोक लगा सकती है, लेकिन कार्रवाई के नाम पर केवल नोटिस जारी कर दिया जाता है। इसके बाद अधिकारी चुप्पी साध लेते हैं और कॉलोनी बनाने वालों के हौसले और भी बुलंद हो जाते हैं। ऐसे में लोगों के बीच यह चर्चा भी होने लगी है कि आखिर कार्रवाई से अधिकारी क्यों बच रहे हैं। यदि समय रहते सख्ती नहीं हुई तो नगर सहित आसपास के क्षेत्रों में अवैध कॉलोनियों बसती चली जायेगी. । जिसके चलते नगर पालिका कि आय मे भी बढ़ोतरी नहीं हो पा रही है। अवैध प्लाटिंग नगर पालिका के लिए भी अब सिरदर्द साबित हो रहा है।

### अवैध प्लाटिंग लोगो के साथ धोखा

वंही अपने मेहनत कि गाढ़ी कमाई लगाकर लोग अपना घर बनाने भूमी खरीदते है। जिस पर कॉलोनाइजर द्वारा हर् बात खरीदार को नहीं बताई जाती, भूमि का डायवर्सन,नगर पालिका कि अनुमति सहित कई पेंच फसे होते है छोटा प्लाट लेने वाला इतने सब के लफ्ड़े के बाद अपने आप को ठगा सा महसूस करता है।

नियमों के अनुसार कृषि भूमि पर सीधे प्लाटिंग करना प्रतिबंधित है। इसके लिए पहले भूमि का डायवर्सन कराना अनिवार्य होता है और कॉलोनाइजर एक्ट के तहत रेरा सहित ग्राम एवं नगर निवेश से अनुमति लेना पड़ता है। नियमों की खुलेआम अनदेखी की जा रही है। बिना अनुमति कृषि भूमी को प्लॉट में बदलकर बेचा जा रहा है, जिससे शासन को राजस्व का नुकसान भी हो रहा है।

## बिजली विभाग की कार्यप्रणाली से आमजनता त्रस्त घंटों रहती है व्यवस्था ठप



**बालोद ( समय दर्शन )।** रविवार को सुबह 7 से 8 बजे के मध्य गरज चमक के साथ काले बादल जमकर बरसने लगे जिसके कारण मौसम में नमी रही व 9 बजे के बाद बादल साफ होकर दोपहर तक तापमान 36 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया वहीं शाम को पुन: हल्के बादल छाए रहे । मौसम विभाग के अनुसार अभी कुछ दिनों तक मौसम में उतार चढ़ाव का दौर जारी रहेगा। सुबह बारिश के दौरान नगर के अधिकांश क्षेत्रों में लगभग डेढ़ घन्टे तक विद्युत व्यवस्था भी ठप रही। उल्लेखनीय है कि बेमौसम बारिश व अंधड़ ने आम फसल को ज्यादा प्रभावित किया है साथ ही चना गेहूं फसल को प्रभावित किया है । यद्यपि जिले के अधिकांश किसान चना व गेहूं फसल की कटाई कर चुके हैं परन्तु कुछ किसान नहीं कर पाए थे जिन्हें नुकसान उठाना पड़ सकता है। वर्तमान में जिले के कई धान खरीदी केन्द्रों में खुले आसमान के नीचे धान उठाव के इन्तजार में है व बारिश के कारण भीग गए यद्यपि बारिश के पश्चात धूप आ जाने से धान के बोरे सूख जाएंगे परन्तु नीचे जमीन में रखे धान के बारदरने ज्यादा समय तक गीले रहने से धान अंकुरित होकर खराब होने की स्थिति में सहकारी समितियों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है । ज्ञात हो कि रविवार को बारिश के दौरान मामूली गर्जना में भी जिला मुख्यालय में विद्युत बन्द कर दिया गया वहीं बारिश बन्द होने के बाद लगभग आधे घन्टे से अधिक समय तक बिना कारण बन्द रखा गया । इस दौरान उपभोक्ता विद्युत मण्डल के शिकायत नम्बर से सम्पर्क करने का प्रयास भी किए परन्तु विद्युत बन्द करने के साथ ही विभाग द्वारा शिकायत नम्बर को भी बन्द कर दिया जाता है ताकि उपभोक्ता परेशान रहे । ज्ञात हो कि ग्रीष्मकालीन धान फसल के लिए बेमौसम बारिश लाभदायक है परन्तु आम फसल प्रभावित होने से अचारी आम के दाम बढ़ जाएंगे क्योंकि बारिश व अंधड़ में आम समय से पहले ही गिर जाते हैं । रविवार कुछ समय की बारिश में नए बस स्टैण्ड के समीप नाली जाम रहने से गंदे पानी का भराव हो गया जिसके कारण कुछ समय तक पैदल राहगीरों की आवाजाही प्रभावित हुई।

## बुन्देलीकला कबड्डी प्रतियोगिता : भिलाई रही विजेता, डोंगरगढ़ की टीम बनी उपविजेता



**राजनांदगांव ( समय दर्शन )।** बुन्देलीकला ब्लॉक में एक दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व क्षेत्रीय जनपद सदस्य और सभापति ओमप्रकाश साहू उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में ग्राम सरपंच दधिबल वर्मा, होश साहू, अजय वर्मा और ग्रामवासी कार्यक्रम में शामिल हुए।

प्रतियोगिता में भिलाई की टीम विजेता बनी, जबकि डोंगरगढ़ की टीम उपविजेता रही। ओमप्रकाश साहू ने विजेता टीम को बधाई दी और कहा, लगातार मेहनत करने से सफलता जरूर मिलती है। जो टीम थोड़े अंकों से पीछे रही है, उसे निराश नहीं होना चाहिए, बल्कि और मेहनत करनी चाहिए और कमियों को दूर कर आगे बढ़ना चाहिए।

उन्होंने यह भी कहा कि खेल में हार और जीत तो लगी रहती है, लेकिन ग्राम बुन्देलीकला की टीमों और ग्रामवासियों के सहयोग से हर आयोजन सुंदर बनता है। समारोह में सरपंच दधिबल वर्मा और अन्य अतिथियों ने भी अपने विचार साझा किए। अंत में विजेता और उपविजेता टीमों को पुरस्कृत किया गया।

## आर्थिक मदद के नाम पर संगठित ठगी का पर्दाफाश, लाखों की धोखाधड़ी का मामला उजागर

### समाजवादी पार्टी ने उठाई आवाज, प्रशासन से एफआईआर और गिरफ्तारी की मांग

**राजनांदगांव( समय दर्शन )।** शहर में आर्थिक सहायता दिलाने के नाम पर संगठित ठगी का एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जिसमें आरोपियों द्वारा भोले-भाले लोगों को जाल में फंसाकर लाखों रुपए की धोखाधड़ी की गई है। पीड़ितों ने इस संबंध में समाजवादी पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डा. ओमप्रकाश साहू के साथ जिला पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, अशरफ सिद्दीकी पिता मोहम्मद बशीर सिद्दीकी एवं दाऊद सिद्दीकी पिता हनीफ सिद्दीकी द्वारा मानव मंदिर चौक स्थित श्री अम्बे मोबाईल दुकान में लोगों को ले जाकर आर्थिक मदद दिलाने का झांसा दिया जाता था। आरोपियों ने पीड़ितों से आधार कार्ड, पैन कार्ड



सहित अन्य दस्तावेज वेरिफिकेशन के नाम पर जमा कराए, उनकी फोटो खिंचवाई एवं अंगूठे लगवाए। इसके बाद आरोपियों ने पीड़ितों के नाम पर लोन स्वीकृत कराकर मोबाईल, वाशिंग मशीन, लैपटॉप एवं अन्य इलेक्ट्रॉनिक सामान खरीदे, जिसकी कुल कीमत लगभग 8 लाख रुपए से अधिक बताई जा रही है। आरोपियों द्वारा पीड़ितों को उनके ही पैसों में से थोड़ी राशि देकर मदद का दिखावा किया गया, जबकि असल में उनके नाम पर भारी कर्ज डाल दिया गया। इस मामले में एक आरोपी के पिता मोहम्मद बशीर सिद्दीकी, जो शहर के नामी वकील बताए जा रहे है, पर भी गंभीर आरोप लगे हैं। पीड़ितों का कहना है कि, जब वे पैसे वापस लेने के लिए उनके घर पहुंचे, तो उन्हें धमकाया गया और कहा गया कि, जहां शिकायत करनी है कर लो, बड़े नेताओं से संबंध हैं।

पीड़ितों ने यह भी दी कि अशरफ सिद्दीकी के मोबाईल नंबर में कुछ दिन तक ट्रू कॉलर में छत्तीसगढ़ शासन के नाम अंकित होता था। वहीं उन्होंने आरोप लगाया कि अशरफ सिद्दीकी और दाऊद सिद्दीकी के साथ कुछ फायनेंसर मिले हुए भी है। एक पीड़ित दुलेश्वर साहू ने बताया कि मेरे नाम से मोबाईल जिसकी कीमत 80 हजार रूपये बतायी गयी है, उसका फायनेंस फोटो मानव मंदिर चौक स्थित श्री अंबे मोबाईल का है और फायनेंस नंदई चौक स्थित क्रोमा से हुआ है। श्री साहू ने बताया कि उक्त मोबाईल मुझे नहीं मिला है। इसी प्रकार अन्य पीड़ितों ने बताया कि जो भी सामान फायनेंस हुआ है, वह उनको आज तक नहीं मिला है।

समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता डॉ. ओमप्रकाश साहू ने इस मामले को गंभीर बताते हुए कहा कि, यदि पीड़ितों या उनके परिजनों को किसी प्रकार की जनहानि होती है, तो इसकी पूर्ण जिम्मेदारी आरोपियों की होगी। उन्होंने प्रशासन से तत्काल एफआईआर दर्ज कर कठोर कार्रवाई की मांग की है।

ज्ञापन सौंपने के दौरान समाजवादी पार्टी के पूर्व प्रदेश सचिव एवं पूर्व जिला प्रभारी ईमानवेल सिंह, प्रदेश सचिव मोतीलाल यादव, पूर्व शहर अध्यक्ष ललित कुमार साहू, पूर्व शहर उपाध्यक्ष रवि ठाकुर सहित पीड़ितगण मनहरण साहू, अश्वनी सिंह, नारद साहू, भरत लाल तेली, टोमेन्द्र, दुलेश्वर साहू, चंद्रशेखर यादव, अतुल साहू एवं अन्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

पर्यावरण संरक्षण और संवर्धन के लिए लगाएं पौधे

# विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा परिवारों के लिए प्रत्येक माह लगाए मेडिकल कैंप - राज्यपाल श्री रमेन डेका



**रायपुर।** राज्यपाल श्री रमेन डेका ने रविवार को जिला पंचायत के सभाकक्ष में जिला स्तरीय अधिकारियों और जशपुर विकासखंड के अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण और संवर्धन के लिए अधिक से अधिक पेड़ लगाने के लिए प्रोत्साहित किए एक पेड़ मां के नाम अभियान का बेहतर क्रियान्वयन करने के निर्देश दिए हैं।

उन्होंने जिले के संभावित टीबी मरीजों की जानकारी ली और मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी को मरीजों का बेहतर इलाज करवाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं के स्तन कैंसर की भी विशेष जांच और इलाज की सुविधा उपलब्ध कराए जाए मरीजों को मेडिकल कॉलेज रायपुर अम्बिकापुर और एम्स रायपुर भेजकर ईलाज की सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।

राज्यपाल श्री रमेन डेका ने सिकल सेल बीमारी और रेड क्रॉस सोसायटी की गतिविधियों की भी जानकारी ली ?। उन्होंने कहा कि रेड क्रॉस सोसायटी विशेष पिछड़ी जनजाति बसाहटों और गांव गांव में स्वास्थ्य शिविर लगाने के निर्देश दिए हैं। इस अवसर पर कलेक्टर श्री रोहित व्यास वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ.लाल उमेद सिंह, जिला पंचायत सीईओ श्री अभिषेक कुमार, वनमंडला अधिकारी श्री शशि कुमार और जिला स्तरीय और विकास खंड अधिकारी उपस्थित थे।

उन्होंने विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा और बिरहोर परिवार के लिए प्रत्येक माह मेडिकल कैंप लगाकर स्वास्थ्य परीक्षण करने के लिए कहा है और उनके जीवन शैली में बदलाव लाने के लिए शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने के निर्देश दिए हैं।

उन्होंने विशेष पिछड़ी जनजाति बसाहटों में शाम के समय विभिन्न गतिविधियों में शामिल करके उनका बौद्धिक और कौशल विकास करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने जिले में नावाचार को भी बढ़ावा देने के लिए कहा है और संरक्षित जनजाति परिवारों के लिए पायलेट प्रोजेक्ट चालू करने के निर्देश दिए हैं। राज्यपाल श्री रमेन डेका ने बच्चों को नशापान से दूर रखने के लिए विशेष प्रयास करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने समीक्षा के दौरान जशपुर जिले की लखपति दीदी श्रीमती लालमणि प्रजापति को सम्मानित करने की बात कही उन्होंने कहा लखपति दीदी ने बढ़िया काम किया है उन्हें राजभवन में सम्मानित किया जाएगा। राज्यपाल श्री रमेन डेका ने जशपुर जिले के स्व सहायता समूह की महिलाओं का आत्मनिर्भर बनाने के लिए और हस्तकला में पारंगत बनाने के लिए समूहों की दीदियों को आसाम और उड़ीसा राज्य भेजने के निर्देश दिए है ? ताकि समूह की महिलाएं बाजार की मांग के अनुसार नया डिजाइन के साड़ी,साल और अन्य सामग्री तैयार कर सके। श्री रमेन डेका ने जल संरक्षण और संवर्धन के लिए बेहतर कार्य करने के निर्देश दिए हैं। छोटे और बड़े किसानों के खेतों में डबरी निर्माण और पुराने कुआं का जिर्णोद्धार करने के निर्देश दिए हैं। योग को बढ़ावा देने के लिए नियमित अभ्यास को बढ़ावा देने के निर्देश दिए हैं। समीक्षा के दौरान उन्होंने वरिष्ठ नागरिक और 75 वर्ष से अधिक आयु के वृद्धजनों का आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए कहा है। किसानों का आर्थिक विकास हो इसके लिए खेती के आधुनिक तकनीक की जानकारी देने के लिए कहा है। किसानों को वरमी कम्पोस्ट खाद और आर्गेनिक खेती के लिए प्रोत्साहित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं। समीक्षा बैठक में कलेक्टर श्री रोहित व्यास ने जानकारी देते हुए बताया कि जल संरक्षण संवर्धन के तहत रैन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम, अमृत सरोवर,सोकपिट और मैजिक पिट बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि किसानों को जैविक खेती के प्रति प्रेरित किया जा रहा है। स्वच्छता को बढ़ावा दिया जा रहा है गांव में सेग्रेशन शेड एवं डोर टू डोर कचरा कलेक्शन किया जा रहा है।

## कौशल विकास सामुदायिक केन्द्र युवाओं को प्रशिक्षण एवं रोजगार परक कौशल प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा



रायपुर, 05 अप्रैल 2026

वन एवं जलवायु परिवर्तन तथा सुकमा जिले के प्रभारी मंत्री श्री केदार कश्यप अपने एक दिवसीय प्रवास पर सुकमा पहुंचे। इस अवसर पर उन्होंने जिले में विकास कार्यों को नई गति देते हुए विभिन्न महत्वपूर्ण निर्माण कार्यों का लोकार्पण किया। मंत्री श्री कश्यप ने सर्वप्रथम सुकमा के वार्ड क्रमांक 03 पुसामीपारा में 20 लाख रुपये की लागत से निर्मित कौशल विकास सामुदायिक केंद्र भवन का लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि यह केंद्र क्षेत्र के युवाओं को प्रशिक्षण एवं रोजगारपरक कौशल प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा, जिससे आत्मनिर्भरता को बढ़ावा मिलेगा।

जिले के प्रभारी मंत्री श्री कश्यप ने एक करोड़ 62 लाख रूपए की लागत से निर्मित प्री-मैट्रिक कन्या छात्रावास झापरा का लोकार्पण किया। छात्रावास का निरीक्षण करते हुए उन्होंने व्यवस्थाओं की जानकारी ली तथा छात्राओं से संवाद कर उनका उत्साहवर्धन किया। इस दौरान छात्राओं द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया, जिसने कार्यक्रम को और भी गरिमामय बना दिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री श्री कश्यप ने कहा कि वर्तमान शासनकाल में विकास कार्यों को अभूतपूर्व गति मिली है। उन्होंने बताया कि वर्षों से बंद पड़े राम मंदिर केरलापेंदा को पुन: ग्रामीणों के लिए खोला गया और हनुमान जयंती के अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन कर सामाजिक एकता और सांस्कृतिक परंपराओं को सशक्त किया गया।

वन मंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ के निर्माण से लेकर आज नक्सलवाद के समापन की दिशा में सरकार ने निरंतर निर्णायक भूमिका निभाई है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि वर्ष 2017 में प्रारंभ हुआ यह छात्रावास विभिन्न बाधाओं को पार करते हुए अब 2026 में पूर्ण होकर बच्चों के लिए समर्पित किया गया है, जो शासन की प्रतिबद्धता और कार्य पूर्ण करने की दृढ़ इच्छाशक्ति को दर्शाता है। मंत्री श्री कश्यप ने छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि आप सभी बच्चे देश और समाज का भविष्य हैं। शिक्षा ही सफलता का सबसे बड़ा माध्यम है। पढ़-लिखकर अपने माता-पिता और क्षेत्र का नाम रोशन करें तथा अपनी क्षमता और रुचि के अनुसार विषय चुनकर आगे बढ़ें।

जिले के प्रभारी मंत्री ने कहा कि पहले और आज के सुकमा में बड़ा बदलाव आया है। अब विकास कार्यों का लाभ आम जनता तक पहुंच रहा है। उन्होंने बताया कि महतारी वंदन योजना के माध्यम से माताओं-बहनों को आर्थिक सहायता मिल रही है।

# छोटी क्लिनिक से लंदन संसद तक : डॉ. उत्कर्ष त्रिवेदी का सफर बना प्रेरणा

### Holistic Medicine Conference 2026 में आमंत्रित, छत्तीसगढ़ के लिए गर्व का क्षण



**रायपुर, प्रतिनिधि।** छत्तीसगढ़ के जाने-माने होम्योपैथी चिकित्सक डॉ. उत्कर्ष त्रिवेदी को लंदन में आयोजित होने वाले प्रतिष्ठित Holistic Medicine Conference 2026 में विशेष आमंत्रित प्रतिनिधि के रूप में शामिल होने का अवसर मिला है। यह सम्मेलन 10 अप्रैल को लंदन के Houses of Parliament तथा 13 अप्रैल को niversity of Oxford में आयोजित किया जाएगा।

इस अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में नीति-निर्माता, संसद सदस्य, चिकित्सक और स्वास्थ्य विशेषज्ञ भाग लेंगे। कार्यक्रम में देश के प्रसिद्ध होम्योपैथी चिकित्सक डॉ. नीतीश दूबे सहित कई प्रतिष्ठित हस्तियों की उपस्थिति भी रहेगी।

**संघर्ष और सफलता की कहानी**- डॉ. उत्कर्ष त्रिवेदी का सफर एक छोटी सी क्लिनिक से शुरू होकर आज अंतरराष्ट्रीय मंच तक पहुंच चुका है। अपने समर्पण और मेहनत के बल पर उन्होंने होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति को समाज में नई पहचान दिलाई है। उन्होंने हजारों मरीजों का सफल उपचार कर लोगों का विश्वास जीता है।

**कोरोना काल में सराहनीय योगदान**- कोरोना महामारी के दौरान जब स्वास्थ्य सेवाएं चुनौतीपूर्ण थीं, तब डॉ. त्रिवेदी ने लगातार मरीजों का उपचार किया और होम्योपैथी के माध्यम से लोगों की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनकी सेवाओं को समाज में व्यापक सराहना मिली।

**अंतरराष्ट्रीय मंच पर रखेंगे भारत का पक्ष**- लंदन में आयोजित इस सम्मेलन में डॉ. उत्कर्ष त्रिवेदी होम्योपैथी की उपयोगिता, प्रभावशीलता और भारत में इसके महत्व को वैश्विक स्तर पर प्रस्तुत करेंगे। यह उपलब्धि न केवल उनके लिए बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ और देश के लिए गौरव का विषय है।

**प्रदेश के लिए गर्व का अवसर**- डॉ. त्रिवेदी की यह सफलता यह दर्शाती है कि छोटे शहरों से निकलकर भी वैश्विक पहचान बनाई जा सकती है।

उनकी यह उपलब्धि युवाओं और चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए प्रेरणा बन रही है।

# पिंक पेट्रोल यूनिट की तत्परता से बिछड़ा बच्चा सुरक्षित परिजनों को सौंपा गया

### परिजनों ने बच्चे को सुरक्षित लौटाने के लिए पुलिस का धन्यवाद दिया



**रायपुर :-** आज दिनांक 04 अप्रैल 2026 को पिंक पेट्रोल यूनिट, मध्य जोन की टीम मेकाहारा हॉस्पिटल के पास नियमित पेट्रोलिंग कर रही थी। इसी दौरान हॉस्पिटल के सामने स्थित ऑटो स्टैंड के पास लगभग 2.5-3 वर्ष का एक बालक रोते हुए मिला, जो अपनी मां से बिछड़ गया था। पिंक पेट्रोल टीम द्वारा तत्काल मानवीय संवेदनशीलता एवं सतर्कता का परिचय देते हुए आसपास के लोगों से पूछताछ की गई। स्थानीय ऑटो चालकों द्वारा बताया गया कि बच्चा काफी समय से रो रहा है एवं अपनी मां को ढूंढ रहा है।

स्थिति की गंभीरता को देखते हुए टीम द्वारा तत्काल आसपास के लोगों से बच्चे के परिजन के बारे में पूछताछ की गई और मेकाहारा हॉस्पिटल चौकी एवं थाना मोहदापारा को अज्ञात बालक मिलने की सूचना दी गई तथा बच्चे के परिजनों की तलाश प्रारंभ की गई। कुछ समय पश्चात बच्चे की मां अस्पताल से बाहर आई, जिसे जानकारी मिली कि उसका बच्चा पुलिस टीम के संरक्षण में सुरक्षित है। मां द्वारा बताया गया कि वह अपने बच्चे को बाहर छोड़कर अस्पताल में फिजियोथैरेपी हेतु पंजीयन कराने गई थी, जिसके दौरान विलंब होने से बच्चा परेशान होकर रोने लगा।

पुलिस टीम द्वारा आवश्यक पूछताछ एवं आधार कार्ड के माध्यम से पहचान सत्यापन उपरांत बच्चे को उसकी मां के सुपुर्द किया गया। मां एवं बच्चे दोनों ने एक-दूसरे को देखकर खुशी व्यक्त की तथा बच्चे की मां द्वारा पिंक पेट्रोल टीम का आभार व्यक्त किया गया।

पिंक पेट्रोल यूनिट की त्वरित एवं संवेदनशील कार्यवाही के परिणामस्वरूप बच्चा सुरक्षित अपनी मां तक पहुंच सका। यह घटना रायपुर पुलिस कमिश्नरेट की जनसेवा एवं सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

02 पर आर्म्स एक्ट एवं 04 पर प्रतिबंधात्मक धाराओं में की गई कार्यवाही

# कोतवाली डिवीजन में सघन चेकिंग अभियान, असामाजिक तत्वों पर कड़ी कार्वाई



**रायपुर :-** डीसीपी सेंट्रल जोन के निर्देशन में कोतवाली डिवीजन क्षेत्रांतर्गत शुक्रवार शाम विशेष सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान सार्वजनिक स्थानों पर अवैध हथियार रखने, नशाखोरी कर अड्डेबाजी करने तथा शांति भंग करने वाले असामाजिक तत्वों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की गई। इस दौरान कुल 02 प्रकरण आर्म्स एक्ट के अंतर्गत तथा 04 व्यक्तियों के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्रवाई कर न्यायालय प्रस्तुत किया गया।

**प्रतिबंधात्मक कार्यवाही ( अड्डेबाजी/शांति भंग करने पर ):**

उदय गुप्ता पिता गोरेलाल गुप्ता, निवासी कालीबाड़ी गांधीनगर, रायपुर अजय सोनी पिता सोनी कल बंधु सोनी, उम्र 42 वर्ष, निवासी सेकंड यादव मोहल्ला टिकरापारा, रायपुर शाहनवाज पिता नियाज खान, उम्र 26 वर्ष, निवासी मौदहापारा, रायपुर विक्रम सिंह ठाकुर उर्फ बाबा ठाकुर, निवासी जोरापारा, थाना मौदहापारा, रायपुर उक्त व्यक्तियों को सार्वजनिक स्थानों पर अड्डेबाजी करने, नशाखोरी कर शांति भंग करने एवं आमजन में असुरक्षा का वातावरण निर्मित करने पर कार्यवाही करते हुए न्यायालय रवाना किया गया।

**आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही:**

सूरज कुमार साहू पिता वीर सिंह साहू, उम्र 23 वर्ष, निवासी ढूंढा, थाना मुजगहन, जिला रायपुर - थाना सिटी कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत धनतरी गेट के पास शराब भट्ठी के समीप चेकिंग के दौरान अवैध धारदार हथियार के साथ पकड़ा गया, जिसके विरुद्ध धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही की गई केतन यादव पिता ईश्वर यादव, उम्र 20 वर्ष, निवासी साईं नगर भाठापारा, रायपुर - थाना गंज क्षेत्र अंतर्गत साईं नगर भाठापारा में शराब के नशे में सार्वजनिक स्थान पर तलवार लहराकर लोगों में भय उत्पन्न करते पाए जाने पर गिरफ्तार किया गया, जिसके विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत वैधानिक कार्यवाही की गई। पुलिस द्वारा चलाया गया यह अभियान क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने, असामाजिक तत्वों पर नियंत्रण स्थापित करने एवं आमजन में सुरक्षा की भावना को मजबूत करने हेतु किया गया। भविष्य में भी इस प्रकार की कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।

## मरीज को मिला समय पर उपचार, सुकमा के चिकित्सकों की टीम ने दिखाई तत्परता

**रायपुर।** सुकमा जिला अस्पताल में स्वास्थ्य सेवा की तत्परता और आधुनिक संसाधनों की उपलब्धता का एक सराहनीय उदाहरण सामने आया है। सिविल सर्जन डॉ. एमआर कश्यप से प्राप्त जानकारी के अनुसार छिंदगढ़ विकासखंड के कुन्ना निवासी 38 वर्षीय श्रीमती पाली कवासी को गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल सुकमा में भर्ती कराया गया। देरी से अस्पताल पहुंचने के कारण स्थिति अत्यंत जोखिमपूर्ण थी और तत्काल सर्जरी आवश्यक हो गई। अस्पताल की स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. अनुजा ने बिना समय गंवाए तुरंत एलएससीएस (सीजर) ऑपरेशन कर मरीज का उपचार प्रारंभ किया। हालांकि ऑपरेशन के दौरान मृत बच्चा पैदा होने से महिला की स्थिति और अधिक जटिल हो गई। महिला की हालत लगातार बिगड़ती चली गई और रेफर करने की तैयारी की जा रही थी। इसी दौरान महिला का श्वास बंद सा हो गया, साथ ही नाड़ी और हृदय की धड़कन भी थम सी गई। ऐसे संकट की घड़ी में जिला अस्पताल की मेडिकल टीम ने त्वरित निर्णय लेते हुए महिला को दो बार सीपीआर दिया और तत्काल वार्ड में शिफ्ट कर आधुनिक वेंटीलेटर की सहायता से उपचार शुरू किया गया। इसके बाद महिला को दो यूनिट रक्त चढ़ाया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### अवैध खनन के मामले में जेसीबी सहित 5 वाहन जब्त



**रायपुर।** बेमेतरा जिले में खनिज के अवैध उत्खनन एवं परिवहन के मामले में जिला प्रशासन द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में राजस्व एवं खनिज विभाग के संयुक्त दल द्वारा तहसील थान खमरिया अंतर्गत ग्राम कुरदा एवं जेवरा में अवैध खनन एवं परिवहन में संलिप्त 1 जेसीबी मशीन, 2 हाईवा वाहन तथा ईंट से भरा 1 स्वराज माजदा वाहन जब्त किया गया। इन वाहनों को सुरक्षार्थ थाना थान खमरिया में रखा गया है। इसके अतिरिक्त अवैध परिवहन के एक अन्य प्रकरण में रेत से भरा 1 हाईवा वाहन भी जब्त कर थाना बेरला में सुरक्षित रखा गया है, जिस पर नियमानुसार अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। गौरतलब है कि बीते दिनों भी प्रशासन द्वारा गिट्टी से भरी 2 हाईवा गाड़ियां जब्त कर थाना बेरला में खड़ी कराई गई थीं, जिन पर विधिसम्मत कार्रवाई की जा रही है। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवैध खनन एवं परिवहन के विरुद्ध अभियान निरंतर जारी रहेगा तथा आम नागरिकों से भी ऐसी गतिविधियों की सूचना देने की अपील की गई है।

### सरायपाली सीएचसी में सुरक्षित मातृत्व की ओर महत्वपूर्ण उपलब्धि तीसरा सफल सिजेरियन




**रायपुर।** महासमुंद जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सरायपाली में सुरक्षित मातृत्व सेवाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि दर्ज की गई है। यहां चिकित्सकों की टीम ने सफलतापूर्वक तीसरा सिजेरियन (सी-सेक्शन) ऑपरेशन करते हुए 26 वर्षीय महिला नरगिस का सुरक्षित प्रसव कराया, जिसमें उन्होंने 3.2 किलोग्राम वजनी स्वस्थ शिशु को जन्म दिया। कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आई. नागेश्वर राव ने इस सफलता पर चिकित्सा दल को बधाई देते हुए कहा कि राज्य शासन की प्राथमिकता सुरक्षित मातृत्व सुनिश्चित करना एवं आमजन को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है। सरायपाली सीएचसी इस दिशा में निरंतर उत्कृष्ट कार्य कर रहा है। इस जटिल ऑपरेशन को डॉ. संजय अग्रवाल, डॉ. के. वी. किरण कुमार, डॉ. कुणाल नायक, स्टाफ नर्स प्रगति शर्मा एवं समीर पटेल की टीम ने कुशलतापूर्वक संपन्न किया। यह सफलता स्थानीय स्तर पर स्वास्थ्य सेवाओं की बढ़ती गुणवत्ता, उपलब्ध संसाधनों के प्रभावी उपयोग और विशेषज्ञता को दर्शाती है। प्रसव के पश्चात जच्चा एवं शिशु दोनों स्वस्थ हैं और चिकित्सकीय निगरानी में सुरक्षित हैं। सरायपाली सीएचसी में मिल रही सुलभ एवं बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं से क्षेत्रीय नागरिकों में संतोष और विश्वास बढ़ा है।

### हरी खाद से बदल रही खेती की तस्वीर : कम लागत, बेहतर मुनाफा और स्वस्थ मिट्टी




**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में खेती की पारंपरिक तस्वीर तेजी से बदल रही है। रायगढ़ जिले में हरी खाद आधारित खेती किसानों के लिए एक प्रभावी और टिकाऊ विकल्प के रूप में उभर रही है। यह पद्धति जहां मिट्टी की उर्वरता को दीर्घकालिक रूप से मजबूत कर रही है, वहीं किसानों को कम लागत में बेहतर मुनाफा भी दिला रही है। लैलूंगा विकासखंड के प्रगतिशील किसान जतिराम भगत इस बदलाव की जीवंत मिसाल हैं। वे पिछले 22 वर्षों से जैविक और हरी खाद आधारित खेती कर रहे हैं। उनका कहना है कि शुरुआती दौर में उत्पादन थोड़ा कम लग सकता है, लेकिन समय के साथ मिट्टी की गुणवत्ता में सुधार होने पर उत्पादन स्थायी और बेहतर हो जाता है। उन्होंने इस वर्ष 2 एकड़ में श्री विधि और लाइन कतार पद्धति से खेती कर प्रति एकड़ लगभग 15 क्विंटल धान और 9 क्विंटल चावल उत्पादन प्राप्त किया। उनकी लागत 15 से 20 हजार रुपये प्रति एकड़ रही, जबकि शुद्ध मुनाफा लगभग 80 हजार रुपये तक पहुंचा। कृषि विभाग के अनुसार खरीफ सीजन से पहले 15 मई के बाद हरी खाद की बुआई का उपयुक्त समय होता है। ढैंचा, सनई और मूंग जैसी फसलों को 45-50 दिन बाद खेत में मिलाने से मिट्टी में जैविक पोषक तत्वों की वृद्धि होती है और रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता कम होती है। लैलूंगा में हरी खाद का रुझान तेजी से बढ़ रहा है। विभाग ने इस वर्ष 2000 एकड़ में हरी खाद बुआई का लक्ष्य निर्धारित किया है। ÷यूरिया-डीएपी छोड़बो, हरी खाद बुआई करबो÷ जैसे संकल्प अब किसानों के बीच नई दिशा तय कर रहे हैं।

### रायपुर में मलबे में लगी आग, बढ़ती गर्मी के बीच वाहन आग की घटनाएं भी बढ़ीं

**रायपुर।** राजधानी के वार्ड नंबर 49 में दो दिन पहले हटाए गए अतिक्रमण के मलबे में अचानक आग लगने से हड़कंप मच गया। नगर निगम द्वारा सड़क किनारे तोड़ी गई दुकानों का मलबा वहीं छोड़ दिया गया था, जिसमें आग भड़क उठी। हालांकि, समय रहते लोगों ने आग पर काबू पाने की कोशिश की, जिससे बड़ा हादसा टल गया। राहत की बात यह रही कि आग आसपास की दुकानों तक नहीं फैली। पास ही गद्दा-तकिया और रजाई की दुकान होने से खतरा और बढ़ गया था। इधर, शहर में बढ़ती गर्मी के साथ वाहनों में आग लगने की घटनाएं भी तेजी से बढ़ रही हैं। पिछले एक महीने में 6 से ज्यादा मामले सामने आ चुके हैं। इनमें रिंग रोड-2 पर चलती टाटा एस, कलेक्ट्रेट के पास खड़ी कार, खमतराई में स्कॉर्पियो और अवंति विहार की घटनाएं शामिल हैं।

## संपादकीय

### डेमोग्रैफिक डिविडेंड गंवा देने का खतरा

जो देश अपनी युवा श्रमशक्ति का पूरा उपयोग नहीं कर पाते, उनके संबंध में आम समझ है कि वे धनी होने से पहले बूढ़ा हो जाते हैं। एक ताजा रिपोर्ट के मुताबिक भारत पर डेमोग्रैफिक डिविडेंड गंवा देने का खतरा मंडरा रहा है। युवा आबादी के संभावित लाभ को भारत गंवाने जा रहा है- यह निष्कर्ष है अजीम प्रेमजी यूनिवर्सिटी के 'भारत में कामकाज की स्थिति-2026' रिपोर्ट का। इसके मुताबिक 2030 में युवा आबादी (15- 29 वर्ष) अपनी चरम संख्या पर पहुंच जाएगी। उसके बाद इसमें गिरावट आने लगेगी। फिलहाल 36.7 करोड़ युवा इस उम्र वर्ग में हैं, जो कुल कामकाजी उम्र की आबादी का एक तिहाई हिस्सा है। मगर उनमें से 26.3 करोड़ ना शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं, ना रोजगार में हैं। अत: उनके श्रमशक्ति का हिस्सा बनने की संभावना नहीं है। रिपोर्ट के मुताबिक, 'आने वाले दशक में युवा पीढ़ी के लिए रोजगार सृजन की गति यह तय करेगी कि डेमोग्रैफिक डिविडेंड आर्थिक लाभ में तब्दील होता है या नहीं।' मगर रोजगार की सूरत यह है कि सिर्फ सात प्रतिशत पुरुष स्नातकों को डिग्री लेने के बाद पहले साल में नियमित वेतन वाली नौकरी मिल पाती है। ह्वाइट कॉलर जॉब्स की बात करें, तो यह संख्या महज 3.7 फीसदी है। तो रिपोर्ट में कहा गया है- 'ये संख्याएं चिंताजनक सूरत की झलक हैं। सुरक्षित ह्वाइट कॉलर जॉब ढूंढना अत्यधिक दुर्लभ घटना बनी हुई है।' वैसे चिंताजनक अनेक अन्य आंकड़े भी रिपोर्ट में हैं। उनमें एक बेरोजगार स्नातकों की विस्फोटक ढंग से बढ़ती गई संख्या है। 2004 में 30 लाख स्नातक बेरोजगार थे। यह संख्या 2011 में 40 लाख पहुंच गई। 2011-17 में इसमें बेहद तेज रफ्तार से बढ़ोतरी हुई। 2023 तक ये तदाद एक करोड़ 10 लाख तक पहुंच चुकी थी। इन स्थितियों के साथ कोई देश आर्थिक महाशक्ति बनने की कैसी उम्मीद जोड़ सकता है? जो देश अपनी युवा श्रमशक्ति का पूरा उपयोग नहीं कर पाते, उनके संबंध में आम आर्थिक समझ है कि वे धनी होने से पहले बूढ़ा हो जाते हैं। विश्व बैंक की श्रेणी के मुताबिक भारत लगभग तीन हजार डॉलर सालाना प्रति व्यक्ति आय के साथ अभी भी निम्न- मध्यम आय वर्ग वाला देश है। यानी धनी होने के पहले उसे उच्च मध्य वर्ग की श्रेणी (4,500 से 14000 डॉलर) पार करनी है। जबकि युवा आबादी की संख्या में वृद्धि के अब सिर्फ चार साल बाकी हैं।

### भाजपा को मिली कामयाबी

**हरिशंकर व्यास**

बिहार में नीतीश कुमार का शासन नरेंद्र मोदी के लिए दुखती रग की तरह था। आखिर नीतीश एनडीए के इकलौते नेता थे, जिन्होंने 2013 में मोदी को एनडीए की चुनाव समिति का प्रमुख और बाद में प्रधानमंत्री पद का दावेदार बनाए जाने का विरोध करते हुए एनडीए छोड़ा था। इसके बाद वे अकेले चुनाव लड़े और मोदी ने रामविलास पासवान और उपेंद्र कुशवाहा की पार्टी से तालमेल करके चुनाव लड़ा। उस चुनाव में भाजपा ने ऐतिहासिक प्रदर्शन किया। उसने अकेले 243 सीटें मिलीं और एनडीए ने 32 सीटें जीतीं। नीतीश कुमार की पार्टी दो सीटों पर सिमट गई। तो मोदी को लगा कि उन्होंने नीतीश को हैसियत दिखा दी। नीतीश को भी हकीकत का अहसास हुआ तो उन्होंने 2015 के विधानसभा चुनाव में अपने धुर विरोधी लालू प्रसाद और कांग्रेस से तालमेल कर लिया। नवंबर 2015 से पहले होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले जुलाई के महीने में नरेंद्र मोदी बतौर प्रधानमंत्री बिहार के मुजफ्फरपुर में एक सभा करने पहुंचे थे, जहां उन्होंने नीतीश कुमार के डीएनए पर सवाल उठाया। प्रधानमंत्री ने कहा कि नीतीश के डीएनए में गड़बड़ी है। इसके चार महीने के बाद चुनाव में नीतीश और लालू की जोड़ी ने भाजपा और उसके सहयोगियों को बुरी तरह से हराया। मोदी प्रधानमंत्री थे और अमित शाह राष्ट्रीय अध्यक्ष और भाजपा गठबंधन को बिहार की 243 में से सिर्फ 59 सीटें मिलीं। इस हार ने मोदी और शाह को मजबूर किया कि वे नीतीश के साथ फिर से तालमेल करें। झक्ख मार कर उन्हें नीतीश को एनडीए में लाना पड़ा और मुख्यमंत्री बनाना पड़ा। मोदी और शाह की नीतीश के प्रति कैसी कुंठा या खुन्नस थी यह 2020 के चुनाव में फिर दिखा। डीएनए पर सवाल उठाने के बाद वाले चुनाव में भाजपा ने नीतीश को निपटाने का पूरा प्लान बनाया और चिराग पासवान को गठबंधन से अलग चुनाव लड़वाया। चिराग को सारे संसाधन भाजपा ने दिए यहां तक कि ज्यादातर उम्मीदवार भी भाजपा ने ही दिए, जो बाद में फिर भाजपा में लौट आए। चिराग को चुनाव नहीं जीतना था, बल्कि नीतीश को हरवाना था। इसमें काफी हद तक कामयाबी मिली। लेकिन नतीजे भाजपा के मनमाफिक नहीं आए। नीतीश तो 43 ही सीट जीत पाए लेकिन दूसरे ओर राजद 75 सीट जीत कर सबसे बड़ी पार्टी बन गई। महागठबंधन को 110 सीटें मिल गईं। सो, फिर मजबूरी हो गई कि नीतीश को सीएम बनाया जाए। हालांकि इसके बावजूद भाजपा को हैसियत दिखाने के लिए नीतीश एक बार फिर राजद के साथ जाकर सरकार बनाई। उन्होंने विपक्षी पार्टियों को एकजुट किया और 'इंडिया' ब्लॉक का गठन भी कराया। फिर मजबूरी में भाजपा को नीतीश कुमार की वापसी करानी पड़ी और बराबर सीटें देकर समझौता करना पड़ा। भाजपा को नीतीश का शुक्रगुजार होना चाहिए था कि उनकी वजह से बिहार में एनडीए को लोकसभा में 30 सीटें मिलीं और विधानसभा में 202 सीटों का प्रचंड बहुमत मिला। लेकिन 2013 से ही नीतीश को खत्म करने की ग्रंथि पाले भाजपा नेताओं ने शुक्रगुजार होने की बजाय पहला मौका मिलते ही उनको निपटा दिया। इस बार विधानसभा चुनाव में नीतीश की पार्टी 85 सीटों पर जीती लेकिन विधानसभा का गणित ऐसा बन गया कि नीतीश के लिए दूसरे पाले में जाकर सरकार बनाना मुश्किल हो गया। दूसरे, भारत की राजनीति के सबसे अधिक कैलकुलेटिंग माइंड वाले नेता नीतीश कुमार की मानसिक अवस्था बिगड़ गई। वे भूलने की बीमारी से ग्रस्त हो गए। तभी भाजपा ने उन पर अंतिम वार किया और निपटा दिया। नीतीश को और उनकी राजनीति को समाप्त करने का प्रयास पिछले 13 साल से किया जा रहा था। कामयाबी तब मिली, जब उनकी मानसिक दशा बिगड़ी। भाजपा ने उनके लाचार होने का फायदा उठा कर बेहद अपमानजनक तरीके से उनको मुख्यमंत्री की कुर्सी से हटाने का बंदोबस्त किया और अपना मुख्यमंत्री बनाने की व्यवस्था की।

# क्या पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों में टीएमसी की जमीनी रणनीति से ममता बनर्जी पुन: मारेंगी बाजी?

**कमलेश पांडे**

भागलपुर मूल के दिल्लीवासी नेता और तृणमूल कांग्रेस के तेजतर्रार सांसद कीर्ति झा आजाद ने पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव 2026 के संदर्भ में एक बड़ा संकेत दिया और शांडिल्य गोत्रीय ब्राह्मण मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की तारीफ करते हुए भविष्यवाणी की कि राज्य विधानसभा चुनाव में टीएमसी 250 सीटें जीतेगी और 2029 में ममता बनर्जी भारत की प्रधानमंत्री बनेंगी। यदि ऐसी राजनीतिक परिस्थिति बनती है तो पूर्वी भारत की सियासत के लिए यह शुभ घड़ी होगी।

ऐसा इसलिए कि बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव और पश्चिम बंगाल के पूर्व मुख्यमंत्री ज्योति बसु पारस्परिक दांवपेंचों की वजह से देश का प्रधानमंत्री नहीं बन पाए थे। जहां सूझबूझ वाले दूरदर्शी नेता ज्योति बसु ने कांटे के ताज पीएम पद की पेशकश को विनम्रतापूर्वक ठुकरा दिया था, वहीं लालू प्रसाद के सपनों का शिकार उत्तरप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव ने पूर्व प्रधानमंत्री द्वय देवगौड़ा और गुजराल जैसे जनाधार विहीन नेताओं को आगे करके करवा दिया।

यूँ तो बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उड़ीसा के पूर्व मुख्यमंत्री नवीन पटनायक भी सियासी बिल्ली के भाग्य से पीएम पद रूपीं छींके टूटने का इंतजार करते रह गए, लेकिन नीयत और नीति में खोंट की वजह से गच्चा खाते रहे, जबकि उम्मीद अभी भी बाकी है! अब तो कई राजनेता मुंगेरी लाल के हसीन सपने देखते रहने के आदी बन चुके हैं, जबकि किस्मत ने साथ दिया तो राजद नेता और पूर्व मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव और लोजपा रामविलास नेता व केंद्रीय कैबिनेट मंत्री चिराग पासवान भी आगे इस रेस के घोड़े बन सकते हैं। सबके दिल्ली के साथ साथ कोलकाता, रांची, भुवनेश्वर से समझदारी भरे रिश्ते हैं।

राजनीतिक विश्लेषक बताते हैं कि षड्यंत्रकारी यूजीसी बिल से सवर्णों का विश्वास भाजपा से डिगा है और ममता बनर्जी को ब्राह्मण होने का पहली बार लाभ पश्चिम बंगाल में मिलने वाला है। वहीं, उनके जुझारू तेवर के मद्देनजर पूरे देश के सवर्ण उनपर फिद्दा होने को तैयार बैठे हैं। यही वजह है कि बंगाल में 250



सीटों को पार करने का उनके समर्थकों का दावा बेबुनियाद नहीं है। कांग्रेस के पूरे जनाधार को आज बंगाल में वही सहेजे हुए हैं। शायद इसलिए ही कीर्ति आजाद का मानना है कि टीएमसी (ज्ञस्त्र) की सीटें लगातार बढ़ रही हैं—2011, 2016, 2021 में वृद्धि हुई और लोकसभा 2024 में भी 6 अतिरिक्त सीटें मिलीं। कोई एंटी-इनकंबेंसी नहीं है, बंगाल में विकास, अस्मिता और अलग संस्कृति की लड़ाई है।

उनके शब्दों में ममता को प्रधानमंत्री बनाने का कारण स्पष्ट है। आज उनके कद का कोई क्षेत्रीय नेता नहीं है। उन्होंने ममता को सबसे ताकतवर नेता बताया जो लगातार बीजेपी की खतरनाक राजनीतिक चालों से टक्कर ले रही हैं, और आने वाले समय में और मजबूत होंगी। राजनीतिक विश्लेषक भी मानते हैं कि ममता से बेहतर कोई चेहरा नहीं, खासकर इंडिया गठबंधन में उनकी भूमिका मजबूत होगी। चूंकि ये बयान 2026 बंगाल चुनाव प्रचार के दौरान आए, जहां उन्होंने बीजेपी, मोदी-शाह पर हमले किए और टीएमसी की योजनाओं (जैसे कन्याश्री, मनरेगा फंडिंग) की सराहना की।

आपको पता होना चाहिए कि ममता बनर्जी का बंगाल मॉडल महिलाओं, युवाओं, स्वास्थ्य, शिक्षा और गरीबों के कल्याण पर केंद्रित है, जो टीएमसी सरकार की प्रमुख जनकल्याणकारी योजनाओं से जाना जाता है। ये योजनाएं जीवन के विभिन्न चरणों को कवर करती हैं। जहां तक महिलाओं की योजनाएं की बात है तो लक्ष्मी भंडार योजना के तहत सामान्य महिलाओं को 1500 रुपये मासिक और SC/ST महिलाओं को 1700 रुपये मिलते हैं। जबकि रूपश्री में विवाह के लिए 25,000 रुपये सहायता दी जाती है, जिससे 22 लाख से अधिक महिलाओं को लाभ हुआ। कन्याश्री लड़कियों की शिक्षा को बढ़ावा देती है। वहीं, यदि युवाओं और बेरोजगारों के लिए बात की जाए तो बांग्ला युवा साथी (युवा साथी) योजना में 21-40 वर्ष के बेरोजगार युवाओं को 1500 रुपये मासिक भत्ता मिलता है। जबकि श्रमश्री प्रवासी मजदूरों को नई नौकरी तक 5000 रुपये सहायता देती है। वहीं, स्वास्थ्य और अन्य कल्याण कारी योजनाओं में स्वास्थ्य साथी स्वास्थ्य बीमा योजना चिकित्सा सुविधा प्रदान करती है। दुआरे चिकित्सा द्वार-द्वार स्वास्थ्य शिविर चलाती है। समावयती अंतिम संस्कार सहायता देती है, हर घर में पाइप पानी और पक्का घर सुनिश्चित करने वाली योजनाएं भी शामिल हैं।

चूंकि ममता बनर्जी को पश्चिम बंगाल में 'जमीन से जुड़ी' नेता माना जाता है क्योंकि उन्होंने सिंगूर और नंदीग्राम जैसे भूमि अधिग्रहण आंदोलनों के जरिए किसानों और आम जनता के हितों की रक्षा की, जो उनकी छवि को मजबूत बनाता है। हालांकि, सवर्णों (जैसे ब्राह्मण) का उन्हें 'पूरा सपोर्ट' मिलना एक अतिशयोक्ति है, क्योंकि उनकी राजनीति मुख्य रूप से मुस्लिम (लगभग 30%) और दलित/ओबीसी वोटबैंक पर निर्भर है।

लेकिन यूजीसी बिल विवाद से सवर्णों में उनकी पैठ लगातार बढ़ रही है।पूरे देश के सवर्ण कार्यकर्ता गोपनीय तौर पर बंगाल पहुंच रहे हैं और ममता की मदद करके सवर्ण विरोधियों को सही सबक सिखाना चाहते हैं, ताकि राष्ट्रीय स्तर पर भाजपा की ओबीसी राजनीति हतोत्साहित हो सके। सबकुछ भीतर ही भीतर किया जा रहा है, ताकि ममता बनर्जी का पुराना वोट बैंक प्रभावित न हो।

ममता बनर्जी जमीन से जुड़ाव रखने वाली नेता हैं। ममता बनर्जी ने 2006-07 के सिंगूर (टाटा नैनो प्रोजेक्ट) और नंदीग्राम आंदोलनों में किसानों की जमीन बचाने के लिए आंदोलन किया, जिससे वामपंथी सरकार गिरी। यह उनके 'आम आदमी की नेता' वाली इमेज का आधार बना, जहां वे गरीबों, किसानों और दबे-कुचले वर्गों की आवाज बनीं।

टीएमसी की कल्याणकारी योजनाएं जैसे लक्ष्मीर भांडार ने ग्रामीण और एससी/एसटी वोटरों को बांधा। वहीं, सवर्ण समर्थन की हकीकत यह है कि सवर्ण (ब्राह्मण, बंगाली बाबू) टीएमसी को सीमित समर्थन देते हैं, लेकिन 'पूरा' नहीं—क्योंकि ममता पर मुस्लिम तुष्टिकरण के आरोप लगते हैं (जैसे वक्फ कानून, एसआईआर विरोध)। फिर भी उन्होंने ब्राह्मण सम्मेलन आयोजित किए, पुजारियों को पेंशन/आवास दिए और खुद को 'ब्राह्मण की बेटी' कहा ताकि सॉफ्ट हिंदुत्व दिखाएं और बीजेपी का हिंदू वोट काटें।

जानकार बताते हैं कि यूजीसी बिल विवाद के बाद उन्होंने सवर्णों को रिझाने के लिए अपने खास लोगों को लगा दिया है। फिर भी, अपर मिडिल क्लास/सवर्णों में कुछ कुछ असंतोष है जो शासन की खराबी पर है, और इसलिए भी 2026 चुनावों में जातिगत ध्रुवीकरण बढ़ सकता है। सवाल मुखर है कि क्या पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों में टीएमसी की जमीनी रणनीति से ममता बनर्जी पुन: मारेंगी बाजी?

# रात रात भर बमबारी से परेशान हुए ईरानी, जान बचाने के लिए सरहदें पार करने की होड़, सीमाओं पर बिठाया गया सख्त पहरा

**नीरज कुमार दुबे**

ईरान की सरहदें अब केवल नक्शे पर खिंची रेखाएं नहीं रहीं, बल्कि वह इंसानी दर्द, डर और बिखरती उम्मीदों की सबसे मार्मित कहानी बन चुकी हैं। अप्रैल की शुरुआत तक हालात इतने बिगड़ चुके हैं कि हर सीमा चौकी पर मार्मिक कहानियां दिखाई दे रही हैं। युद्ध, आर्थिक तबाही और संचार ठप होने की स्थिति ने पूरे ईरान को भीतर से झकझोर दिया है जिससे बड़ी संख्या में लोग पलायन कर रहे हैं।

तुर्की की कपिकोय सीमा पर खड़े लोगों ने पलायन का कारण पूछे जाने पर बताया कि हर रात बम गिरते हैं और हर सुबह खुद को जिंदा पाकर हम खुश होते हैं लेकिन ऐसा कब तक चलेगा। उन्होंने बताया कि राजधानी तेहरान से लेकर औद्योगिक इलाकों तक धमाकों की आवाज अब लोगों की रोजमर्रा की जिंदगी का हिस्सा बन चुकी है।

इंटरनेट बंद है, कारोबार ठप है और भविष्य पूरी तरह अनिश्चित है। ऐसे में लोग केवल जान बचाने के लिए नहीं, बल्कि दुनिया से जुड़ने के लिए भी देश छोड़ रहे हैं। यह पलायन अब रोटी या नौकरी का नहीं, बल्कि अस्तित्व और संवाद का संकट बन गया है। कुछ लोग तो सिर्फइंटरनेट इस्तेमाल करने के लिए पहाड़ों के रास्ते तुर्की की सीमा पार कर रहे हैं।

हम आपको बता दें कि ईरान से निकलने वालों की संख्या लगातार बढ़ रही है, जबकि देश के भीतर भी लाखों लोग विस्थापित हो चुके हैं। तुर्की सबसे बड़ा रास्ता बनकर उभरा है, क्योंकि वहां वीजा मुक्त प्रवेश की सुविधा है। इसके अलावा अफग़ानिस्तान और पाकिस्तान की ओर भी लोगों का रुख बढ़ा है। लेकिन इन रास्तों पर अब पहले जैसा खुलापन नहीं है। तुर्की ने अपनी सीमा को लगभग किले में बदल दिया है। सैंकड़ों किलोमीटर लंबी दीवार, रडार, थर्मल कैमरे और ड्रोन निगरानी, सब कुछ तैनात है। इसके साथ ही सीमा के भीतर बफर जोन और टेंट शहर बनाने की तैयारी की गई है ताकि शरण लेने वालों को शहरों तक पहुंचने से पहले ही रोक दिया जाए। यहां एक अजीब विडंबना दिखाई देती है। एक तरफ इंसान मदद के लिए दरवाजे खटखटा रहा है, दूसरी तरफ वही दरवाजे सुरक्षा के नाम पर बंद किए जा रहे हैं। अफग़ानिस्तान सीमा पर हालात और भी ज्यादा तनावपूर्ण हैं। तालिबान और ईरानी सुरक्षा बलों के बीच झड़पें हो चुकी हैं। हजारों अफग़ान जो कभी ईरान में रह रहे थे, अब वापस लौट रहे हैं, जबकि कुछ ईरानी उसी दिशा में शरण लेने की कोशिश कर रहे हैं। यह उल्टा बहाव बताता है कि हालात कितने जटिल हो चुके हैं।

पाकिस्तान ने भी अपनी सीमा पर सख्ती बढ़ा दी है। हर आने जाने वाले की कड़ी जांच हो रही है। वहीं अजरबैजान ने अपनी जमीन पूरी तरह बंद कर दी है। वहां प्रवेश अब केवल विशेष अनुमति से ही संभव है।

इन सबके बीच आर्मेनिया की नोरदुज सीमा एक उम्मीद की तरह सामने आई है। यह फिलहाल उन लोगों के लिए सबसे सुरक्षित रास्ता है जो किसी भी तरह इस संकट से बाहर निकलना चाहते हैं। लेकिन यह रास्ता भी कब तक खुला रहेगा, यह कोई नहीं जानता। युद्ध का सबसे गहरा असर ईरान की अर्थव्यवस्था पर पड़ा है। कारोबार बंद हो रहे हैं, मुद्रा लगातार गिर रही है और लोगों की बचत खत्म होती जा रही है। एक कारोबारी को अपना पूरा व्यापार बंद करना पड़ा और अपने कर्मचारियों को यह कहकर घर भेजना पड़ा कि अब आगे क्या होगा, कोई नहीं जानता। सबसे डरावनी बात यह है कि लोग अब इस डर के साथ जीना सीख रहे हैं। शुरुआत में जो धमाके दिल दहला देते थे, अब वे सामान्य लगने लगे हैं। लेकिन इस सामान्यता के पीछे छिपा है गहरा मानसिक आघात। एक महिला बताती है कि उसकी मां की मौत किसी हमले से नहीं, बल्कि लगातार तनाव के कारण हुई। देखा जाये तो युद्ध केवल शरीर को नहीं, बल्कि मन को भी तोड़ देता है।

हालांकि हर ईरानी इस पलायन का हिस्सा नहीं है। कुछ लोग अब भी अपने देश के साथ खड़े हैं। वह मानते हैं कि मुश्किल समय है, लेकिन देश छोड़ना समाधान नहीं है। यह सोच दिखाती है कि ईरान के भीतर भी एक गहरी मानसिक और भावनात्मक लड़ाई चल रही है। दिलचस्प बात यह भी है कि जहां एक तरफलोग देश छोड़ रहे हैं, वहीं कई लोग वापस भी लौट रहे हैं। कुछ अपने परिवार के पास रहने के लिए, तो कुछ मजबूरी में।

# पता नहीं आत्मनिर्भर भारत कब बनेगा

**अजीत द्विवेदी**

दस साल हो गए, जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि भारत अपनी ऊर्जा जरुरतों के लिए दूसरे देशों पर निर्भरता को कम करेगा। प्रधानमंत्री मोदी ने सात फरवरी 2016 को ओडिशा के पारादीप में भारत की सबसे बड़ी पेट्रोलियम मार्केटिंग कंपनी इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन यानी आईओसी की एक रिफाइनरी का उद्घाटन करते हुए यह बात कही थी। उन्होंने उस समय एक लक्ष्य भी तय किया था। प्रधानमंत्री ने कहा था कि 2022 तक भारत अपनी ऊर्जा जरुरतों को पूरा करने के लिए विदेशी निर्भरता को 10 फीसदी तक कम करेगा। उस समय भारत 80 फीसदी से ज्यादा कच्चा तेल आयात करता था।

आज 10 साल बाद भारत का कच्चे तेल का आयात 85 फीसदी से ज्यादा हो गया है। यानी जहां दस फीसदी आयात कम होना था वहां पांच फीसदी बढ़ गया है। प्रधानमंत्री ने आयात पर निर्भरता 10 फीसदी घटाने के लक्ष्य के साथ साथ यह भी कहा था कि ऊर्जा जरुरतों के क्षेत्र में भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लिए काम किया जाएगा। इसके लिए उन्होंने चार क्षेत्र बताए थे, जहां काम किया जाना था। इसमें इथेनॉल मिश्रण, इलेक्ट्रिक गाड़ियों को बढ़ावा देने, नवीकरणीय ऊर्जा के स्रोतों को बढ़ाना और तेल, गैस आदि की खोज को प्रोत्साहित करना शामिल था।

सोचें, 10 साल पहले ऊर्जा के क्षेत्र में भारत को आत्मनिर्भर बनाने की बात प्रधानमंत्री के मुंह से सुनना कितना अच्छा लगा होगा! उसमें भी तात्कालिक लक्ष्य आयात में 10 फीसदी की कमी का रखा गया था। एक ब्लूप्रिंट भी पेश किया गया। लेकिन 10 साल के बाद देश कहां पहुंचा? आज स्थिति यह है कि भारत अपनी ऊर्जा जरुरतों के लिए दूसरे देशों पर पहले से ज्यादा निर्भर हो गया है। ऐसा नहीं कि सिर्फ तेल के मामले में भारत की निर्भरता बढ़ी है। हकीकत यह है कि जिस नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों को बढ़ावा देकर भारत को आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ाने का संकल्प किया गया था उनके लिए भी भारत दूसरे देशों पर निर्भर है। इलेक्ट्रिक गाड़ियों को बढ़ावा देना है पर उसकी लिए बैटरी और दूसरी कई तकनीकी चीजें चीन से आएंगी। इसी तरह नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों जैसे सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने का मामला है तो उसके लिए भी सोलर प्लेट्स में लगने वाले कल पुर्जे और दूसरे उपकरण चीन से आएंगे। सोचें, हम तेल के साथ साथ वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों के मामले में भी दूसरे देशों पर निर्भर हो गए हैं। ऐसा नहीं है कि 10 साल में इन क्षेत्रों में कोई काम नहीं हुआ। लेकिन थोड़े से काम होने से तो देश ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर नहीं बन जाएगा? जब प्रधानमंत्री ने कहा कि तेल आयात में 10 फीसदी की कमी की जाएगी और नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों को बढ़ावा देकर भारत को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की ओर बढ़ा जाएगा तो निश्चित रूप से उनके दिमाग में कोई योजना होगी, लंबे समय की कोई प्लानिंग होगी! फिर किसने उनको उस योजना पर काम नहीं करने दिया? ऐसा तो नहीं हो सकता है कि आत्मनिर्भरता की योजना के नाम पर थोड़ा सा उत्पादन बढ़ाने की योजना हो? जब इतनी बड़ी घोषणा की जाती है तो उसे पूरा करने के लिए उतना ही बड़ा प्रयास करना होता है। उस प्रयास में स्पष्ट कमी दिख रही है। ऐसा लग रहा है कि समय समय पर इस तरह की बातें करके प्रधानमंत्री ने लोगों को भरोसा तो दिया कि वे देश की समस्या को समझ रहे हैं और उसका समाधान करना चाहते हैं। लेकिन समाधान की दिशा में कोई गंभीर प्रयास नहीं किया। उन्होंने 2016 के बाद तेल आयात कम करने और ऊर्जा के क्षेत्र में भारत को आत्मनिर्भर बनाने की बात अनेक बार कही। लेकिन सवाल है कि क्या वे देख नहीं रहे थे कि उनकी बातों या दावों में और देश की वास्तविकता में कितना अंतर है?

आज जब संकट देश के सामने आया तो सबका ध्यान इस वास्तविकता की ओर गया है। ईरान में जंग शुरू हुए 12 दिन हुए हैं और भारत में हाहाकार मचा है। भारत सरकार को आवश्यक वस्तु अधिनियम यानी एस्मा लागू करना पड़ा है। हालांकि रसोई गैस का मामला कालाबाजारी का भी है। लेकिन यह भी सही है कि किल्लत बढ़ रही है क्योंकि भारत अपनी एलपीजी की जरुरतों का 80 फीसदी से ज्यादा खाड़ी के देशों से आयात करता है और उसके भंडारण की भी वैसी व्यवस्था देश में नहीं है, जैसी कच्चे तेल के लिए है। इसलिए संकट तो है। तभी देश भर में होटल और रेस्तरां बंद हो रहे हैं और सरकार को प्राथमिकता के आधार पर आपूर्ति के नियम बनाने पड़े हैं। सरकार ने घरेलू आवंटन को सौ फीसदी रखने को कहा है लेकिन उद्योगों और व्यावसायिक संस्थाओं के आवंटन में 20 से 30 फीसदी की कटौती हुई है। एलपीजी के अलावा तेल का संकट भी है तभी विमानन कंपनियों ने किराया बढ़ाना शुरू कर दिया है। प्राकृतिक गैस की आपूर्ति कम होने से उर्वरक से लेकर प्लास्टिक उद्योग तक करीब 75 उद्योग हैं, जहां असर हुआ है। उर्वरक के उत्पादन पर असर होगा तो अंतत: उससे खाद्यान्न सुरक्षा भी प्रभावित होगी।

ऊर्जा के क्षेत्र में आयात पर निर्भरता कम करने और भारत को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में बढ़ने की घोषणा के 10 साल हुए हैं तो 'आत्मनिर्भर भारत अभियान' के भी छह साल होने जा रहे हैं। कोरोना महामारी के बीच 12 मई 2020 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस अभियान की शुरुआत की थी। सरकार की ओर से 20 लाख करोड़ रुपए के एक राहत पैकेज की घोषणा भी हुई थी। हालांकि वह पूरी तरह से क्रेडिट गारंटी की योजना थी। किसी को मदद के तौर पर इसमें से एक रुपया नहीं मिला, बल्कि सबको कर्ज देने की व्यवस्था की गई थी। लेकिन वह अलग कहानी है।

'आत्मनिर्भर भारत अभियान' के तहत तय किया गया कि भारत में बुनियादी ढांचे का विकास किया जाएगा, युवा शक्ति का अधिकतम इस्तेमाल होगा, देश की अर्थव्यवस्था का आकार बढ़ेगा, तकनीक के क्षेत्र में देश को बेहतर बनाया जाएगा और मांग को पूरा करना की आत्मनिर्भर व्यवस्था बनेगी। लेकिन छह साल के बाद कोई नया क्षेत्र ऐसा नहीं है, जिसमें आत्मनिर्भरता बनी है। जब आत्मनिर्भर भारत अभियान की घोषणा हुई थी लगभग उसी समय भारत ने चीन से प्रत्यक्ष विदेशी निवेश को रोकने के लिए एक नियम बनाया था। अब उस नियम में ढील दे दी गई है। ऐसा लग रहा था कि चीन से दूरी बना कर भारत आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ेगा लेकिन छह साल के बाद भारत फिर उसी रास्ते पर लौटा है। ध्यान रहे चीन के साथ भारत का व्यापार घाटा 10 लाख करोड़ रुपए के करीब है। भारत अगर तेल और ऊर्जा जरुरतों के लिए खाड़ी देशों या रूस, अमेरिका पर निर्भर है तो फार्मा से लेकर फार्म सेक्टर तक और ईवी से लेकर नवीकरणीय ऊर्जा स्रोत तक और रोजमर्रा की जरुरत की चीजों के लिए चीन पर निर्भर है। पता नहीं आत्मनिर्भर भारत कब बनेगा अभी तो निर्भरता कम होती भी नहीं दिख रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### एकीकृत बाल विकास परियोजना दन्तेवाड़ा अंतर्गत आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं पद की भर्ती हेतु आवेदन आमंत्रित

**02 से 17 अप्रैल तक किया जा सकता है ऑनलाइन आवेदन**




दंतेवाड़ा (समय दर्शन)। एकीकृत महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जारी विज्ञप्ति अनुसार एकीकृत बाल विकास परियोजना दन्तेवाड़ा अंतर्गत आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं के रिक्त पदों पर भर्ती किया जाना है। जिसके तहत एकीकृत बाल विकास परियोजना दन्तेवाड़ा के तहत नगर पालिका अन्तर्गत दन्तेवाड़ा अस्पतालपारा वार्ड क्र. 14, दन्तेवाड़ा मंदिरपारा वार्ड क्र. 05 तथा ग्राम पंचायत मरकानार जूनापारा में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका के रिक्त पद है। इस संबंध में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता हेतु न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 12वीं उत्तीर्ण तथा सहायिका हेतु 8वीं उत्तीर्ण होना अनिवार्य किया गया है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आंगनबाड़ी सहायिका के पद के लिये आयु सीमा 18 से 44 वर्ष की होगी तथा आयु की गणना आवेदन आमंत्रित करने की सूचना जारी होने की तिथि से की जावेगी। जिस वार्ड (नगरीय क्षेत्र) के आंगनबाड़ी केंद्र में रिक्त पद हेतु विज्ञापन जारी किया गया है, आवेदिका का उसी राजस्व ग्राम, वार्ड (नगरीय क्षेत्र) की स्थानीय निवासी होना अनिवार्य होगा। इसके लिए इच्छुक स्थानीय सभी पात्र आवेदिकाएं दिनांक 2 अप्रैल से 17 अप्रैल तक

https://aww.e-bharti.in/

पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते है। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए एकीकृत बाल विकास परियोजना दन्तेवाड़ा में सम्पर्क किया जा सकता हैं।

### विभागीय एवं विकास कार्यों की हुई समीक्षा

**कलेक्टर अमित कुमार दिए आवश्यक निर्देश**

**- 28 एवं 29 मार्च को मिनी स्टेडियम सुकमा में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का होगा आयोजन**

सुकमा(समय दर्शन)। कलेक्टर श्री अमित कुमार ने मंगलवार को कलेक्ट्रट कार्यालय में समय सीमा की बैठक में जिले के समग्र विकास, जनगणना प्रबंधन एवं विभिन्न योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

उन्होंने जनगणना प्रबंधन एवं निगरानी प्रणाली को सुदृढ़ करने पर विशेष जोर देते हुए सभी संबंधित विभागों को जिम्मेदारी के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत श्री मुकुन्द ठाकुर, एसडीएम, तहसीलदार, सीईओ जनपद सहित विभागीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

जिलेवासियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं दिलाने के उद्देश्य से जिला मुख्यालय सुकमा में 28 मार्च एवं 29 मार्च 2026 को मिनी स्टेडियम सुकमा में निः शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिसमें आश्रम-छात्रावास के बच्चों का शत-प्रतिशत जांच कराने के निर्देश दिए।

स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा करते हुए कलेक्टर श्री कुमार ने सभी स्वास्थ्य केंद्रों में ड्रॉप पैरासिटामोल की उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा। साथ ही जिला चिकित्सालय में रेडियोलॉजिस्ट, गायनोकोलॉजिस्ट एवं सर्जन जैसे विशेषज्ञ डॉक्टरों की भर्ती प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। प्राथमिक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में एनक्यूएएस प्रमाणन हेतु आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया गया। फील्ड विजिट के दौरान दिए गए निर्देशों का प्राथमिकता से पालन करने के निर्देश देते हुए कलेक्टर ने नियद क्षेत्रों में निर्माणाधीन प्रशासनिक परिसरों का नियमित निरीक्षण एवं गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करने को कहा। महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत आंगनवाड़ी केंद्रों में आधार अपडेट कार्य को गति देने के लिए आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए गए। शिक्षा एवं नवाचार के क्षेत्र में साइंस पार्क को विकसित करने के लिए रोबोटिक्स लैब, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, वर्चुअल रियलिटी, 3डी पेंटिंग एवं साइंस एम्यूजमेंट जैसी गतिविधियों के माध्यम से बच्चों में वैज्ञानिक सोच विकसित करने पर जोर दिया गया। इसके अलावा बैठक में अपार आईडी, स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स जैसे विषयों पर भी चर्चा की गई। पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए शबरी नदी में राफ्टिंग, तेलावर्ती में ट्रैकिंग तथा जगरगुंडा, दोरनापाल एवं किस्टाराम में ट्रांजिट हॉस्टल निर्माण के निर्देश दिए गए। जगरगुंडा में संचालित विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए प्रगति तेज करने को कहा गया। कलेक्टर श्री कुमार ने संपूर्णता अभियान की प्रगति की समीक्षा करते हुए सभी विभागों को लक्ष्य दिए हैं।

# इंदिरा कालोनी भंवरपुर में आयोजित अष्टप्रहरी नाम यज्ञ संकीर्तन में शामिल हुई विधायक चातुरी नंद



**बसना (समय दर्शन)।** इंदिरा कालोनी भंवरपुर में बीते दिनों भक्तिमय वातावरण में दो दिवसीय अष्टप्रहरी नाम यज्ञ संकीर्तन का आयोजन किया गया। श्रद्धा और भक्ति के इस कार्यक्रम में संकीर्तन नाम उच्चारण का दिनांक 03 अप्रैल 2026 दिन -शुक्रवार की मध्यान्ह शुभारंभ किया गया। जिसका पूर्णाहुति, महाप्रसाद के साथ सम्पन्न हुआ।

इस दो दिवसीय अष्टप्रहरी नाम यज्ञ संकीर्तन के बैठकी कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक श्रीमती चातुरी नंद शामिल होकर भगवान राधा माधव जी की विधि वत पूजन कर आयोजकों,ग्राम व क्षेत्रवासियों की खुशहाली की कामना की।

उनके साथ कांग्रेस के वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों ने भी इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

उन्होंने कहा कि जहां भी अष्टप्रहरी नाम यज्ञ संकीर्तन का आयोजन होता है वह स्थल व ग्राम पवित्र एवं पावन हो जाता है। जो बंधु व ग्रामवासी इस परम दुर्लभ संकीर्तन यज्ञ का आयोजन करते हैं,उनके जन्म जन्मांतर के पाप नष्ट हो जाते हैं। इस कलियुग में हर व्यक्ति को भगवान की भक्ति मिले यह संभव नहीं है। भगवान की भक्ति भी भाग्य वालों को नसीब होता है, आप सभी बड़ भागी हैं कि,भगवत कृपा से इंदिरा नगर के साथ संपूर्ण भंवरपुर क्षेत्र भक्तिमय वातावरण से पावन हो गया है।

इस आयोजन में पंडित श्रीपति त्रिपाठी जी ने वैदिक मंत्रोंपचार से आयोजन को सफल करवाया।

इस आयोजन में शामिल गाहक बाहक दल-

(1)राधे राधे पुरुष संकीर्तन मण्डली जटाकन्हार

(2)जय जगन्नाथ कीर्तन मण्डली रीखादादर

(3) राधारानी महिला संकीर्तन मण्डली सलिहारी(रायगढ़)

(4)रुद्रेश्वरी महिला संकीर्तन मण्डली लक्ष्मीपुर


(5)जय दुर्गा महिला संकीर्तन मण्डली सौरापारा भंवरपुर ने अखण्ड संकीर्तन से वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

कार्यक्रम के दौरान इंदिरा कालोनी के आयोजक बंधुओं ने समिति प्रमुख दोजकुमार देवांगन की अगुवाई में दोनों दिन भण्डारे का आयोजन रखा गया था।

समिति के कर्मठ सदस्यगण शुभम देवांगन ,उदयराम चौहान, पुरुषोत्तम दीवान, परदेशी देवांगन, रोहित देवांगन, जितेन्द(बबलू )पटेल, मुण्डू निषाद, जालू पटेल,रघु चौहान,घुराउ पटेल,नवीन चौहान, कन्हैया निषाद,मंजू डड़सेना, विक्की पटेल एवं समस्त इंदिरा नगर वासियों ने, दोनों दिवस अनवरत

समस्त ग्राम वासियों एवं आगंतुक श्रद्धालु भक्तों को भोजन प्रसाद ग्रहण करवाकर कार्यक्रम को सफल बनाने में सादर सहयोग प्रदान किया।

## खोए मोबाइल, टूटी उम्मीदें और फिर एक दिन—दुर्ग पुलिस ने 205 फोन लौटाकर 50 लाख की खुशियां वापस कर दीं



दुर्ग, (समय दर्शन)। गुम हुए मोबाइल फोन अब सिर्फ खोई हुई यादें नहीं रहे, बल्कि फिर से अपने मालिकों के हाथों में लौट आए हैं और इसके पीछे है एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट की महीनों की लगातार मेहनत, दरअसल 05 अप्रैल 2026 को दुर्ग पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई का खुलासा करते हुए बताया कि वर्ष 2023 से 2026 के बीच गुम हुए मोबाइल फोन की शिकायतों पर तकनीकी जांच और ट्रैकिंग के जरिए कुल 205 मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं, जिनकी अनुमानित कीमत करीब 50 लाख रुपये है, यह पूरा ऑपरेशन वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर चलाए गए विशेष अभियान के तहत किया गया जिसमें एसीयू टीम ने दुर्ग, भिलाई, राजनांदगांव, बालोद, बेमेतरा और रायपुर जैसे अलग-अलग इलाकों में फैले मोबाइल नेटवर्क को खंगाला, ढ्ढस्श्वढ्ढ ट्रैकिंग, तकनीकी विश्लेषण और डेटा मॉनिटरिंग के जरिए मोबाइल लोकेशन को ट्रेस किया गया और फिर क्रमबद्ध तरीके से बरामदगी की कार्रवाई की गई, इस दौरान विभिन्न कंपनियों के मोबाइल फोन अलग-अलग व्यक्तियों से रिकवर किए गए, जिनका विधिवत सत्यापन कर अब असली मालिकों को सौंपा जा रहा है, जैसे ही लोगों को उनका खोया मोबाइल वापस मिला, चेहरे पर खुशी और राहत साफ दिखाई दी, कई लोगों के लिए ये सिर्फ फोन नहीं बल्कि उनकी निजी यादें, जरूरी डेटा और रोजमर्रा की जिंदगी का अहम हिस्सा था, इस पूरी कार्रवाई में एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट के निरीक्षक प्रमोद कुमार सरिया के नेतृत्व में टीम और संबंधित थाना स्टाफकी भूमिका बेहद अहम रही, वहीं इस मौके पर दुर्ग के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने सिर्फ मोबाइल लौटाने तक ही बात सीमित नहीं रखी बल्कि मौके पर मौजूद नागरिकों को यातायात नियमों के पालन की शपथ भी दिलाई, खासतौर पर दोपहिया चालकों को हेलमेट पहनने के लिए जागरूक किया गया और सड़क सुरक्षा को लेकर संदेश दिया गया, पुलिस ने साफ अपील की है कि यदि किसी का मोबाइल गुम या चोरी होता है तो तुरंत नजदीकी थाना में रिपोर्ट दर्ज कराएं।

## सिगरेट से शुरू हुआ विवाद, खून तक पहुंचा मामला



**0 सुपेला में धारदार हथियार से हमला करने वाला 19 साल का आरोपी चंद घंटों में गिरफ्तार**

दुर्ग, (समय दर्शन)। सुपेला थाना क्षेत्र में आधी रात का एक मामूली विवाद अचानक खतरनाक हमले में बदल गया जब सिगरेट मांगने पर मना करना दो युवकों पर जानलेवा हमला बन गया, घटना 05 अप्रैल 2026 की रात करीब 12:30 बजे की है जब नेहरू नगर स्थित महेश एलईडी वर्क के सामने किराये के मकान में रहने वाले युवक और उसके दोस्त के पास एक अज्ञात युवक पहुंचा और सिगरेट मांगी, मना करने पर पहले गाली-गलौज हुई और मामला शांत होता दिखा लेकिन कुछ देर बाद वही युवक वापस लौटा और अचानक विवाद करते हुए धारदार हथियार से हमला कर दिया, हमले में प्रार्थी के बाएं पसली में गंभीर चोट आई जबकि उसके साथी के दाहिने हाथ पर वार किया गया, हमला करने के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गया, घायल युवकों ने तुरंत थाना सुपेला पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई जिस पर पुलिस ने अपराध क्रमांक 489/2026 दर्ज करते हुए धारा 296, 115(2), 351(3) बीएनएस और 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत मामला कायम कर जांच शुरू की, पुलिस ने बिना समय गंवाए तकनीकी इनपुट और स्थानीय सूचना के आधार पर आरोपी की पहचान की और घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया, गिरफ्तार आरोपी की पहचान आलोक राम टेके उम्र 19 वर्ष निवासी अटल आवास नेहरू नगर सुपेला दुर्ग के रूप में हुई, आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त एक धारदार हथियार भी बरामद किया गया, पूछताछ और विधिक कार्रवाई के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर न्यायालय में पेश किया गया, इस पूरी कार्रवाई में थाना सुपेला के थाना प्रभारी निरीक्षक विजय यादव के नेतृत्व में सउनि राजीव उर्वसा, प्रधान आरक्षक नवीन सिंह, आरक्षक धर्मेन्द्र सूर्यवंशी और सुरेन्द्र पटेल की सक्रिय भूमिका रही।


## अब भी नहीं जागे तो जेब पर पड़ेगा सीधा 17प्रतिशत वार




**0 दुर्ग निगम ने दी आखिरी मोहलत, 30 अप्रैल तक टैक्स जमा करें वरना घर-घर होगी वसूली**

दुर्ग,(समय दर्शन)। दुर्ग शहर में संपत्तिकर को लेकर नगर पालिक निगम ने साफ संदेश दे दिया है कि अब लापरवाही महंगी पड़ेगी, क्योंकि 30 अप्रैल 2026 तक टैक्स जमा करने पर जहां पूरी तरह पेनाल्टी से राहत मिलेगी वहीं 1 मई के बाद यही बकाया टैक्स 17 प्रतिशत तक सरचार्ज के साथ वसूला जाएगा, 05 अप्रैल को निगम प्रशासन ने अंतिम तिथि बढ़ाकर करदाताओं को एक बड़ा मौका दिया है ताकि अधिक से अधिक लोग इस छूट का लाभ उठा सकें, लेकिन इसके साथ ही सख्ती के संकेत भी साफ हैं, राजस्व विभाग को निर्देश दे दिए गए हैं कि बकायादारों के खिलाफ घर-घर जाकर वसूली अभियान चलाया जाए, यानी अब नोटिस नहीं सीधे दरवाजे पर दस्तक होगी, निगम का फोकस सिर्फ वसूली नहीं बल्कि सिस्टमेटिक मॉनिटरिंग पर भी है, इसलिए टीमों को हर कार्रवाई की फोटो व्हाट्सएप पर अपडेट करने के निर्देश दिए गए हैं ताकि हर कदम पर नजर रखी जा सके, मौजूदा स्थिति में अंतिम तिथि तक सिर्फ 25 दिन शेष हैं और निगम लगातार अपील कर रहा है कि नागरिक समय रहते टैक्स जमा कर अतिरिक्त शुल्क से बचें, दिलचस्प बात यह है कि शनिवार और रविवार जैसे अवकाश के दिनों में भी बड़ी संख्या में लोग निगम कार्यालय पहुंचकर टैक्स जमा कर रहे हैं जो शहरवासियों की बढ़ती जागरूकता और जिम्मेदारी को दर्शाता है, निगम प्रशासन ने ऑनलाइन भुगतान को भी बढ़ावा देने की बात कही है ताकि लोग घर बैठे ही अपना बकाया क्लियर कर सकें और लाइन में लगने से बचें, पूरे अभियान का मकसद सिर्फ राजस्व जुटाना नहीं बल्कि शहर के विकास में नागरिकों की भागीदारी सुनिश्चित करना है, क्योंकि यही टैक्स सड़क, सफाई, पानी और बुनियादी सुविधाओं का आधार बनता है, निगम की सीधी अपील है कि 30 अप्रैल से पहले अपना संपत्तिकर जमा करें और पेनाल्टी से पूरी तरह राहत पाएं, क्योंकि इसके बाद सिस्टम नहीं, सीधा सरचार्ज और सख्त कार्रवाई ही आपका इंतजार कर रही होगी।

## बीजापुर में 12वीं बोर्ड परीक्षा संचालन पर अहम बैठक, सख्त निर्देश जारी



बीजापुर (समय दर्शन)। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित कक्षा बारहवीं की बोर्ड परीक्षाओं के प्रभावी एवं सुचारू संचालन को लेकर सभी केंद्र अधीक्षकों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। यह बैठक जिला शिक्षा अधिकारी श्री लखन लाल धनेलिया की उपस्थिति में तथा दोनों मास्टर ट्रेनर्स के साथ स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, बीजापुर में संपन्न हुई।

बैठक के दौरान छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल, बीजापुर द्वारा जारी सभी दिशा-निर्देशों पर विस्तार से चर्चा की गई। केंद्र अधीक्षकों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि वे परीक्षा से संबंधित सभी नियमों और निर्देशों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करें।

इस दौरान विशेष रूप से वन टाइम लॉक (ह्रह्वद्र ञ्जद्बद्वद्ग रुशष्द्म) के सही एवं प्रभावी उपयोग पर जोर दिया गया। साथ ही परीक्षा के निष्पक्ष एवं पारदर्शी संचालन के लिए आवश्यक सावधानियों की भी विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

अधिकारियों ने सभी केंद्र अधीक्षकों को निर्देशित किया कि वे इन दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन करें, जिससे परीक्षा का आयोजन अनुशासन, पारदर्शिता एवं निष्पक्षता के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हो सके।

**कुर्मी भवन जामगांव (एम) में डोम शेड और मंच बनाने की घोषणा की**

# कुर्मी क्षत्रिय समाज का गौरवशाली अतीत रहा है- उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा

**-तर्रा में सामाजिक भवन हेतु 12 लाख की घोषणा***

**-चन्द्रनाहू कुर्मी क्षत्रिय समाज दुर्ग राज के 56 वें वार्षिक अधिवेशन में शामिल हुए उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा**



दुर्ग (समय दर्शन)। प्रदेश के उप मुख्यमंत्री, गृह, पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री तथा दुर्ग जिला के प्रभारी मंत्री श्री विजय शर्मा आज दुर्ग जिले के पाटन विकास खंड के ग्राम जामगांव (एम) में चन्द्रनाहू कुर्मी क्षत्रिय समाज दुर्ग राज के 56 वें वार्षिक अधिवेशन में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। दुर्ग ग्रामीण विधायक तथा प्रदेश के अन्य पिछड़ा वर्ग विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष श्री ललित चंद्राकर भी अधिवेशन में विशिष्ट अतिथि मौजूद थे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने कहा कि चन्द्रनाहू कुर्मी क्षत्रिय समाज का गौरवशाली अतीत रहा है। उन्होंने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज और सरदार वल्लभ भाई पटेल जैसे समाज के पुरोधाओं ने देश को दिशा दिखाई है। गृह मंत्री श्री शर्मा ने कहा कि समाज के सामाजिक संगठन की मजबूती के लिए ऐसे अधिवेशन होते रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि आज मैं अपने आप को कुर्मी समाज के बीच पाकर कृतज्ञ हुआ हूं। अधिवेशन में समाज की महिलाओं की बड़ी भागीदारी पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए अवगत कराया कि महिलाओं की प्रतिभा को स्थान व सम्मान दिलाने देश के प्रधानमंत्री श्री मोदी जी के मंशा के अनुरूप विधान सभा एवं लोक सभा तथा अन्य सभी जगह महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण सुनिश्चित करने आगामी 16, 17 एवं 18 तारीख को संसद का विशेष सत्र का आयोजन किया जा रहा है। गृह मंत्री श्री शर्मा ने बस्तर सहित छत्तीसगढ़ को नक्सल मुक्त राज्य बनाने का श्रेय जवानों को देते हुए बस्तर में शांति स्थापना पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला। इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री शर्मा ने अपने कर कमलों से समाज की उन्नत कृषक श्रीमती पूजा चंद्राकर, सफल व्यवसायी श्री विनोद चंद्राकर और कलाकार श्री पप्पू चंद्राकर को समाज की ओर से साल व श्रीफल भेंट कर सम्मान किया। उन्होंने समाज की मांग पर सामाजिक भवन जामगांव (एम) में डोम शेड और मंच निर्माण तथा ग्राम तर्रा में कुर्मी सामाजिक भवन हेतु 12 लाख रूपए की घोषणा की।

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि दुर्ग ग्रामीण विधायक श्री ललित चंद्राकर ने अपने संक्षिप्त उद्बोधन में कहा कि समाज के विकास के लिए शिक्षा और संगठन दोनों आवश्यक है। उन्होंने कहा कि संगठित प्रयास से हर कार्य संभव होता है। वहीं समाजिक जागरूकता के लिए शिक्षा बहुत जरूरी है। उन्होंने समाज के विकास के लिए माताओं एवं बहनों को आगे आने का आह्वान किया। चंद्रनाहू कुर्मी क्षत्रिय समाज के केन्द्रीय एवं प्रदेश स्तर के पदाधिकारियों ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे।

## खबर-खास

### हल्की बारिश से पिथौरा बस स्टैंड जल मग्न



**पिथौरा( समय दर्शन )।** रविवार की सुबह हुई हल्की बारिश के बाद पिथौरा बस स्टैंड क्षेत्र में पानी भर जाने एवं गाड़ियों के आवा जाही से कीचड़ की स्थिति बन गई। जिससे लोगों को आवागमन में परेशानी हुई। स्थानीय लोगों का कहना है कि नगर में गौरव पथ निर्माण कार्य शुरू हुए दो वर्ष से अधिक समय हो चुका है, लेकिन बस स्टैंड क्षेत्र में अब तक व्यवस्थित व्यवस्था नहीं हो पाई है। लोगों का कहना है कि हल्की बारिश में भी यहां कीचड़ हो जाने से यहां अक्सर सामान्य और दैनिक गतिविधियां प्रभावित होती हैं। निर्माण कार्य के चलते आवागमन में दिक्कतें बढ़ी हैं और सुविधाओं में अपेक्षित सुधार नहीं दिख रहा है। गौरव पथ निर्माण कार्य का उद्देश्य नगर में बुनियादी ढांचे को बेहतर बनाना बताया जा रहा है। हालांकि, स्थानीय लोगों ने मांग की है कि बस स्टैंड क्षेत्र में जल्द आवश्यक सुधार कार्य किए जाएं, ताकि आमजन को राहत मिल सके। अब समय बताएगा कि इस मामले को लेकर जनता के सरोकारों से जुड़े मुद्दों पर नगरीय निकाय क्या उचित कदम उठाती है।

### शहरी क्षेत्र में टी बी उन्मूलन हेतु निक्षय निरामय फेस 0.2 अंतर्गत शिविर का हुआ सफल आयोजन



**बेमेतरा ( समय दर्शन )।** स्वास्थ्य विभाग जिला बेमेतरा में क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम तहत टीबी मुक्त बेमेतरा जिला बनाने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है जिसके तहत अत्याधुनिक एक्स-रे मशीन से उच्चोखिम लोगों का विभिन्न स्थानों पर शिविर आयोजित कर टी बी स्क्रीनिंग किया जा रहा है साथ में टी बी मुक्त भारत अभियान की जानकारी, टी बी के लक्षण,उपचार,बचाव की संपूर्ण जानकारी उच्चोखिम लोगों को साझा किया जा रहा है। इसी क्रम में

100 दिवसीय टीबी मुक्त भारत अभियान तहत 4 अप्रैल को राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम जिला बेमेतरा के अंतर्गत कलेक्टर सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई के निर्देश पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अमृत लाल रोहलेडर के मार्गदर्शन एवं जिला क्षय अधिकारी डॉ बी एल राज , जिला कार्यक्रम प्रबंधक सुश्री लता बंजारे जिला कार्यक्रम समन्वयक सुश्री संपत्ति बंजारे के नेतृत्व में 100 दिवसीय टीबी मुक्त भारत अभियान को सफल बनाने में अत्याधुनिक हैंड हेल्ड पोर्टेबल एक्स-रे मशीन के माध्यम से बेमेतरा के शहरी क्षेत्र में शिविर आयोजित कर कुल जनसंख्या 12103 का टीबी स्क्रीनिंग किया गया जिसमें 254 उच्च जोखिम समूहों का पहचान किया गया इस उच्चजोखिम समूह से 149 लोगों का अत्याधुनिक हैंड हेल्ड पोर्टेबल एक्स-रे मशीन से जांच किया गया, जिसमें एक टीबी से ग्रसित होने की पुष्टि हुई तथा 6 लोगों का जो संदेहास्पद था उनका स्पूटम अत्याधुनिक ट्रू - नाट मशीन से जांच हेतु सैंपल कलेक्शन कराया गया । इस टी बी मुक्त अभियान शिविर में बेमेतरा शहरी क्षेत्र के स्वास्थ्य विभाग सभी स्टाफ मितानिन , द्वारा पूर्व से ही लोगों को टीबी के अभियान की संपूर्ण जानकारी सर्वे कर दी गई।

# बूथ व पंचायत अध्यक्षों के गठन को लेकर हुई अहम बैठक, नव नियुक्त पदाधिकारियों का हुआ सम्मान



**गरियाबंद ( समय दर्शन )।** जिला व ब्लॉक क्षेत्र में कांग्रेस संगठन को मजबूती प्रदान करने के उद्देश्य से बूथ अध्यक्ष एवं पंचायत अध्यक्षों के गठन को लेकर युद्ध स्तर पर बैठक आयोजित की गई।बैठक में संगठन विस्तार, कार्यकर्ताओं की भूमिका एवं आगामी रणनीति को लेकर छुरा राजमहल के प्रांगण में विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक के दौरान जिलाध्यक्ष सुखचंद बेसरा ने कहा कि बूथ स्तर तक मजबूत संगठन ही पार्टी की सबसे बड़ी ताकत होता है।

इसी के तहत तेजी से बूथ अध्यक्ष एवं पंचायत अध्यक्षों का गठन किया जा रहा है,ताकि जमीनी स्तर पर संगठन और अधिक सक्रिय व प्रभावी बन सके।साथ ही कार्यक्रम में नव नियुक्त ब्लाक पदाधिकारियों का सम्मान करते हुए उन्हें नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया।इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने नए पदाधिकारियों को बधाई देते हुए संगठन के प्रति निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ कार्य करने का आह्वान किया।

बैठक में श्रीमती माहेश्वरी शाह अध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस कमेटी छुरा रमेश शर्मा,पन्ना लाल ध्रुव, प्रह्लाद यदु,मेघराम बघेल,नीरज ठाकुर,यशपेन्द्र शाह,हरीश यादव,समद खान,धनेश्वरी मरकाम, नीलकंठ ठाकुर,पुनाराद ठाकुर,सलीम मेमन के साथ बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे और सभी ने संगठन को मजबूत बनाने के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया।

## 100 उत्कृष्ट शिक्षक हुए सम्मानित



### स्कूल शिक्षा मंत्री श्री गजेन्द्र यादव एफएलएन शिक्षक सम्मान समारोह में हुए शामिल

**दुर्ग ( समय दर्शन )।** स्कूल शिक्षा मंत्री श्री गजेन्द्र यादव आज खालसा पब्लिक स्कूल में आयोजित एफएलएन सह नवाचारी वारियर्स शिक्षक सम्मान समारोह में शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर मंत्री श्री यादव ने कहा कि बच्चों की प्रारंभिक शिक्षा को मजबूत बनाने के लिए एफएलएन (मूलभूत साक्षरता एवं संख्यात्मकता) कार्यक्रम शुरू किया गया है, ताकि बच्चे पढ़ने, लिखने और बोलने में दक्ष बन सकें। उन्होंने कहा कि जितनी मजबूत प्रारंभिक शिक्षा होगी, बच्चा उतनी ही अधिक तरक्की करेगा। बच्चों की नींव शिक्षकों के हाथ में होती है, इसलिए स्कूलों में नए शिक्षण तरीकों और गतिविधि आधारित शिक्षा को अपनाया जा रहा है। मंत्री श्री यादव ने एफएलएन के तहत शिक्षकों के अनुभवों पर आधारित एक पुस्तिका का विमोचन भी किया। साथ ही शिक्षा में नवाचार कर विद्यार्थियों को पढ़ने, लिखने और बोलने में दक्ष बनाने वाले 100 उत्कृष्ट शिक्षकों को सम्मानित किया गया। समारोह में बस्तर के 10, बिलासपुर के 30, दुर्ग के 26, रायपुर के 18 और सरगुजा के 16 शिक्षकों को सम्मानित किया गया।

## जिला अधिवक्ता संघ के चुनाव में अध्यक्ष पद पर रमेश शर्मा ने बनाया बढ़त

### रविशंकर सिंह, प्रशांत जोशी, राकेश यदु, साकेत आर मिश्रा, गुरमीत भोगल आगे

### मतगणना की धीमी रफ्तार के मद्दनेजर अंतिम परिणाम देर रात तक आने की उम्मीद



**दुर्ग ( समय दर्शन )।** जिला अधिवक्ता संघ दुर्ग के दो वर्षीय कार्यकाल वाले 9 पदाधिकारी पदों की मतगणना रविवार को न्यायालय परिसर स्थित अधिवक्ता बार क्रमांक-4 के पास की गई। समाचार के लिखे जाने तक कुल 6 बूथों में से 3 बूथों की गिनती पूरी कर ली गई थी।

जिसके उपरांत प्रारंभिक रुझान भी सामने आने लगे थे। इस चुनाव में अध्यक्ष पद पर रमेश शर्मा अपने निकटतम प्रत्याशी जिला अधिवक्ता संघ की पूर्व अध्यक्ष नीता जैन से बढ़त बनाए हुए थे। वे करीब 150 मतों से आगे चल रहे थे। इसी प्रकार वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर प्रशांत जोशी (निकटतम प्रत्याशी ब्रजेश शुक्ला), महिला उपाध्यक्ष पद पूजा मोगरी, सचिव पद रविशंकर सिंह (निकटतम प्रत्याशी विजय चौधरी), सह-सचिव पद राकेश यदु (निकटतम प्रत्याशी कृष्णराज चंदेल), महिला सह-सचिव पद कुमारी संध्या, कोषाध्यक्ष पद साकेत आर मिश्रा (निकटतम प्रत्याशी अनिल जायसवाल), सांस्कृतिक एवं क्रीड़ा सचिव पद गुरमीत सिंह भोगल, महिला आरक्षित सांस्कृतिक एवं क्रीड़ा सचिव पद दशोदा सिक्का बढ़त बनाए हुए थे। फिलहाल 3 बूथों की मतगणना शेष थी। 708 मतों की गिनती अभी और की जानी है। मतगणना की रफ्तार को देखते हुए अंतिम परिणाम रात करीब 11 बजे तक आने की संभावना जताई जा रही है।

जिला अधिवक्ता संघ के कुल 17 पदों के लिए शनिवार को अधिवक्ताओं ने उत्साह के साथ मतदान किया था। इस चुनाव में कुल 64 प्रत्याशी अपना भाग्य आजमा रहे है। इस चुनाव में कुल 1702 मतदाताओं में से 1454 मतदाताओं ने मतदान किया था। मतदान का कुल प्रतिशत 85.50 रहा। बुथ क्रमांक-1 में 227, बूथ क्रमांक-2 में 276, बूथ क्रमांक-3 में 243, बूथ क्रमांक-4 225, बूथ क्रमांक-5 में 239, बूथ क्रमांक 6 में 244 मत पड़े थे। रविवार को सुबह 9 बजे पदाधिकारी पदों की मतों की गिनती शुरु की गई। समाचार के लिखे जाने तक मतगणना जारी थी। सोमवार को 7 कार्यकारिणी सदस्य पद के चुनाव की मतों की गणना की जाएगी।

रविवार को मतगणना मुख्य निर्वाचन अधिकारी राजीव पांडेय के मार्गदर्शन में की गई। जिसमें उप मुख्य चुनाव अधिकारी इसराईल शरीफ मुरली मनोहर देवांगन, राजेश महाडिक, श्याम मिश्रा, हरेन्द्र प्रसाद शाह, असीम कुमार सिंह व टीम के अन्य सदस्यों ने सहयोग दिया। मतगणना के दौरान प्रत्याशियों के समर्थक जिला न्यायालय में डटे रहे। जिससे गहमागहमी का माहौल बना रहा।

## सिगरेट से शुरू हुआ विवाद, खून तक पहुंचा मामला

### सुपेला में धारदार हथियार से हमला करने वाला 19 साल का आरोपी चंद घंटों में गिरफ्तार

**दुर्ग( समय दर्शन )।** सुपेला थाना क्षेत्र में आधी रात का एक मामूली विवाद अचानक खतरनाक हमले में बदल गया जब सिगरेट मांगने पर मना करना दो युवकों पर जानलेवा हमला बन गया, घटना 05 अप्रैल 2026 की रात करीब 12:30 बजे की है जब नेहरू नगर स्थित महेश एलईडी वर्क के सामने किराये के मकान में रहने वाले युवक और उसके दोस्त के पास एक अज्ञात युवक पहुंचा और सिगरेट मांगी, मना करने पर पहले गाली-गलौज हुई और मामला शांत होता दिखा लेकिन कुछ देर बाद वही युवक वापस लौटा और अचानक विवाद करते हुए धारदार हथियार से हमला कर दिया, हमले में प्रार्थी के बाएं पसली में गंभीर चोट आई जबकि उसके साथी के दाहिने हाथ पर वार किया गया, हमला करने के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गया, घायल युवकों ने तुरंत थाना सुपेला पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई जिस पर पुलिस ने अपराध क्रमांक 489/2026 दर्ज करते हुए धारा 296, 115(2), 351(3) बीएनएस और 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत मामला कायम कर जांच शुरू की, पुलिस ने बिना समय गंवाए तकनीकी इनपुट और स्थानीय सूचना के आधार पर आरोपी की पहचान की और घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया, गिरफ्तार आरोपी की पहचान आलोक राम टेके उम्र 19 वर्ष निवासी अटल आवास नेहरू नगर सुपेला दुर्ग के रूप में हुई, आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त एक धारदार हथियार भी बरामद किया गया, पूछताछ और विधिक कार्रवाई के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर न्यायालय में पेश किया गया, इस पूरी कार्रवाई में थाना सुपेला के थाना प्रभारी निरीक्षक विजय यादव के नेतृत्व में सउनि राजीव उर्वसा, प्रधान आरक्षक नवीन सिंह, आरक्षक धर्मेन्द्र सूर्यवंशी और सुरेन्द्र पटेल की सक्रिय भूमिका रही, पुलिस ने साफ कहा है कि मामूली विवाद भी हिंसा में बदल सकता है इसलिए नागरिक संयम रखें और किसी भी आपराधिक गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

## अब भी नहीं जागे तो जेब पर पड़ेगा सीधा 17प्रतिशत वार

**दुर्ग ( समय दर्शन )।** दुर्ग शहर में संपत्तिकर को लेकर नगर पालिक निगम ने साफसंदेश दे दिया है कि अब लापरवाही महंगी पड़ेगी, क्योंकि 30 अप्रैल 2026 तक टैक्स जमा करने पर जहां पूरी तरह पेनाल्टी से राहत मिलेगी वहीं 1 मई के बाद यही बकाया टैक्स 17 प्रतिशत तक सरचार्ज के साथ वसूला जाएगा, 05 अप्रैल को निगम प्रशासन ने अंतिम तिथि बढ़ाकर करदाताओं को एक बड़ा मौका दिया है ताकि अधिक से अधिक लोग इस छूट का लाभ उठा सकें, लेकिन इसके साथ ही सख्ती के संकेत भी साफहैं, राजस्व विभाग को निर्देश दे दिए गए हैं कि बकायादारों के खिलाफघर-घर जाकर वसूली अभियान चलाया जाए, यानी अब नोटिस नहीं सीधे दरवाजे पर दस्तक होगी, निगम का फोकस सिर्फवसूली नहीं बल्कि सिस्टमेटिक मॉनिटरिंग पर भी है, इसलिए टीमों को हर कार्रवाई की फोटो व्हाट्सएप पर अपडेट करने के निर्देश दिए गए हैं ताकि हर कदम पर नजर रखी जा सके, मौजूदा स्थिति में अंतिम तिथि तक सिर्फ25 दिन शेष हैं और निगम लगातार अपील कर रहा है कि नागरिक समय रहते टैक्स जमा कर अतिरिक्त शुल्क से बचें, दिलचस्प बात यह है कि शनिवार और रविवार जैसे अवकाश के दिनों में भी बड़ी संख्या में लोग निगम कार्यालय पहुंचकर टैक्स जमा कर रहे हैं जो शहरवासियों की बढ़ती जागरूकता और जिम्मेदारी को दर्शाता है, निगम प्रशासन ने ऑनलाइन भुगतान को भी बढ़ावा देने की बात कही है ताकि लोग घर बैठे ही अपना बकाया क्लियर कर सकें और लाइन में लगने से बचें, पूरे अभियान का मकसद सिर्फराजस्व जुटाना नहीं बल्कि शहर के विकास में नागरिकों की भागीदारी सुनिश्चित करना है।

## भाजपा का स्थापना दिवस एवं अंबेडकर जयंती धूमधाम से मनाने योजना बनी

### ओमप्रकाश चौधरी के नेतृत्व में भाजपा मंडल भंवरपुर की बैठक संपन्न



**बसना ( समय दर्शन )।** भारतीय जनता पार्टी मंडल भंवरपुर की विशेष बैठक आज आयोजित की गई, जिसमें आगामी 'भाजपा स्थापना दिवस' और 'बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती' को गरिमामयी ढंग से मनाने हेतु विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गई।

### वैचारिक अधिष्ठान और गौरव का पर्व

बैठक की शुरुआत करते हुए मंडल अध्यक्ष डेविड चौधरी ने अपनी प्रस्तावना रखी। उन्होंने कहा कि 6 अप्रैल को पार्टी का स्थापना दिवस और 14 अप्रैल को संविधान निर्माता डॉ. अंबेडकर की जयंती हमारे लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि इन अवसरों पर बूथ स्तर तक सेवा कार्य और विचार गोष्ठियों का आयोजन किया जाए, जिससे संगठन की रीति-नीति जन-जन तक पहुँचे। मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित मंडल प्रभारी ओमप्रकाश चौधरी ने अपने उद्बोधन में कार्यकर्ताओं को ऊर्जा प्रदान की। उन्होंने कहा कि भाजपा डॉ. अंबेडकर के 'समरसता समाज' के सपने को साकार करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने निर्देश दिए कि स्थापना दिवस पर प्रत्येक घर में पार्टी का झंडा लगाया जाए और अंबेडकर जयंती पर बस्तियों में जाकर बाबा साहेब के योगदान को याद किया जाए।

### बैठक के मुख्य बिंदु

स्वच्छता दिवस 5 अप्रैल

स्थापना दिवस (6 अप्रैल): प्रत्येक शक्ति केंद्र और बूथ पर ध्वजारोहण व मिष्ठान वितरण।

07 अप्रैल सक्रिय सदस्य सम्मेलन

अंबेडकर जयंती (14 अप्रैल): प्रतिमाओं पर माल्यार्पण, संगोष्ठी और सेवा बस्तियों में स्वच्छता अभियान।

**जनसंपर्क :** शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुँचाना।

बैठक में मंडल के शिव चौधरी, देवकी दीवान ,पुरुषोत्तम अग्रवाल ,मोहित नायक, गिरधारी नायक ,रामसिंह नेगी, कौशल करसाल, शिशुपाल पटेल ,चंद्रमणि नायक ,अनु सिदार, धनकुमार साहू ,प्रकाश पारेश्वर, एवं भाजपा के ज्येष्ठ श्रेष्ठ पदाधिकारी, वरिष्ठ कार्यकर्ता और सक्रिय सदस्य उपस्थित रहे, जिन्होंने आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने का संकल्प लिया।

## अवैध खनन पर जिला प्रशासन की बड़ी कार्रवाई, जेसीबी सहित 5 वाहन जत, लगातार जारी है सत अभियान



**बेमेतरा ( समय दर्शन )।** कलेक्टर सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई के निर्देश एवं मार्गदर्शन में जिले में अवैध खनिज उत्खनन और परिवहन के विरुद्ध सख्त कार्रवाई लगातार जारी है। इसी क्रम में आज राजस्व एवं खनिज विभाग के संयुक्त दल द्वारा तहसील थान खमरिया अंतर्गत ग्राम कुरदा एवं जेवरा में शिकायत के आधार पर मौके पर पहुंचकर जांच की गई। जांच ग्राम पंचायत सरपंच एवं ग्रामीणों की उपस्थिति में की गई। कार्रवाई के दौरान अवैध खनन और परिवहन में संलिप्त 1 जेसीबी मशीन, 2 हाईवा वाहन एवं ईंट से भरा 1 स्वराज मासदा वाहन जब्त किया गया। इन सभी वाहनों को सुरक्षार्थ थाना थान खमरिया में खड़ा किया गया है। इसके अलावा अवैध परिवहन के एक अन्य प्रकरण में रेत से भरा 1 हाईवा वाहन भी जब्त कर थाना बेरला में सुरक्षित रखा गया है, जिस पर नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जा रही है। बीते दिवस भी प्रशासन द्वारा सख्त कदम उठाते हुए अवैध परिवहन में संलिप्त दो गिट्टी से भरी हाईवा गाड़ियां जब्त कर थाना बेरला में खड़ी कराई गई थीं। इन मामलों में भी विधिसम्मत कार्रवाई प्रक्रियाधीन है। शिकायत स्थल पर उत्खनन बंद मिला, ग्राम कुरदा में ही एक अन्य शिकायत के आधार पर जब संयुक्त दल द्वारा निरीक्षण किया गया, तो वहां अवैध उत्खनन और परिवहन पूरी तरह बंद पाया गया। इससे स्पष्ट है कि प्रशासन की सख्ती का प्रभाव क्षेत्र में देखने को मिल रहा है। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवैध खनन एवं परिवहन पर रोक लगाने के लिए आगे भी इसी प्रकार निरंतर और सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। प्रशासन ने आम नागरिकों से भी अपील की है कि वे ऐसी गतिविधियों की सूचना तुरंत दें, ताकि समय पर कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।जिले में अवैध खनन के खिलाफ चल रही इस लगातार कार्रवाई से नियमों का उल्लंघन करने वालों पर प्रशासन आवश्यक कार्यवाही करेगी।

# निगम की अपील,अप्रैल में टैक्स जमा करें, नहीं लगेगी पेनाल्टी; 1 मई के बाद 17 प्रतिशत तक सरचार्ज



### निगम सख्त,बकायादारों से घर-घर वसूली, अप्रैल में टैक्स पर छूट का मौका

### 30 अप्रैल तक संपत्तिकर जमा करें, पेनाल्टी से पाएं पूरी राहत

**दुर्ग ( समय दर्शन )।** नगर पालिक निगम दुर्ग द्वारा संपत्तिकर (प्रॉपर्टी टैक्स) जमा करने की अंतिम तिथि को बढ़ाकर अब 30 अप्रैल 2026 कर दिया गया है। यह निर्णय नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए लिया गया है, ताकि अधिक से अधिक करदाता समय पर कर जमा कर शासकीय छूट का लाभ प्राप्त कर सकें। अप्रैल माह के अंत तक संपत्तिकर जमा करने वाले करदाताओं से किसी भी प्रकार की पेनाल्टी नहीं ली जाएगी। वहीं, 1 मई 2026 के बाद पिछले वर्ष का संपत्तिकर जमा करने पर 17 प्रतिशत तक सरचार्ज वसूला जाएगा।

वर्तमान में अंतिम तिथि तक केवल 25 दिन शेष हैं। निगम प्रशासन द्वारा करदाताओं से अपील की गई है कि वे समय रहते अपना बकाया कर जमा कर छूट का लाभ उठाएं एवं अतिरिक्त शुल्क से बचें।

राजस्व विभाग को निर्देशित किया गया है कि आगामी दिनों में घर-घर जाकर बकायादारों से वसूली की जाए तथा नागरिकों को ऑनलाइन टैक्स भुगतान के लिए भी प्रेरित किया जाए।

साथ ही, आयुक्त द्वारा राजस्व अमले को निर्देश दिए गए हैं कि वसूली के दौरान टीम अपनी गतिविधियों की फोटो व्हाट्सएप पर अपडेट करें, ताकि कार्य की सतत मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जा सके। शनिवार-रविवार अवकाश के बावजूद बड़ी संख्या में नागरिकों का निगम कार्यालय पहुंचकर टैक्स जमा करना, शहरवासियों की जागरूकता और सहयोग को दर्शाता है।

निगम प्रशासन समस्त करदाताओं से अपील करता है कि वे 30 अप्रैल 2026 से पूर्व अपना संपत्तिकर जमा कर शासकीय छूट का लाभ प्राप्त करें तथा किसी भी प्रकार की पेनाल्टी या दंडात्मक कार्यवाही से बचें। समय पर कर भुगतान कर शहर के विकास में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।

## पिथौरा में भाजपा का स्वच्छता अभियान, स्थापना दिवस को लेकर कार्यकर्ताओं में उत्साह



**पिथौरा( समय दर्शन )।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश व जिला आह्वान पर पिथौरा मंडल द्वारा शीतला मंदिर परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अभियान में बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल हुए और मंदिर परिसर की साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष आशीष शर्मा ने उपस्थित पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से आगामी भाजपा स्थापना दिवस के अवसर पर अपने-अपने घरों में दीप प्रज्वलन एवं ध्वजारोहण करने तथा इसे सोशल मीडिया पर साझा करने की अपील की। भाजपा जिला प्रवक्ता स्वप्निल तिवारी ने स्थापना दिवस के अवसर पर विभिन्न आयोजनों की जानकारी देते हुए आगामी 7 अप्रैल को महासमुंद में आयोजित सक्रिय एवं सामान्य सदस्यों के सम्मेलन में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने का आह्वान किया। साथ ही उन्होंने गांव बस्ती चलो अभियान को लेकर भी कार्यकर्ताओं को सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष देवेश निषाद, नगर पंचायत उपाध्यक्ष वीरेंद्र तिवारी, विजय नायक, विक्की सलूजा, वेदप्रकाश गोयल, मन्नूलाल ठाकुर, रामकुवर सिंहा, दीपक देवी, गजेन्द्र, अंजली पांडे, संदीप सेन, दुलिकेशन साहू, राजेश चौधरी, दुर्गेश सिंहा, पुष्पराज, गजेन्द्र देव एवं डड़सेना सहित अन्य पदाधिकारी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## खबर-खास

### प्रदेश क़ी जेलों मे बंद माओवादियों के मामलो के वापसी पर विचार करेगी, सरकार माओ वादियों को पुनरवास कराएगी

**जगदलपुर ( समय दर्शन )।** छत्तीसगढ़ मे नक्सलवाद को समाप्त कर नक्सलियों के पुनर्वास की योजना सरकार बना रही है, सरकार जेल में बंद नक्सलियों के भी पुनर्वास करने की योजना तैयार कर रही है।

गत दो वर्षों में 500 से अधिक माओवादी मारे गए, 3 हजार माओवादियों ने पुनर्वास किया. करीब 2 हजार माओवादियों की गिरफ्तारियां भी हुई है. नक्सल मामलों में छत्तीसगढ़ के विभिन्न जेलों में बंद माओवादी जो छुट-पुट घटनाओं में शामिल रहे. ऐसे माओवादियों के प्रकरण को वापस लेने और उनका पुनर्वास कराने की योजना सरकार की है.

गृहमंत्री ने कहा था कि सरकार की पुनर्वास नीति केवल कागज का पुलिंदा नहीं है, और केवल ईनाम की राशि नहीं है. पुनर्वास नीति में बस्तर ओलंपिक और बस्तर पंडुम भी शामिल है. पुनर्वास नीति के माध्यम से यह कल्पना सरकार की है कि यदि जंगल से पुनर्वास हो सकता है, तो जेलों से भी पुनर्वास किया जा सकता है.

उन्होंने कहा कि जंगल से पुनर्वास किए माओवादी जेलों में जाकर अपने परिजनों और अपने मित्रों से मिलते हैं. अगले चरण में जेलों में बंद माओवादियों को पैरोल पर निकालकर पुनर्वास केंद्रों में लाकर मिलाया जाएगा. और जिन्होंने पुनर्वास किया है वे जेलों में बंद माओवादियों को पुनर्वास के लिए प्रेरित करेंगे. जिसके बाद सरकार उनके जमानत के लिए कार्य करेगी. और जमानत पर आकर पुनर्वास केंद्रों में रहकर सामान्य जीवन जी सकते है।

### 01नग देशी पिस्टल,02 मैगजीन,18 नग जिंदा राउंड के साथ 02 युवक गिरफ्तार






**सारँगढ बिलाईगढ़ ( समय दर्शन )।** अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेये,अति0 पुलिस अधीक्षक श्रीमती निमीषा पाण्डेय एवं डीएसपी सुश्री संतोषी ग्रेस के द्वारा अवैध कार्यों में संलिप्त व्यक्तियों पर कड़ी कार्रवाई करने निर्देशित किये जाने पर थाना प्रभारी प्रमोद यादव के कुशल मार्ग दर्शन में आज वाहन चेकिंग दौरान हुंडई आई टेन कार में अवैध हथियार के साथ 02 युवकों को गिरफ्तार करने में सफ्लता प्राप्त हुई।

विवरण इस प्रकार है कि दिनांक 04/04/2026 को कंचनपुर बैरियर में वाहन चेकिंग दौरान रायगढ़ तरफसे आते सफेद रंग की आई टेन कार क्र क्र65 ष्ठ 5833 में 01 नग देशी पिस्टल ,02 मैगजीन,18 नग जिंदा राउंड के साथ 02 युवकों को पकड़ा गया। जिनसे पिस्टल ,राउंड के बारे में पूछताछ करने पर प्रयागराज से ब्लैक में खरीदना तथा अभी जगन्नाथ पूरी घूमने जाना बताए।आरोपियों को नोटिस देने पर हथियार के संबंध में कोई कागजात नहीं होना बताए जाने पर अवैध 01नग देशी पिस्टल,02 मैगजीन,18 नग जिंदा राउंड और आई टेन कार क्र क्र65 ष्ठ 5833को गवाहों के समक्ष जप्त कर दोनों आरोपियों के खिलाफथाना सरिया में अप क्र 69 /2026 धारा 25 आर्म्स एक्ट पंजीबद्ध कर आरोपी को विधिवत् गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया। उपरोक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी प्रमोद यादव प्रधान आर.भोजराम नट ,मोहन गुप्ता,विजय यादव आरक्षक- दिगंबर पटेल, श्रवण टंडन,विमल जांगड़े,नरेंद्र चंद्रा, दिलीप स्नेही, लक्ष्मी पटेल साइबर सेल से रामकुमार मानिकपुरी एवं समस्त थाना स्टाफकी प्रमुख भूमिका रही।

# एससी एसटी ओबीसी महासंघ की बैठक जिलाध्यक्ष बसंत सिन्हा की अध्यक्षता में सम्पन्न

### सर्व छत्तीसगढ़िया समाज का बैठक कर्मा भवन में सम्पन्न



**महासमुन्द ( समय दर्शन )।** महासमुन्द सर्व छत्तीसगढ़िया समाज एससी एसटी ओबीसी महासंघ की बैठक जिलाध्यक्ष बसंत सिन्हा की अध्यक्षता में साहु समाज के कर्मा भवन में सम्पन्न हुआ।

राष्ट्रीय जनगणना 2027 के 33 बिंदु वाले कालम में ओबीसी वर्ग की पृथक उल्लेख नहीं होने से समाज ने नाराजगी व्यक्त करते हुए 6 अप्रैल 2026 सोमवार को प्रधानमंत्री के नाम से कलेक्टर महासमुंद को ज्ञापन सौंपेगा। दुसरे चरण में ओबीसी वर्ग के विधायक सांसद को भी ज्ञापन देकर मांग करने का निर्णय लिया है। वहीं छत्तीसगढ़ के नीजि मेडिकल कॉलेज में एससी एसटी ओबीसी वर्ग के सीटों में चयनित छात्रों की फीस अन्य राज्यो की भांति छत्तीसगढ़ राज्य सरकार को भुगतान करने की मांग मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा, तथा मुख्यमंत्री से मिलकर मांग भी रखी जायेगी। बैठक में सरंक्षक गण धरमदास साहु,एच आर बघेल, एसपी ध्रुव, जिलाध्यक्ष बसंत सिन्हा,कार्यकारी जिलाध्यक्ष विजय बंजारे,एम एल ध्रुव व प्रदेश सचिव मुन्ना साहु, जिला उपाध्यक्ष द्रोण चंद्राकर,दीपक साहू,हीरा नेताम, महामंत्री रेखराज बघेल,विधि सलाहकार राजेश डड्सेना, संगठन सचिव डमरु प्रसाद मांझी, भुपेंद्र चंद्राकर,राजेश रात्रे, सहदेव ध्रुव, ओमप्रकाश ध्रुव, महेश कुमार ध्रुव, भानुप्रताप ठाकुर,बी एस नेताम सनमान सिंह दीवान, कोषाध्यक्ष टोमन सिंह कागजी, प्रवक्ता सुरेन्द्र ठाकुर शामिल रहे।

# छत्तीसगढ़ हॉकी की दूसरी जीत, कर्नाटक को 4-1 से हराया




**राजनांदगांव ( समय दर्शन )।** राजगीर (बिहार) में चल रही 16वीं हॉकी इंडिया सब जूनियर बालक राष्ट्रीय प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए कर्नाटक को 4-1 से पराजित किया। यह टीम की प्रतियोगिता में दूसरी जीत है।

टीम की इस उपलब्धि पर छत्तीसगढ़ हॉकी संघ के अध्यक्ष फिरोज अंसारी ने खिलाड़ियों की जमकर सराहना की। छत्तीसगढ़ की ओर से ओम यादव, रोहन मिंज, अभिषेक यादव और लवी मानिकपुरी ने 1-1 गोल किया। लवी मानिकपुरी को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार भी मिला।

इससे पहले टीम ने मेजबान बिहार के खिलाफ 2-2 से ड्रॉ खेला था और हिमाचल प्रदेश को 7-2 से हराया था। पूल का अंतिम मैच कल हिमाचल प्रदेश के खिलाफ खेला जाएगा। पूल की शीर्ष टीम मर्टर फाइनल में प्रवेश करेगी।

छत्तीसगढ़ टीम में यजत कौशिक, योगेश ठाकुर, नमन देवांगन, प्रिंस महतो, आकाश तिर्की, ओम यादव, रोहन मिंज, पियूष साहू, अभिषेक यादव, धनंजय यादव, कश्मीर मिंज, आदर्श राज, भावेश घोड़े, गोपाल पैकरा, लवी मानिकपुरी, मिहिर यादव, आयुष साहू, दक्ष चौबे शामिल हैं। योगेश द्विवेदी टीम के कोच और भूपत अलेंद्र मैनेजर हैं।

# संत समिति की राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठक, महंत रामरूप दास महात्यागी बने छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष




**सरगांव/बिलासपुर ( समय दर्शन )।** गत दिवस नासिक में आयोजित अखिल भारतीय संत समिति की राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठक देश भर से आए दो सौ संत,महंत, आचार्य, महामण्डलेश्वरों की गरिमामयी उपस्थिति में सम्पन्न हुई। इस महत्वपूर्ण बैठक में 2027 नासिक सिंहस्थ कुंभ की तैयारी, आंतरिक सुरक्षा, धर्मांतरण,लव जेहाद, हिन्दू आचार संहिता विषय पर अखिल भारतीय संत समिति की राष्ट्रीय कार्यसमिति के इस बैठक में गहन चिंतन हुआ। साथ ही

संत समाज से जुड़े विभिन्न विषयों पर व्यापक विचार-विमर्श किया गया तथा संगठन के सुदृढ़ीकरण एवं विस्तार को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

बैठक के दौरान संत समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष अविचलदेवाचार्य जी ने महंत रामरूप दास महात्यागी जी (श्री हरिहर क्षेत्र केदार द्वीप मदकू)को अखिल भारतीय संत समिति के छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष पद की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी। इस घोषणा के साथ ही उपस्थित संतों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं प्रदान कीं।

इस अवसर पर संत समिति के राष्ट्रीय महामंत्री जितेन्द्रानंद सरस्वती, अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष रविन्द्र पुरी, राजेन्द्र दास, नरेन्द्र दास (राजनांदगांव), सर्वेश्वर दास (कोटमी सोनार), राधेश्याम दास (सेतगंगा, मुंगेली), जितेन्द्रानंद गिरी एवं राधे-राधे बाबा सहित अनेक संत-महात्मा उपस्थित रहे।

बैठक में संत समाज की एकजुटता, धार्मिक एवं सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण तथा समाज में आध्यात्मिक चेतना के प्रसार पर विशेष बल दिया गया। वक्ताओं ने कहा कि संत समाज सदैव राष्ट्र एवं समाज के मार्गदर्शन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता रहा है और भविष्य में भी यह परंपरा निरंतर जारी रहेगी।

अंत में नव नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष महंत रामरूप दास महात्यागी जी ने संत समिति के शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे उन्हें सौंपी गई जिम्मेदारी का निष्ठापूर्वक निर्वहन करेंगे तथा छत्तीसगढ़ में संत समिति को और अधिक सशक्त बनाने हेतु सतत प्रयासरत रहेंगे।

श्री हरिहर क्षेत्र केदार द्वीप सेवा समिति मदकू और राधा कृष्ण मंदिर सेवा समिति मदकू के पदाधिकारियों के द्वारा महंत रामरूप दास महात्यागी जी को इस उपलब्धि पर मंगलकामनाएं प्रेषित करते हुए हर्ष व्यक्त किया है।

# असली मार्केट की रोज गोताखोरी के बावजूद आभासीय मुद्रा में विदेशी दौरे, भविष्य में बड़े घोटाले का दे रहे संकेत

**बिलासपुर ( समय दर्शन )।** जब भारत के शेयर मार्केट में रोज निवेशकों का 8 - 9 लाख करोड रुपए डूब रहा है तो आभासीय मुद्रा (क्रिप्टो) ठग नए पेंत्रो के साथ काम कर रहे हैं। नई बोतल में पुरानी शराब खुद को डिसेंट्रलाइज कहने वाला द्यद्दठ्ठह्य की एक टीम इन दोनों विदेश यात्रा पर है। ले जाने वाला पुराना पापी है और जाने वाले भविष्य में कटने वाले बकरे हैं। बाजार की अनिश्चित के बीच भारत सरकार ने क्रिप्टो को लेकर बड़ा पॉलिसी अपडेट फ्लिहाल टाल दिया है।

सरकार ने 2023 से तैयार हो रही डिस्कशन पेपर अनिश्चितकाल के लिए रोक दी फ्लिहाल सरकार 30त्न टैक्स, 1त्न टीडीएस और निगरानी के जरिए ही क्रिप्टो सेंटर को नियंत्रित करना चाह रही है इसका अर्थ है अनिश्चित बनी रहेगी और द्यद्दठ्ठह्य जैसे प्लेटफार्म जो सरकार की 11 वाली सूची में नहीं आते उसमें निवेश करने वाले कभी भी बड़े संकट में फ्स सकते हैं।

हिंदी पट्टी जिम मध्य प्रदेश, बिहार, उत्तर प्रदेश, झारखंड, हरियाणा, छत्तीसगढ़ आता है। यह निवेशकों के लिए भी गोबर पट्टी है और ठगों के लिए स्वर्ग पट्टी तभी तो छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, झारखंड में ठगों ने अपना बड़ा जाल फैला रखा है। पिछले वर्ष छत्तीसगढ़ में तीन फर्जी आभासीय मुद्रा इसी कारण डूबी, मजेदार बात यह थी की आभासी मुद्रा और उसका संचालक लोकल था ठगों का एक ही फंडा है। अपने निवेश ग्रुप में खाकी और काले कोट को शामिल रखो इससे आम निवेशकों को बेवकूफ बनाना आसान होता है। कालाकोट और खाकी इस भरोसे से जुड़ते हैं कि वे हुक या कुक लगाकर अपना पैसा वसूल ही लेंगे। और यह सही भी है ट्रेड कैफे में सूत्र बताते हैं कि खाकी का करोड़ से अधिक डूबा था जो कि दबाव डालकर वसूल लिया गया। पर आम शहरी ठगाने पर कहां जाएगा।

आभासीय मुद्रा में तो ना आरबीआई ना सेबी और ना ही कोई अन्य जांच एजेंसी मदद करती है। आमतौर पर अभी तक बिलासपुर में आभासीय मुद्रा में हुई ठगी के प्रकरण में ना तो किसी को सजा हुई है ना ही ठगी के पैसे को होल्ड कराया जा सका है। ऐसे में विदेश यात्रा का लालच बैंकॉक पटाया थाईलैंड में मसाज भविष्य में आती महंगा पड़ने वाला है।

# निर्धारित दर से अधिक मूल्य पर यूरिया बिक्री की शिकायत पर कृषि केंद्रों का किया गया निरीक्षण



**मुंगेली( समय दर्शन )।** जिले में निर्धारित मूल्य से अधिक दर पर यूरिया बिक्री किए जाने की प्राप्त शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए प्रशासन द्वारा त्वरित कार्यवाही की गई। कलेक्टर कुन्दन कुमार एवं जिला पंचायत सीईओ के निर्देशानुसार मुंगेली एसडीएम अजय शतरंज सहित उप संचालक कृषि और नायब तहसीलदार की संयुक्त टीम द्वारा जिला मुख्यालय स्थित विभिन्न निजी कृषि केंद्रों का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान सुपर एजेंसी, पंजाब एजेंसी, कैलाश ट्रेडर्स, शक्ति माई कृषि केंद्र सहित अन्य निजी उर्वरक केंद्रों की जांच की गई। संयुक्त टीम ने मौके पर उपस्थित किसानों से यूरिया की बिक्री दर, उपलब्धता एवं वितरण व्यवस्था के संबंध में विस्तृत पूछताछ की। साथ ही केंद्रों में पीओएस मशीन, स्टॉक रजिस्टर एवं बिक्री रसीदों की गहन जांच की जा गई, ताकि निर्धारित दर से अधिक मूल्य वसूली अथवा अनियमितता की पुष्टि की जा सके। निरीक्षण के दौरान सभी विक्रेताओं को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि किसानों को केवल किसान पोर्टल में पंजीकृत रकबा के आधार पर शासन द्वारा निर्धारित दर पर ही यूरिया उपलब्ध कराया जाए। किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर संबंधित विक्रेता के विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। टीम द्वारा किसानों से किसी भी केंद्र पर निर्धारित मूल्य से अधिक राशि लेने पर इसकी सूचना तत्काल संबंधित विभाग अथवा प्रशासन को देने की समझाइश दी गई, ताकि दोषियों के विरुद्ध त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

### देशी [ ार्टर व कच्ची महुआ शराब के एक महिला और एक पुरुष आरोपी गिरतार




**गरियाबंद ( समय दर्शन )।** जिले में पुलिस अधीक्षक के निर्देश में अवैध शराब के खिलाफ चल रही कार्रवाई के तहत सोटी कोतवाली पुलिस ने बड़ी सफ्लता हासिल की है ।जिसमे ग्राम कोसमी ब और सोहागपुर में दबिश देकर एक महिला और एक पुरुष आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सीटी कोतवाली प्रभारी ओपी यादव को अवैध शराब बेचे जाने की जानकारी मुखबिर से प्राप्त हुआ इस जानकारी के आधार पे मुखबिर के बताए स्थान में दबिश दिया गया जिसमें बिंदु मरकाम निवासी ग्राम कोसमी ब से 29 क्वार्टर देसी प्लेन शराब एवं लगभग 2 लीटर कच्ची महुआ शराब के साथ पकड़ा गया। वहीं ग्राम सोहागपुर में आरोपी हुमन कमार के घर से 7 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब जप्त किया गया ।पुलिस ने मौके से शराब जब्त कर दोनों के खिलाफआबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर दोनों आरोपियों को न्यायाल में पेश कर जेल भेजे ।बताया जा रहा है कि क्षेत्र में अवैध शराब बिक्री की लगातार शिकायतें मिल रही थीं,जिसके बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए यह सफ्लता हासिल की ।इस कार्रवाई से अवैध कारोबार में संलिप्त लोगों में हड़कंप मच गया है ।पुलिस ने बताया कि अवैध शराब के खिलाफआगे भी लगातार अभियान जारी रहेगा और ऐसे कारोबार में लिप्त लोगों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### भिलाई में जेईई मेन्स परीक्षा के दौरान नकल करते परीक्षार्थी गिरफ्तार

**भिलाई।** एनटीए द्वारा आयोजित जेईई मेन्स परीक्षा में अनुचित साधनों का उपयोग करना एक परीक्षार्थी को भारी पड़ गया। परीक्षा केंद्र में नकल करते पकड़े जाने पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, दिनांक 2 अप्रैल 2026 को आईओएल डिजीटल जोन सिरसाकला, पार्थिवी इंजीनियरिंग कॉलेज, भिलाई-03 में जेईई मेन्स परीक्षा आयोजित की गई थी। परीक्षा की प्रथम पाली के दौरान परीक्षार्थी आदित्य कुमार (20 वर्ष), निवासी मस्तान पारा सुकमा, बायोब्रेक के लिए वाशरूम गया था। लौटने के बाद दोबारा सुरक्षा जांच के दौरान उसकी गतिविधियां संदिग्ध पाई गईं। सिक्योरिटी गार्ड द्वारा मेटल डिटेक्टर से जांच करने पर संदेह होने पर उसकी चप्पल की जांच की गई, जिसमें चप्पल के अंदर काटकर मोबाइल फोन छिपाया गया था।

# बढ़ते कमीशन से सरपंच परेशान, पंचायतों में काम ठप होने की कगार पर

**टारजन महेश**

### सरपंच चुनाव लड़कर कर्ज मे डूबे है,,, और अब कमिशन से काम लाकर डूबते जा रहे




**सारंगढ़-बिलाईगढ़ ( समय दर्शन )।** जिले की ग्राम पंचायतों में इन दिनों बढ़ती कमीशन दर को लेकर सरपंचों में भारी नाराज़गी देखी जा रही है। सरपंचों का कहना है कि पिछले एक पंचवर्षीय कार्यकाल से लगातार कमीशन की दर बढ़ता जा रहा है, जिससे विकास कार्यों पर सीधा असर पड़ता दिखाई दे रहा है ।जानकारी के अनुसार, नाम ना छापने की शर्त पर कई पंचायत प्रतिनिधियों ने बताया की पंचायतों को मिलने वाले निर्माण और विकास कार्यों में अब पहले की तुलना में अधिक कमीशन मांगा जा रहा है। इससे न सिर्फयोजनाओं की गुणवत्ता प्रभावित हो रही है, बल्कि कई सरपंच काम लेने से भी पीछे हटने लगे हैं।

सूत्र की माने तो सरपंचों का आरोप है कि बढ़ती कमीशन व्यवस्था के कारण पंचायतों को पर्याप्त काम भी नहीं मिल पा रहा है। कई योजनाएं कागजों तक सीमित रह जाती हैं या फि्र अधूरी ही छोड़ दी जाती हैं, जिससे गांव के विकास की रफ्तार धीमी पड़ गई है। आपको बता दे सरपंच का कई लेवल है जिसमे राजनीति और धन बल भी काफ़ी मायने रखता है कुछ सरपंच धन बल और राजनिती से समृद्ध है तो कुछ मध्यम तो कुछ ऐसे भी सरपंच है जो उससे भी निचे है जिसकी वजह से हर पंचायत का सरपंच बढ़ते कमिशन की वजह से ठीक से काम नहीं कर पा रहे है जो सक्षम है ओ हाथ पाव मार काम लाकर करा रहा लेकिन परेशान तो ओ भी है लेकिन सबसे ज्यादा ऐसे ग्राम पंचायत है जो दोनों मे सक्षम नहीं ओ मजबूर है खाली बैठने मे जिससे गांव का विकास कार्य प्रभावित हो रहा साथ ही सरपंच की छवि काम न ला पाने और न कर पाने की बन रही है और जिन्होंने कर्ज लेकर कराया उसके बाद और कमिशन देकर काम ला पाने या कराने मे अब हिम्मत नहीं जुटा पा रहे है

### सरपंचों की पीड़ाः ना जाने कब लगेगा न्याय पार

अगर कमीशन का दबाव ऐसे ही बढ़ता रहा, तो पंचायत चलाना मुश्किल हो जाएगा। विकास कार्य करना तो दूर, योजनाओं को शुरू करना भी चुनौती बन गया है ।स्थानीय और पंचायत स्तर पर यह मुद्दा अब गंभीर रूप लेता जा रहा है। सरपंचों ने प्रशासन से मांग की है कि इस व्यवस्था पर लगाम लगाई जाए और पंचायतों को बिना दबाव के काम करने का मौका दिया जाए लेकिन पंचायत सामने आकर इसका खुलकर विरोध नहीं कर पा रहे क्योंकि उन्हें यह भी डर है की अगर सिस्टम के खिलाफ बगावत करेगा तो उन्हें आगे कई तरह की समस्याओ का सामना करना पड़ेगा इसलिए बस ये उनकी पीड़ा बस चर्चाओ मे चल रहा।

### ।। न्यायालय तहसीलदार बोड़ला, जिला-कबीरधाम ( छ.ग. )।।

।। ईश्तहार ।।

रा.प्र.क./ 202511080200008 /अ-19 (3) / वर्ष 2025-26

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि विषयान्तर्गत लेख है कि आवेदक श्री भगत पटेल अध्यक्ष सनातन संस्कार समिति कवर्धा, जिला कबीरधाम छ.ग. द्वारा ग्राम हाथीडोर, प.ह.नं. 37, रा.नि.मं. राजानवागांव, तह. बोड़ला जिला कबीरधाम स्थित शासकीय भूमि ख.नं. रकबा 22.1320 हे. भूमि को शैक्षणिक एवं वैदिक शिक्षा गुरूकुलम शाला प्रारंभ किए जाने हेतु आबंटित किए जाने के संबंध में श्रीमान कलेक्टर महोदय कबीरधाम के समक्ष आवेदन पेश किया गया है जो विधिवत जांच हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

उपरोक्त के संबंध में आवेदक द्वारा ग्राम हाथीडोब प.ह.नं. 37 रा.नि.मं.-राजानवागांव तह. बोड़ला जिला कबीरधाम स्थित शासकीय भूमि ख.नं. 264 रकबा 22.1320 हे. भूमि में से मात्र 2.50 एकड़ भूमि की आवश्यकता होने का लेख करते हुए संशोधित आवेदन श्रीमान कलेक्टर महोदय कबीरधाम छ.ग. के समक्ष में पेश किए जाने में प्रकरण में न्यायालय कलेक्टर जिला- कबीरधाम छ.ग. का ज्ञापन क्र./1472/ रीडर/ कले./2026 कबीरधाम दिनांक 11.03.2026 एवं अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बोड़ला जिला- कबीरधाम छ.ग. का ज्ञापन क्र./ 348/ रीडर-1/अ.वि.अ./2026 बोड़ला दिनांक 20.03.2026 के अनुसार वाद भूमि में से मात्र 2.50 एकड़ भूमि आवेदक को शैक्षणिक एवं वैदिक शिक्षा गुरूकुलम शाला प्रारंभ किये जाने हेतु आबंटित किये जाने के संबंध में पत्र इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

तद्संबंध में जिस किसी व्यक्ति को दावा आपत्ति हो तो स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से लिखित में नियत तिथि 13.04.2026 तक दावा/ आपत्ति इस न्यायालय में पेश कर सकते है। नियत समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

आज दिनांक 30.03.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुद्रा से जारी किया गया है।

जारी दिनांक 30.03.2026
पेशी दिनांक 11.04.2026

मुहर

तहसीलदार
बोडला

### ।। न्यायालय नायब तहसीलदार पाटन, जिला दुर्ग ( छत्तीसगढ़ )।।

।। ईश्तहार ।।

रा.प्र.क. 20260310150071/ब-121 / वर्ष 2025-26
दिनांक 18.03.2026

ग्राम गभरा प.ह.नं. 13
तहसील पाटन, जिला दुर्ग (छ.ग.)

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है। आवेदिका कृष्णा कुमार सिसोदिया पिता उत्तम सिंह सिसोदिया निवासी रायपुर द्वारा मौजा ग्राम गभरा प.ह.न. 13 तह. पाटन जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 486/1 रकबा 0.47 हे. कय किया गया है। उक्त भूमि का नक्शा काफी छोटा प्रदर्शित हो रहा है अतः आवेदिका द्वारा उक्त आवेदित भूमि का नक्शा त्रुटि सुधार किये जाने हेतु आवेदन मय दस्तावेज प्रस्तुत किया है। प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः आवेदक द्वारा प्रस्तुत नक्शा सुधार के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे नियत सुनवाई दिनांक 15/04/2026 तक स्वतः या अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा / आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।

ईश्तहार आज दिनांक 18/03/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

नायब तहसीलदार
पाटन, जिला-दुर्ग ( छ.ग. )

# मूल्यों की शिक्षा आंगनवाड़ी से शुरू हो- बसंत साहू

**नंदिनी अहिवारा ( समय दर्शन )।** महिला एवं बाल विकास विभाग जिला दुर्ग मे 0 से 6 वर्ष के बच्चो के लिए गुड पेरेंटिंग विषय पर संवाद वर्कशॉप का आयोजन अहिवारा के मंगल भवन में किया गया। यह आयोजन विकासखंड वार आयोजन महिला एवं बाल विकास विभाग के सभी परियोजना अधिकारी, पर्यवेक्षक और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओ के लिए की गई. जिसका आयोजन का मुख्य उद्देश्य है कि आज सभी लोग अपने आप से, परिवार से, समाज से तालमेल नहीं बिठा पाते है. हमारी क्या जिम्मेदारी है ? क्या भागीदारी है ? क्या ईमानदारी है ? इसको समझ नहीं पाते है. हमेशा तनाव मे रहते. घर के अंदर तनाव, बाहर तनाव. इसमें तालमेल नहीं बना पर रहे है. और दुखी हो रहे है. बच्चो को कैसे हैंडल करें उनके साथ कैसा अभ्यास हो न हीं समझ पा रहे है. अभी हम सभी भूतकाल की पीड़ा, भविष्य की चिंता और वर्तमान मे विरोध पूर्वक जी रहे है इन्ही सब को लेकर आज का इंसान समस्या ग्रस्त और दुखी है. इन सभी विषयो को समझने का प्रयास इस वर्कशॉप मे किया गया है।



श्रीमती पूनम और बसंत ने बताया कि सत्य को जाँचने का तरीका या क्या सही है ? क्या गलत है ? इसे हम निरीक्षण, परीक्षण और सर्वेक्षण द्वारा जाँचा सकते है धरती पर सभी मानव विश्वास पूर्वक जीना चाहता है, सम्मान पूर्वक जीना चाहता है, व्यवस्था के साथ ही जीना चाहता है, आज जितने भी अपराध या गलती हो रहे हैं इनका बड़ा कारण शिक्षा की कमी है. जहां-जहां हम समझते हैं सुखी होते हैं और जहां नहीं समझे हैं वहां दुखी होते हैं. प्रकृति मे व्यवस्था है यह समझने की आवश्यकता है यदि प्रकृति को समझते हैं तो पता चलता है कि पदार्थ अवस्था, प्राण अवस्था और जीव अवस्था का आचरण निश्चित है मनुष्य को अपना आचरण निश्चित करना बाकी है आज मनुष्य का आचरण अनिश्चित होने से परिवार में टूटन, समाज मे विद्रोह देखने को मिल रहा है आज मानव संबंध को पहचान नहीं पाया है. प्रकृति मे नियम है और नियम को समझना ही शिक्षा है. प्रकृति के नियम को समझना ही शिक्षा कि विषय वस्तु है. जीव चेतना से मानव चेतना मे गुणात्मक परिवर्तन का होना ही चेतना विकास मूल्य शिक्षा है प्रकृति की उपयोगिता को समझ पाना अपनी उपयोगिता पूरकता को समझकर सम्बन्धों को पहचान कर निर्वाह कर पाना ही मूल्य शिक्षा है. वर्कशॉप का सफल आयोजन हेतु आदरणीय संकेत ठाकुर भैय्या जी मानवीय शिक्षा शोध संस्थान, अभ्युदय संस्थान , अछोटी,दुर्ग का मार्गदर्शन और सहयोग रहा है । महिला एवं बाल विकास अधिकारी दुर्ग जिला के अजय साहू जी का निर्देशन में श्रीमती छाया सिँह परियोजना अधिकारी कुसुम वर्मा, संध्या, परमेश्वरी पर्यवेक्षक उपस्थित रहे इस प्रकार से आयोजन 5 विकास खंड पाटन,दुर्ग शहर,भिलाई,दुर्ग अहिवारा के क्या गया जिसमे अभ्युदय संस्थान से विभिन्न प्रबंधकों का मार्गदर्शन मिला जिससे दुर्ग जिला के सभी परियोजना अधिकारी ,पर्यवेक्षक,आंगनबाड़ी अध्यापिका एवं सहयोगी जिनकी संख्या 1650 रही लाभांवित हुए*अनीता शाह दीदी जी* ने बताया कि मां का दायित्व है कि वह बच्चे के शरीर का पोषण, भाषा का पोषण, विचारों का पोषण और संस्कृति का पोषण करती है जब संस्कार का पोषण करते है तो वही ही संस्कृति बनती है यदि हम अपने महत्त्व को समझते है तो नौकरी हमको बहुत छोटी लगती है हम सभी को बहुत बड़ी जिम्मेदारी मिली हुई है शिशु अवस्था बहुत शुद्ध होती है उनका स्पर्श करना ही भाव से भर देता है महिलाओ को अपने महत्त्व को जानना जरुरी है मानव को जन्म देने का सौभाग्य मिला है तो हमें सिर्फ जन्म नहीं देना है उसे मानव बनाना है आज हम मशीनों से या ईश्वर से जरूरतों के लिए भरोषा करते है लेकिन जो जिन्दा लोग हमारे आस पास रहते है उन पर भरोषा नहीं करते है उनसे शिकायत करते रहते है जबकि काम सिर्फ मानव ही आते है मानव आज आवेशित है जितनी अपेक्षा है उतना ही सम्मान नहीं मिल पाया इसलिए आज मानव दुखी और आवेशित है.

श्रीमती सुचित्रा श्रीवास्तव दीदी जी ने बताया कि आज शिक्षा का सिलेबस सम्बन्ध और व्यवहार की शिक्षा नहीं दे पा रहा है हमारी अपेक्षा बनी रहती है कि बच्चे का व्यवहार अच्छा हो. जैसे जैसे धन और सुविधाए बढ़ी है वैसे वैसे सम्बन्ध, व्यवहार और नैतिकता कम होते जा रहे है. ाा महावीर अग्रवाल भैय्या जी द्वारा बताया गया कि बच्चो मे सीखने और समझने की शुरुआत जन्म के साथ ही आरम्भ हो जाता है बच्चो मे आगामी 10 वर्ष तक अनुसरण, अनुकरण, आज्ञापालन, अनुशासन और स्वनुशासन के माध्यम से सबसे अधिक सीखना होता है बच्चा जब पैदा होता है तो अपने आस पास के वातावरण परिवार के लोगो को देखकर उनके हाव भाव के अनुसार जैसा बड़े करते है वैसा ही नकल बच्चा भीं करता है बड़ो का कॉपी करता है।

## वन स्थाई समिति की बैठक संपन्न

**कवर्धा ( समय दर्शन )।** वर्ष 2025-26 के कार्यों की समीक्षा, राजसात वाहनों की स्थिति, चक्रीय निधि की राशि पर विस्तृत चर्चा की गई। संलग्न अधिकारी कीर्तिवर्धन ने पावर पॉइंट प्रस्तुति के माध्यम से इन सभी बिंदुओं पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि संयुक्त वन प्रबंधन समितियों में उपलब्ध राशि का उपयोग निम्नानुसार किया जाता है। उपलब्ध राशि का 60 प्रतिशत आय एवं रोजगार मूलक कार्यों (मछली पालन, बकरी/मुर्गी पालन, मधुमक्खी पालन, बांस शिल्प, ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण आदि) में, 20 प्रतिशत राशि सिंचाई विकास (स्टॉप डैम मरम्मत, नहर/नाली सफाई, तालाब निर्माण) में, 10 प्रतिशत राशि अधोसंरचना विकास (रपट/पुलिया, मंच, सामुदायिक भवन, बाउंड्रीवाल, सोलर लाइट आदि) में 10 प्रतिशत राशि पेयजल व्यवस्था (बोर खनन, हैंडपंप, नल-जल योजना) में व्यय की जाती है।



वर्ष 2025-26 के दौरान उक्त राशि का उपयोग विभिन्न परिक्षेत्रों में रोजगार, सिंचाई एवं अधोसंरचना संबंधी कार्यों में किया गया है। कवर्धा वनमंडल के अंतर्गत विभिन्न उप वनमंडलों में लगभग 8 राजसात वाहन उपलब्ध हैं, जिनके नियमानुसार निर्वतन की कार्यवाही की जा रही है। चक्रीय निधि के अंतर्गत हितग्राहियों एवं समितियों को विभिन्न प्रकार के ऋण (वाहन ऋण, गल्ला खरीद, मड हाउस, समूह ऋण, बकरी पालन, एस.एच.जी. आधारित आजीविका आदि) प्रदान किए जाते हैं। इन ऋणों पर 4 प्रतिशत वार्षिक ब्याज दर से 5 वर्षों की अवधि में मासिक किस्त (ईएमआई) के माध्यम से भुगतान की व्यवस्था है। वनमंडलाधिकारी निखिल अग्रवाल ने समिति के सभापति एवं सभी सदस्यों से इस योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार एवं जनजागरूकता बढ़ाने का अनुरोध किया गया, ताकि अधिक से अधिक हितग्राही इसका लाभ उठा सकें। बैठक में समिति के सभापति राजकुमार मेरावी एवं जिला पंचायत सदस्य लोकचंद साहू ने चक्रीय निधि के अंतर्गत वितरित ऋणों की समय पर वसूली सुनिश्चित करने हेतु संबंधित ऋणधारियों को नोटिस जारी करने एवं शेष राशि शीघ्र जमा कराने का सुझाव दिया, जिससे अन्य हितग्राहियों को भी लाभ मिल सके। साथ ही सरोधा जलाशय क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने हेतु श्रमिकों की नियुक्ति, अवैध गतिविधियों की रोकथाम एवं अतिक्रमणकारियों को तत्काल बेदखल करने के निर्देश दिए गए। वनों को अग्नि से सुरक्षित रखने हेतु सभी स्तरों पर समन्वित प्रयास करने पर सहमति बनी। इसके अतिरिक्त किसान वृक्ष मित्र योजना के अंतर्गत अधिकाधिक पौधारोपण करने तथा वन क्षेत्रों के समीप रहने वाले ग्रामीणों से पशु चराई हेतु वन क्षेत्र में प्रवेश न करने की अपील की गई। बैठक में राजकुमार मेरावी (सभापति, वन स्थाई समिति), रूप सिंह धुर्वे (जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि), महेन्द्र धृतलहरे (जिला अध्यक्ष, अनुसूचित जाति मोर्चा), श्रीमती राजेश्वरी धृतलहरे (जिला पंचायत सदस्य), श्रीमती ललिता रूप सिंह धुर्वे (जिला पंचायत सदस्य), अभिनव केशरवानी (उप वनमंडलाधिकारी, कवर्धा), सुयशधर दीवान (उप वनमंडलाधिकारी, पंडरिया), शिवेन्द्र भगत (उप वनमंडलाधिकारी, सहसपुर लोहारा), श्रीमती अनीता साहू (अधीक्षक, भोरमदेव अभ्यारण्य) सहित अनेक अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## असिस्टेंट सब-इंस्पेक्टर ट्रेनिंग पूरा कर लौटी श्रद्धा कर्ष, पंचायत परिवार ने साल-श्रीफल से किया भव्य स्वागत



**बिर्रा ( समय दर्शन )।** ग्राम पंचायत बिर्रा की होनहार बेटी श्रद्धा कर्ष ने रायपुर चन्द्रखुरी पुलिस अकादमी से असिस्टेंट सब-इंस्पेक्टर (ॠस्ढ्ढ) की ट्रेनिंग सफलतापूर्वक पूरी कर गृह ग्राम लौट आईं। उनके इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर पूरे पंचायत परिवार ने उनके घर पहुंचकर साल और श्रीफल भेंट कर हर्षोल्लास से स्वागत किया। श्रद्धा कर्ष ने बताया, हमारा परिवार बेहद गरीब है। इस मुकाम तक पहुंचना आसान नहीं था, लेकिन कड़ी मेहनत और लगन से मैंने इसे हासिल किया। इस सफलता का पूरा श्रेय मेरे माता-पिता को जाता है। स्कूल के दिनों से ही मेहनती श्रद्धा की यह उपलब्धि ग्रामीण युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत बनी हुई है। सरपंच पीली बाई साहू ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि श्रद्धा बचपन से ही परिश्रमी रही हैं। उनकी यह सफलता पूरे गांव का गौरव बढ़ाती है। ग्रामीण स्तर पर ऐसी बेटियां हमारी शान हैं। पंच वार्ड क्रमांक 09 के सदस्य एवं निर्माण एवं विकास कार्य समिति के अध्यक्ष एकांश पटेल ने कहा की इस उपलब्धि से बिर्रा गांव का नाम रोशन हुआ है। पंचायत परिवार ने श्रद्धा को हार्दिक बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर पीली बाई साहू (सरपंच ग्राम पंचायत बिर्रा),एकांश पटेल (पंच वार्ड क्रमांक 09 एवं अध्यक्ष निर्माण एवं विकास कार्य समिति ग्राम पंचायत बिर्रा),छत बाई कर्ष,गोपाल कश्यप,जगदीश बंजारे,मधुराज प्रधान,बलराम कश्यप,छोटेलाल कैवर्त्य,प्रकाश देवांगन, बूंदराम यादव,राधेश्याम केशरवानी,कमला प्रसाद, बुदेश देवांगन,भोला देवांगन सहित पूरे पंचायत बॉडी उपस्थित थे।

## मनीष गौतम को शहर कांग्रेस में महामंत्री की जिम्मेदारी

**राजनांदगांव ( समय दर्शन )।** शहर जिला कांग्रेस कमेटी की नई कार्यकारिणी में कांग्रेस नेता मनीष गौतम को महामंत्री का दायित्व सौंपा गया है। दो अप्रैल को घोषित कार्यकारिणी में उनकी नियुक्ति के बाद संगठन में उत्साह का माहौल है।



मनीष गौतम लंबे समय से कांग्रेस संगठन में निचले स्तर से बुथ अध्यक्ष, वार्ड प्रभारी, सेक्टर प्रभारी, जोन प्रभारी, मतदान एजेंट, मतगणना एजेंट तथा पिछले कार्यकाल में संयुक्त महामंत्री के साथ शहर कांग्रेस खेलकूद प्रकोष्ठ के शहर अध्यक्ष की भी अहम भूमिका उन्होंने पूरी निष्ठा के साथ निर्वाह किया। पार्टी द्वारा समय-समय पर दी गई जवाबदारियों को बखूबी निभाते आ रहे हैं और करीब दो दशक से सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। संगठनात्मक गतिविधियों के साथ ही वे धार्मिक और सामाजिक कार्यों में भी सक्रिय रहे हैं। पूर्व में हॉकी के राष्ट्रीय खिलाड़ी भी रहे हैं और हॉकी खिलाड़ियों को प्रशिक्षण देकर राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी भी उन्होंने तैयार किए हैं, सिटी स्पोर्ट्स क्लब, बाडी बिल्डिंग संघ सहित विभिन्न संस्थाओं के माध्यम से समाज सेवा से उनका जुड़ाव है। नियुक्ति के बाद वरिष्ठ नेताओं ने उन्हें शुभकामनाएं दी हैं, वहीं समर्थकों और शुभचिंतकों ने हर्ष व्यक्त किया है। संगठन में उनकी सक्रियता और अनुभव को देखते हुए उन्हें महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई है। मनीष गौतम ने नियुक्ति पर प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज, नेता प्रतिपक्ष चरण दास महंत, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव, प्रदेश महामंत्री मलकित सिंह गैंदू सहित वरिष्ठ नेताओं के प्रति भी आभार जताया है। साथ ही शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार को भी धन्यवाद दिया है। उन्होंने कहा कि संगठन ने जो जिम्मेदारी सौंपी है, उसे पूरी निष्ठा और सक्रियता के साथ निभाया जाएगा तथा पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा।

## देवी कुर्रे गैंग का सीपत एनटीपीसी राखड़ डेम मे गुंडागर्दी चरम पर

**ग्रामीणों और सुपरवाइजर द्वारा एक ट्रेलर मे अनेक नेम प्लेट के सवाल पर किया गया जमकर पिटाई सांथ ही ग्राम हरदा तक दौड़ाया**

**सीपत पुलिस ने किया एफआईआर दर्ज**

**बिलासपुर ( समय दर्शन )।** जिले के एनटीपीसी सीपत के राखड़ डेम-02 में 'नंबर प्लेट का खेल' उजागर करने की कोशिश एक सुपरवाइजर को भारी पड़ गई। हाइवा के आगे-पीछे दो अलग-अलग नंबर देखकर सवाल पूछते ही देवी प्रसाद कुर्रे अपने साथियों के साथ टूट पड़ा। गाली-गलौज, लात-घूंसे और जान से मारने की धमकी के बाद आरोपियों ने पीड़ित का ग्राम हरदा तक पीछा किया। मामला अब सीपत थाने पहुंचा है और सीपत पुलिस ने क्र्हस की 4 धाराओं में अपराध दर्ज कर ली है।

**आगे दूसरा और पीछे दूसरा ट्रेलर पर गाड़ी का नेम प्लेट ... पूछा तो भड़क गया 'मालिक'**

ग्राम गतोरा निवासी ट्रैफिक मार्शल सुपरवाइजर ड्यूटी पर था, तभी हाइवा क्रमांक (छत्र 13 स 1914) राख लोड करने आया। गौर किया तो आगे एक नंबर और पीछे दूसरा नंबर (10 क्छु 9657) चस्पा था। बस, इतना पूछना था कि चालक ने मालिक देवी प्रसाद कुर्रे को फोन कर बुला लिया। और उक्त राखड़ डेम के पास देवी कुर्रे अपने दर्जन भर से ज्यादा साथियों प्रिंस कुर्रे, दारा सिंह के साथ बाइक पर आ धमका और आते ही ग्रामीणों को गन्दी-गन्दी माँ बहन कि गालियां देते हुए चिल्लाया — मेरे हाइवा को रोकने वाला तू कौन होता है ? बातों ही बातों में गले और पी पर मुक्के बरसाने लगे। और जान से मार देंगे। बोलकर धमकी दिया गया

**साथी पहुंचे तो भागे, लेकिन ग्राम हरदा तक पीछा कर किया गया पिटाई**

सुपरवाइजर प्रदीप कुमार राठौर और संदीप लहरे को फोन किया। साथियों को आता देख आरोपी फरार हो गए, लेकिन मामला यही शांत नहीं हुआ । प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि देवी कुर्रे गैंग ने हरदा तक पीछा किया, गालियां दीं और गांव मे ही घुसकर बेरहमी से




मारपीट किया । तब पीड़ित लोंग रेवा शंकर साहू के पास पहुंचे, तब जाकर कही जान बची।

प्रदीप का आरोप है कि पहले भी चोरी के भारी वाहन पकडे जा चुके है कई बार धमकी मिल चुकी है। जिसके बावजूद एनटीपीसी के अधिकारी ऐसे फर्जी कार्य करने वालो के ऊपर कार्यवाही करवाने के बजाए देवी कुर्रे जैसे फ्राड लोगो को संरक्षण दे कर फर्जीवाड़े को अंजाम दिया जा रहा।

## भाजपा स्थापना दिवस को लेकर बिंद्रानवागढ़ मंडल की कार्ययोजना बैठक सम्पन्न

**गरियाबंद ( समय दर्शन )।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश व जिला नेतृत्व के निर्देशानुसार 6 अप्रैल को मनाए जाने वाले भाजपा स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में बिंद्रानवागढ़ मंडल की कार्ययोजना बैठक जिला कार्यालय गरियाबंद में आयोजित की गई। बैठक में संगठन को बूथ स्तर से लेकर जिला स्तर तक अधिक सशक्त एवं सक्रिय बनाने को लेकर विस्तृत रणनीति तैयार की गई।



बैठक में मंडल प्रभारी सुरेन्द्र सोनटेके ने स्थापना दिवस के कार्यक्रमों एवं संगठनात्मक गतिविधियों की विस्तार से जानकारी दी इस दौरान मंडल के वरिष्ठ नेता,जिला पदाधिकारी,मंडल पदाधिकारी, कार्यसमिति सदस्य,मोर्चा पदाधिकारी,शक्ति केंद्र प्रभारी,संयोजक,सह संयोजक,बूथ अध्यक्ष सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

बैठक में निर्णय लिया गया कि जिला स्तरीय सक्रिय कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया जाएगा, जिसमें कार्यकर्ताओं को संगठन की नीतियों, योजनाओं और आगामी गतिविधियों की जानकारी दी जाएगी तथा उन्हें सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया जाएगा। इसके साथ ही प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के चयनित 50 बड़े ग्रामों में गांव चलो, बस्ती चलो अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान के तहत कार्यकर्ता गांव-गांव और बस्तियों में पहुंचकर आमजन से संवाद करेंगे, केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देंगे और संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करेंगे।

बैठक में यह भी तय किया गया कि जिले के सभी बूथों में भाजपा का स्थापना दिवस उत्साह और गरिमामय तरीके से मनाया जाएगा। इस अवसर पर बूथ स्तर पर ध्वजारोहण, संगठन के इतिहास एवं विचारधारा पर चर्चा तथा कार्यकर्ताओं का सम्मान जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

बैठक को संबोधित करते हुए मंडल प्रभारी सुरेन्द्र सोनटेके ने कहा कि संगठन की असली ताकत बूथ स्तर के कार्यकर्ता होते हैं। स्थापना दिवस के अवसर पर प्रत्येक बूथ में कार्यक्रम आयोजित कर संगठन के इतिहास और विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाना सभी कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है। साथ ही गांव चलो, बस्ती चलो अभियान और सक्रिय कार्यकर्ता सम्मेलन को सफल बनाने के लिए सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से समन्वय के साथ कार्य करने का आह्वान किया गया।

## संक्षिप्त-खबर

### सुबह मौसम ने बदली करवट, झमाझम बारिश हुई



**पाटन ( समय दर्शन )।** रविवार की सुबह अचानक मौसम ने करवट बदल ली और क्षेत्र में हल्की बारिश ने लोगों को गर्मी से राहत दिलाई। सुबह के समय आसमान में घने बादल छा गए, जिसके बाद सेलूद सहित आसपास के इलाकों में गरज के साथ बारिश शुरू हो गई।

करीब 10 मिनट तक तेज बूंदाबांदी होती रही, जिससे तापमान में गिरावट दर्ज की गई और लोगों ने राहत की सांस ली। अचानक बदले मौसम से जहां एक ओर मौसम सुहावना हो गया, वहीं किसानों के चेहरे पर भी हल्की मुस्कान देखने को मिली।

### ललित मरकाम बने शहर कांग्रेस प्रवक्ता, कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल



**राजनांदगांव ( समय दर्शन )।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के अनुमोदन के बाद शहर कांग्रेस कमेटी की नई कार्यकारिणी की घोषणा कर दी गई है। शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार के प्रस्ताव और प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैंदू के मार्गदर्शन में जारी इस कार्यकारिणी में वरिष्ठ कांग्रेस नेता ललित मरकाम को शहर कांग्रेस कमेटी का प्रवक्ता नियुक्त किया गया है।

ललित मरकाम लंबे समय से कांग्रेस से जुड़े हैं और विभिन्न सामाजिक-पॉलिटिकल गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। उनकी प्रभावशाली वक्तृत्व क्षमता और जनहित के मुद्दों को मजबूती से उठाने की कला को देखते हुए संगठन ने उन्हें यह अहम जिम्मेदारी सौंपी है। अपनी नियुक्ति पर मरकाम ने कहा, मैं पार्टी की नीतियों और विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने में पूरी निष्ठा और ईमानदारी से काम करूंगा। संगठन को मजबूत बनाना और आमजन की आवाज प्राथमिकता देना मेरा मुख्य लक्ष्य रहेगा।

मरकाम की नियुक्ति से क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ताओं में खुशी का माहौल है। बधाई देने वालों में शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार, पूर्व अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा, नासिर जिंद्रान, विमल अग्रवाल, बबलू कसार, राजू खान, चेतन भानुशाली, विशु अजमानी, ऋषि शास्त्री, संजय साहू, शुभम कसार, जय जायसवाल सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल रहे।

### अमरकोट धान उपार्जन केन्द्र में शासन को करोड़ों रूपये की क्षति पहुचाने वाले आरोपी गिरफ्तार



**सरायपाली ( समय दर्शन )।** शासन को करोड़ों रुपए का चुना लगाकर नौ दो ग्यारह होने वाले धान खरीदी केंद्र प्रभारी और उसका साथी को पुलिस ने आखिरकार गिरफ्तार करने में कामयाब हुई आपको बता दे कि मामला दिनांक 20.05.2025 को प्रार्थी अमृत लाल जगत पिता उत्तम जगत उम्र 53 वर्ष निवासी जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित रायपुर के द्वारा दिनांक 20.05.2025 को आरोपी 01- कार्तिकेश्वर यादव निवासी मुंधा, 02- तेजराम पटेल निवासी चकरदा, 03- राजेन्द्र पटेल निवासी चकरदा सभी थाना सरायपाली जिला महासमुंद छ0ग0 के विरूद्ध धान उपार्जन केन्द्र अमरकोट के भौतिक सत्यान धान खरीदी वर्ष 2024-25 में बारदानों की संख्या 14221 में भौतिक सत्यापन करने पर 11416 बोरी धान कम पाया गया। बोरा के आधार पर प्रतिबोरा 40 किलो ग्राम प्रतिमानक बोरा के आधार पर 4566.40 क्विंटल प्रति क्विंटल 3100 रूपये की दर से 1,65,80,908 रूपये की शासन को आर्थिक क्षति की है कि जांच पर धान उपार्जन केन्द्र अमरकोट के प्रभारी कार्तिकेश्वर यादव निवासी मुंधा, बारदाना प्रभारी तेजराम पटेल निवासी चकरदा, एवं कम्प्यूटर आपरेटर राजेन्द्र पटेल निवासी चकरदा को दोषी पाये जाने के लिखित आवेदन पर अपराध कायमी कर विवेचना में लिया गया।

आरोपी राजेन्द्र पटेल के द्वारा दिनांक 02.02.2026 को माननीय न्यायालय के समक्ष आत्म समर्पण किया था एवं प्रकरण के अन्य दो आरोपी 01- कार्तिकेश्वर यादव निवासी मुंधा, 02- तेजराम पटेल निवासी चकरदा कायमी दिनांक से लगातार फरार थे। दोनो आरोपियो लगातार दबिश दी जा रही थी, किन्तु दोनों आरोपियों का कहीं पता नहीं चल रहा था। तकनीकी जांच सहायता से दोनों के संबंध में जानकारी प्राप्त होने पर आज दिनांक 03.04.2026 कार्तिकेश्वर यादव पिता हरिशचन्द यादव उम्र 56 निवासी मुंधा थाना सरायपाली जिला महासमुंद व तेजराम पटेल पिता कुशलाल पटेल उम्र 33 वर्ष निवासी चकरदा, दोनों फरार आरोपियों को विधिवत् गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है।

स्वामित्वधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक रोहित खड़तकर द्वारा समय दर्शन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स ग्राम छाटा, पोस्ट देवादा, तहसील पाटन, जिला दुर्ग ( छ.ग. ) 491111 से मुद्रित कर बी-4, प्रेस काम्प्लेक्स, इंदिरा मार्केट, दुर्ग छ.ग. 491001 से प्रकाशित। संपादक :- रोहित खड़तकर,
समाचार संपादक : दामोदर राव, फोन नं.-0788-4051213, मो. 9827104452, रायपुर कार्यालय:-0771-4218364, ईमेल - samay.darshan191@gmail.com पं. क्र. CHHHIN/2011/41517 डाक पंजीयन क्रमांक छ.ग./दुर्ग/61/2024-26